हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 08.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 280 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### नाव हादसे में 5 की मौत, 1 लापता

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में यमुना नदी में नाव पलटने से हुई घटना में चार बच्चों एवं एक महिला की मौत हो गई है। पांचों के शव बरामद कर लिए गए हैं। नाव पर 9 लोग सवार थे। इसमें तीन लोगों को बचा लिया गया था, जबकि एक अभी भी लापता है। लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव के राजू निषाद की बेटी की शादी बीते मंगलवार को हुई थी। शादी समारोह में कई गांवों से रिश्तेदार परिवार समेत शामिल होने आए थे। बुधवार को दुल्हन की विदाई की रस्में संपन्न कराने के बाद राजू के रिश्तेदारी में आए नौ लोगों ने खरबूजा खाने की जिद की। निषाद बिरादरी के लोगों ने गर्मी के सीजन में यमुना नदी की रेत पर खरबूजा और तरबूज की खेती तैयार की थी। बुधवार की शाम गांव का विष्णु निषाद नाव से सभी लोगों को खरबूजा खिलाने ले गया।

### पीएलएफआई के 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के मुरहू जंगल में छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन हार्डकोर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआई के पर्चे, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी किसी बड़ी घटना की योजना बनाने के लिए जंगल में जुटे हैं। ऐसी सूचना के आधार पर एसडीपीओ तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में सैमुएल गुड़िया, धीरज स्वांसी और सुनिल स्वांसी शामिल हैं। पूछताछ में तीनों ने कर्रा थाना क्षेत्र में रेलवे कार्य में लगे वाहनों पर फायरिंग और आगजनी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही तोरपा क्षेत्र में गैस वाहन पर गोलीबारी की घटना में भी शामिल होने की बात कबूली है।

# महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरा झामुमो: पूरे राज्य में जोरदार प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ आज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में झामुमो कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। इस धरना-प्रदर्शन में केंद्रीय समिति सदस्य अंतु तिर्की, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशुतोष, रांची जिला और महानगर समिति के पदाधिकारी, वार्ड और प्रखंड समितियों के सदस्य सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इन प्रमुख मुद्दों पर झामुमो का प्रहार

झामुमो ने आंकड़ों के साथ केंद्र सरकार की घेराबंदी की

- छोटे गैस सिलेंडर: रु. 261 की वृद्धि (गरीबों और दिहाड़ी मजदूरों पर सीधा प्रहार)।
- कमर्शियल सिलेंडर: रु. 993 की भारी वृद्धि (होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर बोझ)।
- घरेलू सिलेंडर: रु. 60-61 की बढ़ोतरी।

### एलपीजी की मार: चाय से लेकर थाली तक सब महंगा

मुश्ताक आलम ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा कि कमर्शियल और घरेलू गैस के दाम बढ़ने से आम आदमी का निवाला महंगा हो गया है। रांची में जो मजदूर 20-30 रुपये में पेट भर खाना खा लेते थे, अब उन्हें 40 से 60 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। 10 रुपये में मिलने वाली चाय की प्याली अब 20 रुपये की हो गई है।

### किचन पर हमला बर्दाश्त नहीं: अंकिता वर्मा

प्रदर्शन में शामिल झामुमो नेत्री अंकिता वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार का सीधा हमला अब महिलाओं के किचन पर है। गैस सिलेंडरों की किल्लत और बढ़ती कीमतों ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है, जिससे उनके पास सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

### जनता से चुनावी खर्च वसूल रही भाजपा - मुश्ताक आलम

रांची जिला झामुमो के संयोजक मुश्ताक आलम के नेतृत्व में समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना दिया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा केंद्र की गलत नीतियों का खामियाजा आज देश और राज्य की मध्यम वर्गीय जनता भुगत रही है। भाजपा ने तीन राज्यों के चुनाव में जो करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए हैं, अब उसकी वसूली आम जनता की जेब से महंगाई बढ़ाकर की जा रही है। झामुमो हमेशा जनसरोकार के मुद्दों पर गंभीर रहा है और आगे भी जनता की आवाज उठाता रहेगा।

### वंडर बॉय 'इशांक' की सीएम से मुलाकात, 5 लाख की सम्मान राशि से नवाजा, कहा

# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की खेल प्रतिभा ने एक बार फिर दुनिया के नक्शे पर अपनी चमक बिखेरी है। रांची के मात्र सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह ने भारत और श्रीलंका के बीच स्थित चुनौतीपूर्ण पाल्क स्ट्रेट को पार कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित आवासीय कार्यालय में इशांक को सम्मानित किया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इशांक की सफलता पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। इतनी कम उम्र में ऐसा दृढ़ संकल्प युवाओं के लिए प्रेरणा है। सरकार राज्य के खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में तैराकी की सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जाए ताकि इशांक जैसे प्रतिभावान बच्चों को और बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सके।



### सम्मान में भेंट किया 5 लाख का चेक

मुख्यमंत्री ने इशांक सिंह की एतिहासिक सफलता की सराहना करते हुए उन्हें 5 लाख रुपए का चेक, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किया। इशांक ने 30 अप्रैल 2026 को लगातार 9 घंटे 50 मिनट तक तैरकर 29 किलोमीटर की दूरी तय की और यह कीर्तिमान स्थापित किया।

### कोच और परिजनों का भी हुआ सम्मान

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने इशांक के माता-पिता और उनके कोच को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, खेल सचिव मुकेश कुमार और तैराकी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

झारखंड के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत से विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हमारी सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। – मुख्यमंत्री



# विधानसभा भंग, पर ममता का इस्तीफे से इनकार




राज्यपाल के पास पहुंची चुनाव आयोग की फाइल

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में आज एक ऐसा मोड़ आ गया है जिसकी कल्पना शायद ही किसी ने की थी। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 7 मई, 2026 को समाप्त हो गया, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब तक अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया। चुनाव परिणामों में भाजपा की प्रचंड जीत और खुद ममता बनर्जी की अपनी सीट पर हार के बावजूद, उन्होंने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोकभवन जाने से मना कर दिया है।

### राज्यपाल की भूमिका और संवैधानिक स्थिति

विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही तकनीकी रूप से सदन भंग हो गया। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात कर चुनाव परिणामों की आधिकारिक अधिसूचना सौंप दी है।
**अनुच्छेद 164:** संविधान के जानकारों के मुताबिक, मुख्यमंत्री राज्यपाल के 'प्रसादपर्यंत' पद पर रहती हैं। यदि बहुमत खोने के बाद भी मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं देती हैं, तो राज्यपाल उन्हें बर्खास्त करने का अधिकार रखते हैं।
बहुमत वाली पार्टी होने के नाते भाजपा 9 मई को (रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर) नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की योजना बना रही है।

# मुख्यमंत्री ने भारतीय डेफ क्रिकेट टीम को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में भारतीय डेफ (बधिर) क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों और झारखंड डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने नेपाल को हराकर सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी और सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।
गौरतलब है कि टाटा डिगवाडीह स्टेडियम, धनबाद में आयोजित डेफ क्रिकेट टूर्नामेंट/सीरीज के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने नेपाल को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को देश और विशेष रूप से झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया।
मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय टीम में झारखंड के कई खिलाड़ियों का शामिल होना और उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन राज्य की खेल क्षमता, समर्पण और प्रतिभा का जीवंत प्रमाण है। राज्य सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री से मिलने वालों में झारखंड डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रंजीत कुमार, टीम के कप्तान सोनू सिंह, खिलाड़ी रुस्तम हुसैन, शोएब अख्तर, दीपक कुमार और अनुवादक रीमा साहु मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

# शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ की हत्या नंदीग्राम समेत कई इलाकों में हिंसा

एजेंसी

**कोलकाता/हल्दिया :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद राजनीतिक हिंसा का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ की हत्या की खबर से पूरे राज्य में सनसनी फैल गई है। यह घटना तब सामने आई है जब राज्य में सरकार गठन को लेकर पहले से ही भारी संवैधानिक संकट बना हुआ है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चंद्रनाथ का शव गुरुवार सुबह पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक सुनसान इलाके से बरामद किया गया। उनके शरीर पर गहरे जख्मों के निशान पाए गए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उनकी बेरहमी से हत्या की है। शुभेंदु अधिकारी ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'लोकतंत्र की हत्या' और 'प्रतिशोध की राजनीति' करार दिया है।

# बिहार मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

### नवनियुक्त मंत्रियों ने ली शपथ, पीएम मोदी और सीएम सम्राट चौधरी रहे मौजूद

एजेंसी

**पटना :** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में नवनियुक्त मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली इस नई टीम के शपथ ग्रहण ने राज्य में एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरूआत कर दी है।
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने मंच पर एक-एक कर सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों



में अनुभव और युवा जोश का अनूठा संगम देखने को मिला।
मंत्रिमंडल में निशांत कुमार, श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, लेसी सिंह, राम कृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, अशोक चौधरी, भगवान सिंह कुशवाहा, श्रेयसी सिंह, डॉ. संतोष कुमार सुमन, मो. जमा खान और नंद किशोर राम समेत कुल 31 दिग्गजों ने शपथ ली।
गांधी मैदान में आयोजित इस समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मौजूद रहे।

सूची पेज 09 पर

# ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ: 'आतंकी ठिकानों के लिए अब पाकिस्तान में कोई जगह सुरक्षित नहीं' : भारतीय सेना

एजेंसी

**जयपुर :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने पर भारतीय सेना ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ हुंकार भरी है। सेना ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान महज एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की नई रणनीतिक नीति की शुरूआत है। जयपुर स्थित साउथ वेस्टर्न कमांड में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना, वायुसेना और नौसेना के आला अधिकारियों ने दो टूक कहा कि अब सीमा पार कोई भी आतंकी ठिकाना भारत की पहुंच से दूर नहीं है।




प्रेस वार्ता के दौरान सैन्य अधिकारियों ने पिछले वर्ष की गई इस बड़ी कार्रवाई के आंकड़े साझा किए। पाकिस्तान के 9 प्रमुख आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। दुश्मन के 11 एयरफील्ड तबाह किए गए और 13 विमानों को मार गिराया गया (जिसमें एक एयर वार्निंग विमान भी शामिल था)। इन हमलों में 100 से अधिक आतंकी मारे गए। बाद में हुई झड़पों में पाकिस्तान के 100 से अधिक सैनिकों के मारे जाने की भी पुष्टि हुई।
लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने दुष्यंत कुमार की पंक्तियों सिर्फ हंगामा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए के जरिए भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत आज सेना 65% स्वदेशी उपकरणों का उपयोग कर रही है, जिससे हमारी मारक क्षमता कई गुना बढ़ गई है।
एयर मार्शल अवधेश कुमार ने बताया कि 7 मई 2025 की सुबह की गई कार्रवाई बेहद सटीक थी। भारत ने दिखा दिया कि जब संयम को कमजोरी समझा जाता है, तब निर्णायक प्रहार जरूरी हो जाता है। उन्होंने गर्व से कहा कि इस पूरे अभियान में भारत के किसी भी सैन्य या नागरिक ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुँचा।

# दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ने रचा इतिहास, तीनों संकाय में 100 प्रतिशत रिजल्ट, साइंस में रूबी 434 अंक लाकर बनी टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** जैक इंटर का रिजल्ट आते ही हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट में खुशी की लहर दौड़ गई। संस्थान ने तीनों संकाय- साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर पूरे क्षेत्र में परचम लहराया है।

**तीनों संकाय के चमके सितारे:**
साइंस टॉपर: डूमरडीहा निवासी रूबी कुमारी, पिता उमेश यादव ने 434 अंक लाकर संस्थान और +2 हाई स्कूल बरही, दोनों जगह पहला स्थान हासिल किया।
कॉमर्स टॉपर: प्रिया कुमारी 411 अंकों के साथ संस्थान में अव्वल रहीं और अपने विद्यालय में दूसरा स्थान पाया।
आर्ट्स टॉपर: सपना कुमारी ने 389 अंक लाकर संस्थान में टॉप किया और विद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया।



साइंस में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र:
रूबी कुमारी 434, मुस्कान कुमारी 417, प्रिंसी कुमारी 403, प्रिया कुमारी 394, सामिया अफिरन 386, मीनाक्षी कुमारी 381, शंसाह परवीन 375, कली कुमारी 376, शिवानी कुमारी 367, अनुराधा कुमारी 362, स्वाति कुमारी 352, रौनक खातून 349 समेत 22 से अधिक छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई।

**कॉमर्स में भी दबदबा**
प्रिया कुमारी 411, कृति कुमारी 406, अमित कुमार यादव 392, सिमरण कुमारी 378, शिवम कुमार 373, काजल कुमारी 367, प्रिंस वर्मा 362, सुरंची कुमारी 346, मोहित कुमार 336, ऋषि कुमारी 334, परिचित कुमार 333, प्रथम केशरी 325 ने बेहतरीन अंक हासिल किए।

**आर्ट्स में बेटियों का जलवा**
सपना कुमारी 389, चंदन कुमार 367, सना परवीन 366, रागनी प्रिया 356, मनीषा कुमारी 355, अनामिका कुमारी 354, अंशु कुमारी 348, अलका कुमारी 342, सृष्टि कुमारी 342, अनूपा कुमारी 346, दृष्टि पांडेय 340, आकाश कुमार साव 338 सहित 25 छात्रों ने संस्थान का मान बढ़ाया। रिजल्ट के बाद संस्थान के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से बधाई दी। संस्थान संचालक अरुण शर्मा ने कहा, "बच्चों ने मेहनत से संस्थान के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इसी तरह आगे भी मेहनत करते रहो और अपने सपनों को साकार करो। कुंदन शर्मा ने बताया कि संस्थान में अनुभवी शिक्षकों द्वारा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं की कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

## झारखंड कॉलेज के सौरभ राज इंटर साइंस परीक्षा में प्रखंड टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड कॉलेज बड़कागांव के परीक्षार्थियों ने साइंस ,कॉमर्स एवं आर्ट्स संकाय के इंटर परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन किया। साइंस में सौरभ राज 469अंक लाकर प्रखंड टॉपर हुवा। कॉलेज सेकेंड टॉपर करण कुमार 422अंक ,सोनू कुमार 392 अंक, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा अनुज कुमार दांगी 373 अंक, लुबना निशांत 351 अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया । वहीं आर्ट्स मे आनंद कुमार 418 अंक लाकर कॉलेज टॉपर रहा,नेहा कुमारी 399 अंक चितरंजन कुमार 360 अंक, सिफा नाज 359 अंक,दिनेश कुमार 355 अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। तथा कॉमर्स में इन्शान जमाल 349 अंक, मून कुमारी 359 अनल फातमा 313 अंक



, रितेश कुमार 314 अंक प्राप्त किया। इस प्रकार झारखण्ड महाविद्यालय के द्वारा 99% परीक्षार्थी सफल हों कर अपना और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस सफलता पर कॉलेज प्राचार्य बिनोद यादव, शिक्षक शमसेर अंसारी, रंजीत कुमार, मो इब्राहिम, कुलदीप कुमार, सूरज दास, धर्मनाथ महतो, मो मोदसर, सत्य नारयण कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अनुसूचित जाति किसानों के बीच आईसीएआर ने बांटे मुफ्त बीज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियां करमा द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना की एससी के अंतर्गत एससी जाति के लिए बड़कागाँव प्रखंड अंतर्गत ग्राम सांढ़ पंचायत के हरिजन मुहल्ला महावीर मंदिर के प्रांगण में किसानों के बीच भिंडी, करेला,छिंगी परौर, सब्जी के उन्नत किस्म के बीज मुफ्त में वितरण किया गया। पंचायत से जुड़े किसान एकत्रित हुए और उनको खेती के नए तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमे आईसीएआर गोरिया करमा के तकनीकी अधिकारी डॉ. अरुण कुमार रजक के द्वारा प्रदान किया गया। तकनीकी अधिकारी डॉ.



अरुण कुमार रजक द्वारा किसानों को जानकारी दी गई। कि जो भी बीज किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है, ये सभी उन्नत किस्म के बीज हैं। और उपज के बाद इसको अगले वर्ष के लिए भी बीज रख सकते हैं तैयार कर सकते हैं। ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा उपज प्राप्त हो सके। वही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित बीओडी यशोदा देवी, किसान मित्र छटू महतो, किसान सुखदेव पासवान, कमली पासवान, आनंद कुमार पासवान, आशा देवी, संगीता पासवान ,रेखा देवी,उमेश पासवान, मिथिलेश पासवान, बिलवा देवी, कांति देवी, चैती देवी, संतोष भुईया, रामदेव राम एवं समस्त ग्रामीण किसान थे।

## राणी सती मंदिर में भक्ति और आस्था का दिखा अद्भुत संगम, महाआरती से भावविभोर हुए श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में 28वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन भक्ति, आस्था और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल मंगला आरती के साथ ही मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होने लगा। दादी के अलौकिक श्रृंगार, पाटा पूजन और विशेष पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालु दादी के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना करते नजर आए। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। फूलों से सजे मंदिर, घी के दीपों की जगमगाहट और जय दादी की के गूंजते जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा परिसर दादी की भक्ति में डूब गया हो। संध्या बेला में



आयोजित 13 सुहागन महिलाओं की भव्य महाआरती ने हर किसी को भावविभोर कर दिया। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी महिलाओं ने जब हाथों में दीप की थाली थामकर श्रद्धा और समर्पण के साथ दादी की आरती उतारी, तो मंदिर परिसर भक्ति और आस्था के अनुपम दृश्य का साक्षी बन गया। महाआरती में शामिल महिलाओं में शारदा खण्डेलवाल, मीता बगड़िया, संगीता बीजाका, आशा देवी, आशा जी खण्डेलवाल, कान्ता खण्डेलवाल, शशि सुरेका, अनिता शर्मा, मीनु खण्डेलवाल, डाली बुबना, सुहासिनी देवी, अंजु चौधरी एवं कुसुम देवी शामिल रहीं। आरती के दौरान श्रद्धालुओं की आंखों में आस्था और चेहरे पर भक्ति का भाव स्पष्ट झलक रहा था। दादी भक्त देर शाम तक दादी के भजनों पर झूमते रहे। मंदिर परिसर में गूंज रहे भक्ति गीतों और जय दादी की के जयकारों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। हर भक्त दादी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करता नजर आया।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया पहुंचे सांसद शिक्षकों की कमी दूर करने का दिया आश्वासन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में गुरुवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिंटू सोनी, प्रधानाध्यापक और विद्यार्थियों ने सांसद को मांग पत्र सौंपकर कक्षा नौवीं एवं दसवीं में शिक्षकों की कमी की समस्या से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर जल्द शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसी माह विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने की पहल की जाएगी। सांसद के आश्वासन से विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में खुशी देखी गई। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिंटू सोनी ने कहा कि विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है।

# बरही बीडीओ के खिलाफ प्रमुख समेत 15 पंचायत समिति के सदस्यों ने खोला मोर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड में पंचायती राज व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने 15 पंचायत समिति सदस्यों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपकर बीडीओ बरही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार, बिचौलिया राज और जनहित की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है।

**क्या है पूरा मामला:**
प्रमुख मनोज रजक ने पत्रांक 48, दिनांक 07.05.2026 के जरिए एसडीओ को बताया कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 72 के तहत पंचायत समिति की हर महीने बैठक अनिवार्य है, लेकिन



पिछले कई महीनों से एक भी नियमित बैठक नहीं बुलाई गई। वाट्सएप ग्रुप और फोन से बीडीओ से बार-बार अनुरोध करने पर भी बैठक नहीं हुई। इसे धारा 73 व 76 के तहत जनप्रतिनिधि के अधिकारों की अवहेलना बताया गया है। कई महीने से बैठक नहीं होने से स्थानीय स्वशासन व्यवस्था चरमरा गई है। बैठकें न होने से 15 वें वित्त आयोग की राशि खर्च नहीं हो पा रही, सभी पंचायतों के विकास कार्य रुके हैं। प्रखंड कार्यालय में आम नागरिकों के काम बेवजह लंबित रखे जा रहे हैं। जनता परेशान है और प्रशासन से विश्वास उठ रहा है। आरोप है कि कार्यालय में बिचौलियों का प्रभाव बढ़ गया है। बिना बिचौलियों के काम कराना असंभव हो गया है और आम जनता से अवैध धनराशि यानी घूस मांगी जाती है। पूर्व की मासिक बैठकों में पारित प्रस्तावों को भी बीडीओ लागू नहीं कर रहे। बीडीओ के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के मूल प्रावधानों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

**15 सदस्यों का समर्थन:**
प्रमुख के पत्र पर बरही प्रखंड के 15 पंचायत समिति सदस्यों ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इनमें प्रभु यादव, बसंती देवी, कलावती देवी, मो युसूफ, अपर्णा भारती, विकास सिंह, रेखा देवी, सुमिया देवी, मनोज कुमार यादव, रणधीर यादव, रेखा देवी, रौशन खातून। आयशा खातून। बिहारी महतो मो तैयब सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। सभी ने आरोपों को सही ठहराया है।

**6 सूत्री मांगें:**
प्रमुख व सदस्यों ने एसडीओ से तत्काल हस्तक्षेप कर पंचायत समिति की मासिक बैठक तत्काल नियमित कराने। संबंधित बीडीओ के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, प्रखंड कार्यालय में बिचौलिया प्रथा व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, लंबित जन कार्यों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने, भविष्य में अधिनियम व नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग शामिल है। पत्र में साफ कहा गया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रखंड प्रमुख व सभी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कार्यालय में धरना देंगे और बाध्य होकर उच्च प्रशासनिक व न्यायिक मंचों का सहारा लेंगे।

## एक नजर

### पंकरी बरवाडीह एनटीपीसी कट अप डेट को लेकर डीसी कार्यालय में बैठक आज

**बड़कागांव :** पंकरी बरवाडीह एनटीपीसी कट ऑफ डेट को लेकर डीसी कार्यालय में आज शुक्रवार को विशेष बैठक की जाएगी। उक्त आशय को लेकर पत्र जारी कर दी गई है। बैठक डीसी कार्यालय में आज 8 मई की शाम 5:00 बजे से शुरू होगी। बैठक में हजारीबाग उपायुक्त ,एनटीपीसी समेत जिले के कई वरीय पदाधिकारी शामिल रहेंगे। बताते चलें कि बड़कागांव युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा कट अप डेट में संशोधन को लेकर 100 से अधिक दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया था। कई बार समाधान के लिए आंदोलनकारीओं एवं प्रशासन के बीच अहम बैठक भी हुई। परंतु अब तक कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल पाया। प्रशासन के प्रयास से पुन: एक बार फिर बैठक आहूत की गई है। जिससे विस्थापित ग्रामीणों को उम्मीद जगी है।

### दुस्साहसिक वारदात अपाची सवार बदमाश 20 लाख के जेवर लेकर फरार



**चौपारण :** प्रखंड के महाराजगंज बाजार में बुधवार शाम हुई दुस्साहसिक चोरी की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी की बाइक की डिक्की से करीब 20 लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार महाराजगंज निवासी स्वर्ण व्यवसायी अलखदेव पोद्दार दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। प्रतिदिन की तरह उन्होंने कुछ कीमती जेवर बाइक की डिक्की में रख दिए और दुकान का शटर बंद कर ताला लगाने लगे। इसी दौरान काले रंग की अपाची बाइक पर सवार युवक मौके पर पहुंचे और बाइक की डिक्की खोलकर उसमें रखे जेवर लेकर तेज रफ्तार से इटखोरी की ओर फरार हो गए। पूरी घटना कुछ ही सेकंड में हुई। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए, जिसके बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर प्रसाद एवं चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार समेत स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। घटना के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

### फरार आरोपी इरफान अंसारी के घर चस्पा हुआ इश्तिहार



**बरही :** बरही थाना में दर्ज कांड संख्या 446/25 के प्राथमिकी अभियुक्त इरफान अंसारी के घर पर पुलिस ने बुधवार को इश्तिहार चिपकाया। आरोपी इरफान अंसारी, पिता हारून मियां, साकिन धनवार, थाना बरही, जिला हजारीबाग का रहने वाला है। न्यायालय के आदेश पर बरही पुलिस ने आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कर उसे निर्धारित तिथि तक कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। इस दौरान पुलिस ने गांव में मुनादी भी कराई।
बरही थाना प्रभारी ने बताया कि कांड दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। कई बार नोटिस भेजने के बावजूद वह हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय से इश्तिहार निर्गत कराया गया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि इश्तिहार चस्पा होने के बाद भी आरोपी तय समय पर आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके चल-अचल संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा का 60वां जत्था रवाना, बरसोत दुर्गा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ विदा हुए बुजुर्ग श्रद्धालु



**बरही :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की महत्वाकांक्षी "सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा" का 60वां जत्था गुरुवार को बरही विधानसभा के बरसोत पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ रवाना हुआ। हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को काशी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल की यात्रा के लिए विदा किया गया। रवाना होने से पहले सभी तीर्थ यात्रियों को पहचान पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, पानी और रहने की पूरी व्यवस्था सांसद की ओर से की गई है। इस पुनीत कार्य के लिए तीर्थ यात्रियों ने भावुक होकर सांसद मनीष जायसवाल को हृदय से आशीर्वाद दिया। बरसोत पंचायत से तीर्थ यात्रियों को भेजने में बरही पूर्वी सांसद प्रतिनिधि सह बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी का सराहनीय योगदान रहा। विदाई के समय सांसद मनीष जायसवाल के साथ जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि जुगनू, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, मलकोको मुखिया विजय यादव, भगवान केशरी, गुरुदेव गुप्ता, पंसस प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुजीत कुमार, रानीचुवा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, अजय रामराज, मुकेश बख्शी, संतोष यादव, दामोदर कुशवाहा, पड़रिया से भाजपा कार्यकर्ता अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, लाली प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने बालू लदा तीन ट्रैक्टर किया जब्त



**बड़कागांव :** अवैध बालू कारोबार को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बुधवार की रात कई घंटे तक सघन छापेमारी के दौरान गुरुवार अहले सुबह 4:00 बादम में अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया। सभी तीनों अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने कार्रवाई के लिए बड़कागांव थाना ले लाई है। पुलिस को आते देख सभी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध कारोबार होने नहीं दिया जाएगा जो भी पकड़े जाएंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जो भी बालू लदा ट्रैक्टर पकड़े गए हैं, कानूनी कार्रवाई हेतु खनन विभाग को अग्रसारित किया जाएगा।

### कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय के छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बड़कागांव :** कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय बड़कागांव के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 में आयोजित झारखंड अधिविद्य परिषद परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान संकाय में सिल्की कुमारी ने 83.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रिया कुमारी ने 77.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा जोया ईराम ने 77.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।वहीं कला संकाय में सागर कुमार ने 77% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, एम.डी. उस्मान अंसारी ने 72 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा ममता कुमारी ने 69% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में जैनाब खातून ने प्रथम, कुमारी सुधा ने द्वितीय तथा विवेक कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।महाविद्यालय के सचिव सह संस्थापक प्रोफेसर रामसेवक ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2027 में कर्णपुरा इंटर महाविद्यालयमहाविद्यालय के छात्र-छात्राएं निश्चित रूप से झारखंड टॉपर सूची में स्थान प्राप्त करेंगे।इसके लिए महाविद्यालय द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि बड़कागांव क्षेत्र का नाम पूरे राज्य में ऊंचा हो।महाविद्यालय की प्राचार्या मनीषा भारती ने सभी अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय की स्थापना को 44 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।यहां से लाखों छात्र-छात्राएं इंटर उत्तीर्ण कर चुके हैं। तथा हजारों विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक एवं अन्य प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए महाविद्यालय परिवार निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है।इस अवसर पर शिक्षक अक्षय कुमार पांडेय, आशा कुमारी, सुमेधा कुमारी, विज्ञान शिक्षक रोशन कुमार, ललिता कुमारी, बहमुनी, सुषमा बेसरा एवं साहिल टुडू सहित अन्य शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई दी।समाजसेवी सोनू इराकी ने कहा कि कर्णपुरा इंटर महाविद्यालय से इंटर मैं सफल छात्राओं ने क्षेत्र में मान बढ़ाया है। महाविद्यालय को सशक्त एवं मजबूत बनाने में अनिरुद्ध कुमार, लखेंदर ठाकुर, मनोज गुप्ता, मोहम्मद फैसल एवं इमाम भाई सहित कई गणमान्य लोग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर सहयोग प्रदान कर रहें हैं।

### पवन कुमार इंटर आर्ट्स में स्कूल टॉपर, सेल्फ स्टडी कर पाई सफलता



**बरही :** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत के ग्राम सलोंन निवासी यमुना प्रजापति के पुत्र पवन कुमार ने इंटर आर्ट्स में स्कूल टॉप कर अपने गांव का नाम रोशन किया,पवन बचपन से ही मेघावी छात्र रहा है इन्होंने यह सफलता सेल्फ स्टडी कर पाई है,गौरतलब हैं की पवन कुमार प्लस +2 उच्च विद्यालय करियापुर का छात्र है, जहां इन्होंने कला संकाय क्षेत्र में 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, पूछे जाने पर पवन कुमार ने बताया कि मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है इन्होंने सरकारी सेवा में जाकर देश सेवा करने की इच्छा जाहिर किया, मौके पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास, वरिष्ठ समाजसेवी पूरन राम,सिकंदर कुमार, मोहन प्रजापति, राजीव रंजन, अजय प्रजापति, मो. सरफराज आलम, मो. वसीम,राजेश प्रजापति, नारायण प्रजापति, गणेश पंडित आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## एक नजर

### कमला नेहरू इंटर कॉलेज का उम्दा प्रदर्शन

**अनगडा :** कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिल्वे में बारहवीं परीक्षा 2026 का परीक्षाफल कला संकाय में 98 % तथा वाणिज्य संकाय में 100% रहा कला संकाय में कुल 388 परीक्षार्थी तथा वाणिज्य संकाय में कुल 27 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें कला संकाय में प्रथम श्रेणी में 108 दुतिय श्रेणी में 255 तथा तृतीय श्रेणी में 14 14 परीक्षार्थी एवम वाणिज्य संकाय में प्रथम श्रेणी में 17 दूतिय श्रेणी में 10 परीक्षार्थी सफल हुए कला संकाय में दिशा कुमारी 415 अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान डिमपल कुमारी 408 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा पार्वती कुमारी 388 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया` और वाणिज्य संकाय में नैनसी सोनकर 351 अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान , सक्षम कुमार भोक्ता337 अंक प्राप्त कर दुतीय स्थान तथा मनीषा कुमारी 334 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया इस सफलता के लिए कालेज के अध्यक्ष डॉ लालमणि प्रशाद सचिव नवनीत कुमार सिंह तथा प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा एवम सभी सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ने बधाई दी और छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुरी :** मुरी ओ पी क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की अहले सुबह चर्च रोड छोटामुरी निवासी रवि बहादुर, उम्र 38 वर्ष,पिता सहदेव बहादुर ने खुदकुशी कर ली।मृतक ट्रक चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक अपने पीछे पत्नी सहित चार बच्चों को छोड़ गए है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और हमेशा की तरह रात में खाना वगैरह खाया और सो गया। हालांकि उसकी पत्नी कुछ दिन पहले अपने बच्चों समेत मायके गई हुई थी और घर के अन्य सदस्य सो गए थे। जब परिजन सुबह में उठे तो देखा कि वह फंदे से लटक गया है। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई।घटना की सूचना मिलते ही मुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# झारखंड विधानसभा जल्द होगी पेपरलेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

## नेशनल ई-विधान के क्रियान्वयन पर दी गई जानकारी




**रांची :** झारखंड विधानसभा में नेशनल ई-विधान और राज्य विधानसभा से जुड़े संवैधानिक नियमों को लागू करने को लेकर एक वर्कशॉप हुई। विधानसभा सचिवालय के लेजिस्लेटिव रिसर्च, रेफरेंस और ट्रेनिंग सेल द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप को स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने संबोधित किया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चर्चा परिचर्चा के माध्यम से हम अधिक ज्ञान अर्जित करते हैं। वरीय पदाधिकारियों को कार्य करने के अनुभवों के साथ जो सीखने का मौका मिला है, उसका लाभ अधिकारियों तक पहुंचना चाहिए।

### वर्कशॉप से पढ़ाई के साथ-साथ ज्ञान भी मिलता है

उन्होंने कहा कि ऑफिस में काम करते हुए पढ़ाई का मौका कम मिलता है, लेकिन इस तरह की वर्कशॉप आयोजित करने से पढ़ाई के साथ-साथ ज्ञान भी हासिल करने का मौका मिलता है। अगर हम सीखना चाहते हैं और अपनी समझ बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें पढ़ाई के अलावा ज्ञान पाने और प्रैक्टिस पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। विधानसभा मानसून सत्र से पहले नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के जरिए सेशन चलाने की तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए, ताकि हम पेपरलेस विधानसभा की तरफ बढ़ सकें। वर्कशॉप में, अंडर सेक्रेटरी राव दीपेंद्र कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन को लागू करने और राज्य विधानसभा से जुड़े संवैधानिक नियमों पर बात की। वहीं, विधानसभा स्पीकर के स्पेशल ऑफिसर विवेक कुमार और असिस्टेंट ब्रांच ऑफिसर कृष्ण कुमार सिंह ने विधानसभा के कामकाज के तरीके एवं नियमों और इसके कुछ अनछुए पहलुओं पर अपनी प्रेजेंटेशन दी। वर्कशॉप को विधानसभा के सेक्रेटरी इंचार्ज रंजीत कुमार ने भी संबोधित किया।

### क्या है नेशनल ई-विधानसभा

नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन भारत सरकार की 'डिजिटल इंडिया' के तहत एक मिशन मोड परियोजना है, जो देश के सभी विधानसभाओं को पेपरलेस और डिजिटल बनाती है। 'एक राष्ट्र-एक एप्लीकेशन' के तहत यह एम। नेवा ऐप के माध्यम से विधायी कार्य, प्रश्न, और दस्तावेज सदन के सदस्यों को टैबलेट पर उपलब्ध कराती है। झारखंड इस दिशा में कदम बढ़ा चुका है और इसके लिए सारे उपकरण लगने के बाद समय-समय पर इसके कामकाज को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अपडेट रहने की आवश्यकता हैः रवींद्रनाथ महतो

उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा के अधिकारी माननीय सदस्यों को उनके कार्यों में सहयोग करते हैं। ऐसे में उन्हें विधायी विषयों से अपडेट रहने की आवश्यकता है। विधायी व्यवस्थाएं और संस्थाएं यदि ठीक से कार्य करेंगी तो कार्यपालिका को और अधिक जवाबदेह होना पड़ेगा। इसलिए हमारी संवैधानिक व्यवस्था में भी विधानसभा सचिवालय को कार्यपालिका से हटकर स्वायत्तता दी गई है।

# राज्यपाल से मिले झारखंड बधिर क्रिकेट संघ के खिलाड़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को झारखंड बधिर क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

बधिर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि विषम परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद टीम के खिलाड़ियों ने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा तृतीय टी-20 नेपाल डीफ क्रिकेट टूर सीरीज ऑफ इंडिया 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है।

राज्यपाल ने टीम के खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, समर्पण एवं टीम भावना का सशक्त प्रतीक है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर यह सिद्ध किया है कि चुनौतियाँ सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकतीं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश का अत्यंत लोकप्रिय खेल है तथा हर्ष है कि झारखण्ड के खिलाड़ी क्रिकेट सहित विभिन्न खेल विधाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति विशेष रुचि एवं अपार प्रतिभा विद्यमान है, जिसे उचित प्रोत्साहन एवं अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रतिभाशाली दिव्यांग खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और वे खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयासरत हैं। उन्होंने झारखण्ड बधिर क्रिकेट संघ को यथासंभव सहयोग एवं प्रोत्साहन का आश्वासन भी दिया।

# झारखंड में बाहर से आनेवाले डॉक्टरों को सरकार देगी राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में बाहर से आकर चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टरों को राहत मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए झारखंड स्टेट मेडिकल काउंसिल रूल 2023 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

इस प्रस्ताव को विभाग ने राज्य सरकार को सुझाव भेजने का निर्णय लिया है। यह फैसला गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल पदाधिकारी छवि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार के मार्गदर्शन में हुई इस बैठक में छवि रंजन ने कहा कि विभागीय विचार-विमर्श के बाद नियम में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य दूसरे राज्यों से आने वाले योग्य और निबंधित डॉक्टरों को झारखंड में चिकित्सा सेवा में सहूलियत देना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। यदि विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए प्रक्रिया आसान होगी तो राज्य के मरीजों को सुपर स्पेशियलिटी और उन्नत इलाज का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। बैठक में संशोधन से संबंधित कठिनाइयों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने बताया कि दूसरे राज्यों से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों को अतिरिक्त औपचारिकताओं के कारण परेशानी उठानी पड़ती है, जिससे राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित होती है।

वर्तमान नियम के अनुसार झारखंड में प्रैक्टिस करने वाले सभी डॉक्टरों के लिए राज्य में अलग से निबंधन अनिवार्य है।

# जनजातीय भाषा विभागों में शिक्षक पद सृजन की मांग, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** आदिवासी छात्र संघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी युनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में गुरुवार को छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो. डॉ. राजीव मनोहर को ज्ञापन सौंपकर कुड़ूख और नागपुरी भाषा विभाग में यूजीसी गाइडलाइन के तहत शिक्षक पद सृजित करने की मांग की।

विवेक तिर्की ने कहा कि जनजातीय भाषाओं के साथ लंबे समय से उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। विभाग जनजातीय भाषाओं के विभागों में पद सृजन करें। उन्होंने कहा कि कुड़ूख झारखंड की प्रमुख जनजातीय भाषाओं में शामिल है। इसे पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद स्थायी शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई, शोध कार्य और शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। विवेक ने कहा कि कुड़ूख, मुण्डारी और नागपुरी भाषा की स्नातक स्तर की पढ़ाई वर्ष 1985 में तत्कालीन रांची कॉलेज, वर्तमान डीएसपीएमयू में शुरू हुई थी। इसके बाद वर्ष 2018 में कुड़ूख भाषा विभाग को मान्यता मिली, लेकिन अब तक विभाग में शिक्षकों के पर्याप्त पद सृजित नहीं किए गए हैं। उन्होंने यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार यूजी और पीजी स्तर को मिलाकर कुड़ूख भाषा विभाग में कम-से-कम सात शिक्षकों के पद शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की। विवेक तिर्की ने कहा कि यदि दो दिनों के भीतर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आदिवासी छात्र संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण के लिए जनजातीय भाषा विभागों को समान सम्मान और संसाधन मिलना जरूरी है। कुलपति प्रो. डॉ. राजीव मनोहर ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल की युवा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची के विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बिग ज्ञान गौरव सम्मान में सम्मानित किया गया। इस गरिमामय समारोह में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के उन मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया, जिन्होंने अपनी परीक्षाओं में 85 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण, अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन ज्ञान, विवेक एवं प्रकाश की विजय का प्रतीक बना। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान रहा, जिसमें युवा प्रतिभाओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता के लिए सम्मानित किया गया। 92.7 बिग एफएम की यह प्रेरणादायी पहल विद्यार्थियों के लिए एक उत्साहवर्धक मंच सिद्ध हुई, जिसने परिश्रम और लगन को सम्मानित करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

# 'द ब्लैकबोर्ड' कोचिंग का दबदबा बरकरार, जैक 12वीं के परिणाम में लहराया परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में राजधानी के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान 'द ब्लैकबोर्ड' ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। इस वर्ष के नतीजों में संस्थान के 10 छात्रों ने राज्य की मेरिट लिस्ट (टॉप-10) में जगह बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि यह संस्थान पिछले 5 वर्षों से लगातार राज्य को टॉपर्स देने की अपनी गौरवशाली परंपरा को निभा रहा है।

संस्थान के 10 छात्रों ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। मृदुला सिंहः 96% (रैंक 4), नंदनी महतोः 95.8% (रैंक 5), नूर-ए-आजमीः 95% (रैंक 8), बबलू पोद्दारः 95% (रैंक 8), हेमंत कुमार मंडलः 95% (रैंक 8), जेसिका भगतः 94.8% (रैंक 9), रोशनी कुमारीः 94.8% (रैंक 9), रिशिका कुमारीः 94.6% (रैंक 10), स्वेता कुमारीः 94.6% (रैंक 10), रोहित कुमारः 94.6% (रैंक 10)

### मेहनत और मार्गदर्शन का परिणामः निदेशक

इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा ने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और टीम के शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, "यह परिणाम छात्रों की अटूट मेहनत और हमारे शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है। 'द ब्लैकबोर्ड' गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा।"

संस्थान की इस उपलब्धि से न केवल अभिभावकों में खुशी की लहर है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी यह एक बड़ी प्रेरणा बनकर उभरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने जाना भारतीय संस्कृति और मंत्रों का महत्व



**रांची :** मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संस्कार ही धरोहर कार्यक्रम के तहत गुरूवार को शिवनारायण कन्या पाठशाला में छात्राओं को संस्कृत के उपयोगी श्लोक सिखाने का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से आठवीं तक की छात्राओं ने करीब डेढ़ घंटे तक शुद्ध उच्चारण और मधुर स्वर में मंत्र और श्लोकों का पाठ किया। यह जानकारी मारवाड़ी महिला सम्मेलन के मीडिया प्रभारी रीना सुरेका ने जारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल विकास प्रकल्प प्रमुख रूपा अग्रवाल ने बताया कि छात्राओं को भारतीय संस्कृति, संस्कार और दैनिक जीवन में मंत्रों के महत्व से जोड़ना ही इस कार्यक्रम का उद्धेश्य है। सुरेका ने बताया कि छात्राओं को सुबह उठकर धरती माता को प्रणाम करने, घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने और स्नान, भोजन और अन्य दैनिक कार्यों के समय निर्धारित मंत्रों का जाप करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने भी इन बातों को नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया। प्रोजेक्टर चेयरपर्सन बबीता नारसरिया ने बताया कि उसकी देशभर की करीब 700 शाखाएं अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों में बच्चों को मंत्र, श्लोक और भारतीय संस्कृति से जुड़ी अच्छी बातें सिखाने का अभियान चलाएंगी। सम्मेलन की ओर से बताया गया कि 08 मई को पुनः विद्यालय पहुंचकर शुद्ध उच्चारण करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल विकास प्रकल्प प्रमुख रूपा अग्रवाल, रांची शाखा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, छाया अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, ललिता नारसरिया, उषा विजयवर्गीय, कमला विजयवर्गीय सहित बडी संख्या में छात्र और शिक्षक मौजूद थे।

### शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**रांची :** श्री शिवाला सेवा समिति के तत्वावधान में रांची के सुकुरहुट्टू स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित भव्य शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन गुरुवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से प्रवाहित शिवमहापुराण कथा को सुनने के लिए रांची सहित आसपास के जिलों एवं विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे। पूरा कथा परिसर ह्लहर हर महादेवह्व, ह्लबोल बमह्व तथा ह्लश्री शिवाय नमस्तुभ्यंह्व के जयघोष से लगातार गूंजता रहा। अपने ओजस्वी और सहज शैली में कथा वाचन करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया तथा कहा कि शिव ही सृष्टि के आधार हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य बोलने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, सनातन संस्कारों को जीवन में अपनाने तथा शिवभक्ति के माध्यम से जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने भभूत, बेलपत्र, शिवलिंग पूजन और सच्चे मन से की गई आराधना के महत्व को भी विस्तारपूर्वक बताया। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा का मूल संदेश ह्लएक लोटा जल, सब समस्याओं का हलह्व श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने घर से भगवान शिव के लिए एक लोटा जल लेकर निकलता है, तो उसके तीन दोष स्वतः समाप्त हो जाते हैं। इस संदेश को सुनते ही पूरा पंडाल ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लश्री शिवाय नमस्तुभ्यंह्व के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु पूरे समय मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे। कथा स्थल पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लगभग तीन लाख श्रद्धालु कथा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा प्रारंभ होने से पूर्व ही पूरा पंडाल एवं आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं से भर गया था। आयोजन स्थल को आकर्षक धार्मिक सजावट, भव्य मंच एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के माध्यम से पूरी तरह शिवमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया गया है। कथा में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, भाजपा नेता रमेश सिंह तथा रांची के डिप्टी मेयर नीरज कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने कथा का श्रवण किया तथा आयोजन समिति की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

### तालाब में गिरी कार, दो की मौत

**रांची :** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। यह घटना चालाडी गांव के पास घटी जब एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जिनमें से एक युवक तैरकर बाहर निकलने में सफल रहा। कार सवार सहित सभी लोग रामगढ़ जिले के बरलंगा ओपी क्षेत्र के रहने वाले थे और एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। लौटने के दौरान चालाडी गांव के समीप अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे तालाब में जा गिरा। हादसे के बाद कार तेजी से पानी में डूबने लगी। कार में मौजूद शुभम गुप्ता किसी तरह बाहर निकल आया। उसने स्थानीय लोगों और पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलते ही तमाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तालाब में फंसे लोगों को बाहर निकालकर तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने 42 वर्षीय करमजीत और 40 वर्षीय रिंकी गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कार सवार लोग नशे की हालत में हो सकते हैं, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की हर पहलू से जांच की जा रही है। तमाड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मोदी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेजा गया। वहीं, तालाब में डूबी कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**रांची:** राजधानी के हिंदपीढ़ी इलाके में रहने वाले समीर नाम के युवक की अपने ही घर की छत पर करंट लगने से मौत हो गई। समीर की मौत के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बड़ा तालाब के पास सड़क जाम कर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक, बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से युवक 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समीर की मौत बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई है। समीर के परिजनों ने बताया कि वह छत पर कुछ काम से गया था। तभी 11 हजार वोल्ट के तार में शट हो गया, जिसकी वजह से मौके पर उसकी मौत हो गई। जैसे ही लोगों को करंट लगने की जानकारी मिली, लोग इकट्ठा होने लगे और बड़ा तालाब के पास सड़क जाम कर दिया। पड़ोसियों का आरोप है कि बिजली विभाग को बार बार शिकायत करने के बाद भी तार नहीं हटाया गया और बिजली विभाग की लापरवाही से इतनी बड़ी घटना घट गई।

## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला पेट्रोल टैंकर चालक का शव



**डोमचांच :** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार सुबह एक पेट्रोल टैंकर चालक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के कोबार निवासी नीतेश यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नीतेश यादव पेट्रोल टैंकर चलाने का काम करता था। बुधवार रात करीब 10 बजे वह पेट्रोल लेकर बगड़ो स्थित पेट्रोल पंप पहुंचा था। टैंकर के उपचालक पंकज मंडल ने बताया कि इसी दौरान नीतेश किसी से फोन पर बात करते हुए टैंकर से दूर चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई।

पंकज मंडल के अनुसार रात करीब 1:30 बजे तक आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह स्थानीय ग्रामीण जब टहलने निकले, तो उन्होंने पेट्रोल पंप के पास एक युवक का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका देखा। इसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही डोमचांच थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### थाना प्रभारी ने बिना चालान के बालू लदा ट्रैक्टर को किया जब्त



**मरकच्चो :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशिष के निदेर्शानुसार नवलशाही थाना पुलिस ने अभियान चला कर गुरुवार को बिना चालान के बालू लदा एक महिंद्रा ट्रैक्टर को किया जप्त । मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर मसमोहना नदी से बालू लोड कर डोमचांच की ओर जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस गश्ती वाहन देखकर ट्रैक्टर चालक गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर अग्रेसर कार्रवाई हेतु नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है। अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

# उपायुक्त का डिमरा हाई स्कूल में औचक निरीक्षण शिक्षण व संसाधनों में लापरवाही पर कड़ी फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के दौरे के दौरान उपायुक्त ऋतुराज ने प्लस टू उच्च विद्यालय डिमरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था में कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में गंदगी, अव्यवस्थित पंजी संधारण और शिक्षण व्यवस्था की बदहाल स्थिति देख उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।

**स्मार्ट क्लास, लैब और पुस्तकालय मिले निष्क्रिय**

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की लैब, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और शौचालय बंद हालत में मिले। विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर उपायुक्त ने इसे गंभीर लापरवाही करार दिया। उन्होंने संबंधित प्रभारी से एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश देते हुए सभी सुविधाओं को शीघ्र चालू करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संसाधन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**अनुपस्थित शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई**

कक्षा 1 से 8 तक के कई शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिससे पठन-पाठन प्रभावित हो रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने 9 शिक्षकों के वेतन भुगतान पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने को कहा गया।

**मध्याह्न भोजन और सफाई व्यवस्था पर भी सवाल**

विद्यालय के रसोईघर में भी साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। मध्याह्न भोजन व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर उपायुक्त ने स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**समयबद्ध सुधार के निर्देश**

उपायुक्त ऋतुराज ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी कमियों को तय समय सीमा के भीतर दूर करने का निर्देश दिया।

## केंद्र सरकार के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला सहित झारखंड राज्य में पेट्रोल डीजल एवं घरेलू रसोई गैस की किल्लत के विरुद्ध झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कोडरमा के तत्वाधान में समाहरणालय कोडरमा के समक्ष एकदिवसीय धरना व प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसके पूर्व दूधी माटी से विशाल जुलूस के शक्ल में झामुमो कार्यकताओं ने सैकड़ो की संख्या में नारेबाजी करते हुए समाहरणालय धरना स्थल तक पहुंचे जहां जुलूस एक सभा में तब्दील हो गया कार्यकर्ता सभी पारंपरिक हथियार से लैस एवं पार्टी का झंडा हाथों में थामे हुए थे वहीं महिला कार्यकताओं के हाथों में खाली गैस सिलेंडर था धरना स्थल पर पहुंचते ही कार्यकताओं ने नगाड़ा एवं डुगडुगी बजाकर केंद्र सरकार को आगाह किया। धरना स्थल की अध्यक्षता



जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने किया जबकि संचालन सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया इस अवसर पर धरणा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि देश में रसोई गैस, कमर्शियल गैस के कारण भुखमरी की स्थिति बन गई है पूरे देश में हाहाकार मच गई है फिर भी देश के प्रधानमंत्री की कानों में जू तक नहीं रेगं रहा है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा शालिनी गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी भी मध्यम एवं गरीब परिवारों का हिमायती नहीं रहा है।

## पंचायत भवन से पाइप चोरी का खुलासा पुलिस की त्वरित कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भुरकुंडा पुलिस ने पोड़ा गेट स्थित पंचायत भवन से पानी का पाइप चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रामगढ़ जेल भेज दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस

मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने भुरकुंडा ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी ने गश्ती दल के साथ तत्काल कार्रवाई शुरू की और इलाके में जांच अभियान चलाया।

**वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार**

जांच के दौरान पुलिस ने वाहन मालिक सह चालक कप्तान सिंह,



पिता गरीब सिंह, निवासी नाद्वय मिलकीपोड़ा, जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने पाइप से लदा वाहन संख्या यूपी 85 डीटी 0614 को भी जब्त कर लिया।

**पंचायत भवन से चोरी कर ले जाया जा रहा था सामान**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पंचायत भवन परिसर में रखे पानी के पाइप को चोरी कर वाहन में लोड कर ले जा रहा था। समय रहते पुलिस की कार्रवाई से चोरी का सामान सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

**पुलिस की कार्रवाई से लोगों में संतोष**

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भुरकुंडा पुलिस की तत्परता की सराहना की। लोगों का कहना है कि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो सरकारी संपत्ति को बड़ा नुकसान हो सकता था।

## 50 हजार कपड़े के थैले बनाकर प्लास्टिक मुक्त शहर का स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस 3 जुलाई से पहले रामगढ़ में एक बार फिर 'सेल्फी विद झोला' अभियान ने जोर पकड़ लिया है। पॉलिथीन दान अभियान के तहत इस बार जिले के विभिन्न स्कूलों के माध्यम से करीब 50 हजार कपड़े के थैले तैयार कराने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की शुरूआत संत एन्स स्कूल रामगढ़ से हुई, जहां बच्चों ने कपड़े का झोला अपनाने और पॉलिथीन का उपयोग बंद करने की शपथ ली।

**बच्चों ने संभाली पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी**

स्कूल की प्रिंसिपल एनी पॉल ने कहा कि इस बार स्कूल के सभी बच्चों से कपड़े का थैला बनवाया जाएगा। साथ ही बच्चों को अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी पॉलिथीन छोड़कर कपड़े का झोला



इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। बच्चों ने हाथ से बने आकर्षक और टिकाऊ झोलों का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया।

**तीन साल में बन चुके हैं 45 हजार झोले**

अभियान के संरक्षक उपेंद्र पांडेय ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल प्रोजेक्ट के तहत लगभग 45 हजार कपड़े के थैले बनाए जा चुके हैं। इस बार लक्ष्य को और बड़ा करते हुए 50 हजार झोले तैयार करने की योजना बनाई गई है।

**कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं जुड़े अभियान से**

अभियान में आदर्श गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय रामगढ़, बरकाकाना, भुरकुंडा, श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, राधा गोविंद पब्लिक स्कूल, एमएम बालिका उच्च विद्यालय, श्रीकृष्ण विद्या मंदिर, रामचंद्रभान पब्लिक स्कूल, केंट गर्ल्स स्कूल, ओंकार मिशन हाई स्कूल और गणिनाथ विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच ने सेवा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक में सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखना का निर्णय लिया गया । अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच के कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का निर्णय लिया गया ।इसके तहत इस सप्ताह कई कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया इसके तहत 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस को ले झुमरी तिलैया के ओवर ब्रिज पर डी क्लब के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं 9 मई को महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जबकि 10 मई को मातृ



दिवस के मौके पर माता का सम्मान एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई ।जबकि 12 मई को नर्स डे मनाने एवं विद्या भारती के द्वारा संचालित बच्चों की शिक्षा को लेकर सामग्री वितरण ब्लैक बोर्ड,दरी सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराने एवं कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही 15 मई को विश्व पारिवारिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा 17मई से 21मई तक मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा संचालित मारवाड़ी प्रीमियर लीग करने पर विस्तृत चर्चा हुई इसमें युवाओं और महिलाओं की अलग-अलग टीम खेल के प्रति अपना दमखम दिखाएंगे।

## पेयजल, बिजली एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं, चापानलों की स्थिति तथा जलापूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जिले में बिजली कटौती एवं विद्युत आपूर्ति की स्थिति की भी जानकारी ली गई। साथ ही जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली एवं पेयजल सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए पाइपलाइन बिछाने के कार्य एवं वाटर टैंकर की उपलब्धता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर जलापूर्ति



कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन, जुडको तथा पुरानी योजनाओं से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रशासक, नगर पंचायत कोडरमा एवं डोमचांच तथा झुमरी तिलैया नगर परिषद् को भी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में विद्युत व्यवस्था की स्थिति पर भी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## बकाया मानदेय को लेकर डीसी के समक्ष आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया आक्रोश प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को तीन माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के खिलाफ गुरूवार को आउटसोर्स कर्मियों ने उपायुक्त के समक्ष विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सदर अस्पताल कोडरमा से झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें कमांडो कम्पनी होश में आओ, बकाया मजदूरी भुगतान करो, सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय में चोरी बंद करो आदि जोरदार नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर संघर्ष समिति के संयोजक और सीटू के राज्य सचिव संजय



पासवान ने कहा कि कमांडो कम्पनी कर्मचारियों के मानदेय में खुल्लम खुल्ला डकैती कर रही है। जिन्हें 22 हजार मानदेय मिलना चाहिए उन्हें 12 हजार दिया जा रहा है। जिन्हें 18 हजार मिलना चाहिए उन्हें 8 हजार दिया जा रहा है। कर्मचारियों के पैसे का चोरी कर कम्पनी का मालिक अय्याशी कर रहा है। बॉलीवुड के हीरो को नचा रहा है, लेकिन कर्मचारियों को वेतन देने के लिए आवंटन का बहाना बनाया जा रहा है। अगर जल्द से जल्द भुगतान नहीं होता है तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था ठप होगी। जिसका जिम्मेदार कमांडो कम्पनी होगी। झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ संघ के प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कमांडो सिर्फ मानदेय ही नहीं बल्कि ईपीएफ और ईएसआई कटौती में भी घपलेबाजी कर रही है। इसलिए इसके खिलाफ आवाज उठाना होगा। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि कर्मचारियों की लड़ाई में सीटू हमेशा साथ रहने का आह्वान किया। जेएमएम नेत्री शालिनी गुप्ता ने भी कर्मियों को सम्बोधित किया और कमांडो कम्पनी को चेतावनी देते दिया कि बकाया भुगतान जल्द नहीं हुआ तो माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक मामले को ले जाएंगे। बीरेन्द्र पांडेय ने आंदोलन को जेएमएम की ओर से पूर्ण समर्थन दिया। प्रदर्शन के उपरांत उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से शालिनी गुप्ता और संजय पासवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की भी जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### बंद पड़ी संगम खदान में फिर गूंजेगी मशीनों की आवाज, भूमि पूजन के साथ उत्खनन कार्य का शुभारंभ



**रामगढ़ :** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से बंद पड़ी संगम खुली खदान में एक बार फिर गतिविधियां शुरू होने जा रही हैं। गुरुवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कर खदान संचालन कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में भुरकुंडा कोलियरी पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। पुरोहितों ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर खदान के सफल संचालन और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। जानकारी के अनुसार बंद पड़ी संगम खदान में अब कोयला और ओबी उत्खनन का कार्य आरए माइनिंग कंपनी द्वारा किया जाएगा। खदान के दोबारा शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ने और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में आरए माइनिंग के जीएम राव, मैनेजर राजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, अभिनाश चंद्र, अभिनव आनंद, रमेश कुमार, भामस के महामंत्री शशि भूषण सिंह, सीएमयू के सचिव पप्पू सिंह, नरेश मंडल, विकाश कुमार, अनिल पासवान, सुरेश और एसएम राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कामगार एवं यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का मानना है कि संगम खदान के पुन: संचालन से भुरकुंडा क्षेत्र में रोजगार, व्यवसाय और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। लंबे समय से बंद खदान के चालू होने से कामगारों में भी नई उम्मीद जगी है।

### महंगाई, शोषण और एसएआर पर गरजी झामुमो, पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प




**रामगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, एसएआर प्रक्रिया और बढ़ती महंगाई सहित कई जनसरोकार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार उद्योगपतियों के हित में कार्य कर रही है, जबकि गरीब और मजदूर वर्ग लगातार शोषण का शिकार हो रहा है। नेताओं ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है और इसका सीधा असर गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। बैठक में झारखंड में चल रही एसएआर प्रक्रिया पर विशेष चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झामुमो पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करेगा और प्रत्येक बूथ पर बीएलओ का गठन करेगा। पार्टी नेताओं ने कहा कि गठित टीम एसएआर कार्यों की निगरानी करेगी और किसी भी गड़बड़ी पर संगठन सक्रिय भूमिका निभाएगा। बैठक में कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर झामुमो लगातार संघर्ष करती रहेगी।

### पेयजल और बिजली व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट, 15 मई तक नहीं होगी लोड शेडिंग



**जयनगर :** भीषण गर्मी और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जयनगर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय जयनगर में पेयजल एवं बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता ओम प्रकाश, जयराम (9955354247), सुनील पासवान (9939119291) तथा विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जयनगर के कनीय अभियंता उज्ज्वल कुमार तिवारी (7992423996) उपस्थित रहे। बैठक में आम लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल एवं बिजली से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि जयनगर प्रखंड क्षेत्र में जो भी चापाकल खराब हैं, उनकी मरम्मति के लिए संबंधित पंचायत सचिवालय में आवेदन दिया जा सकता है। आवेदन मिलते ही विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए चापाकलों की मरम्मति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं बिजली विभाग ने जानकारी दी कि 15 मई तक डीवीसी द्वारा किसी प्रकार की लोड शेडिंग नहीं की जाएगी। इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और अनावश्यक बिजली कटौती से बचाव होगा। अधिकारियों ने बताया कि बारिश या खराब मौसम के कारण बिजली बाधित होने पर मौसम सामान्य होते ही तुरंत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके अलावा यदि किसी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल जाता है या खराब हो जाता है, तो उसे 24 से 48 घंटे के भीतर बदलने अथवा मरम्मत करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बिजली विभाग के कर्मियों की आगामी 15 दिनों तक छुट्टियां भी स्थगित कर दी गई हैं।

### भाजपा नावाडीह मंडल की बैठक में कमेटी विस्तार और 'मन की बात' कार्यक्रम पर हुआ चर्चा



**मरकच्चो :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नविन एवं प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार गुरुवार को नावाडीह पंचायत भवन में नावाडीह मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यकर्त्ता एवं मंडल पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री पवन सिंह एवं अर्जुन यादव ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बेदू साव उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष के द्वारा नयी कमिटी की विस्तार, हरेक माह के अंत में हरेक बूथ पर प्रधानमंत्री की मन की बात को सुनना, शक्ति केंद्र एवं बूथ की नयी कमिटी की विस्तार करने का विचार विमर्श किया गया। वही भाजपा की तीन राज्य बंगाल,असम और पांडुचेरी में सरकार बनने पर भाजपा के कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने भाजपा नावाडीह मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष रामकृष्ण वर्मा, सिकेन्द्र पंडित, बैजन्ती देवी, उषा देवी, महामंत्री पवन कुमार सिंह, अर्जुन कुमार यादव, मंत्री पवन कुमार यादव, नकुल यादव, रंजीत भारती, संजू देवी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, कार्यालय मंत्री लखन पासवान, कार्यालय सह मंत्री सहदेव मोदी, मीडिया प्रभारी अजीत वर्मा, मीडिया सह प्रभारी सुनील कुमार, आईटी संयोजक उपेंद्र राणा, आईटी सह संयोजक नेहरूलाल साहा को नव नियुक्त किया गया।

## एक नजर

### चतरा में 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चतरा :** पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पत्थलगडा थाना क्षेत्र के नावाडीह भेलवारा मोड़ के पास पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। इसमें हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि भेलवारा मोड़ के पास एक युवक नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचा है। सूचना मिलते ही सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पासवान (25) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 10 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

### लंबित मामलों की समीक्षा कर समय पर दायर करें प्रतिशपथ पत्र

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की ओर से डिस्ट्रिक्ट एम्पावर्ड कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायालय तथा उच्च न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में लंबित मामलों से संबंधित प्रतिशपथ पत्र समय पर दायर करना सुनिश्चित करें, ताकि मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से किया जा सके। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, पब्लिक प्रोसिक्यूटर, डीएसपी मुख्यालय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिला से छेड़छाड़ और अभद्रता मामले में एक गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के किरीबुरू थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले को लेकर किरीबुरू थाना में गुरुवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजनीश कुमार उर्फ रॉकी के रूप में हुई है। वह रंजीत कुमार सिंह का पुत्र है और मेघाहातुबुरू न्यू कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 105/6 का निवासी बताया गया है।

# उपायुक्त ने एमएमसीएच के ओपीडी का किया अवलोकन, अधीक्षक को किया शोकॉज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को एमएमसीएच का निरीक्षण किया। उन्होंने एमएमसीएच परिसर के विभिन्न बिल्डिंग में संचालित कई स्वास्थ्य सेवाओं की पडताल की। उपायुक्त सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, यहां उन्होंने मरीज और उनके परिजनों से अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं कर बारे में जानकरी ली। उन्होंने अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को फटकार लगायी। इसके बाद उपायुक्त ने प्रत्येक वार्ड में किस सुविधाओं का अभाव है, कहां कितने मैनपावर की जरूरत जैसे विषयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई हॉस्पिटल कर्मियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाने और अपने निर्धारित समय तक ड्यूटी पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि बतौर पलामू



उपायुक्त एमएमसीएच का मेरा यह पहला निरीक्षण है, इसके बाद भी अस्पताल के व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधितों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने पाया कि कई वार्डो में मरीज के साथ आवश्यकता से अधिक अटेंडेंट हैं जिससे चिकित्सा कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में उपायुक्त ने एमएमसीएच अधीक्षक डॉ अजय कुमार को मरीजों संग रहने वाले अटेंडेंट की संख्या निर्धारण करने की बात कही।

निरीक्षण के क्रम में डीसी ने पाया कि ओपीडी वार्ड के कुछ शौचालयों के दरवाजे टूटे पड़े हैं और शौचालय में साफ-सफाई नहीं है। उन्होंने साफ-सफाई का कार्य देख रहे बालाजी के सुपरवाइजर को निलंबित करने और कार्यों का पर्यवेक्षक नहीं करने को लेकर एमएमसीएच अधीक्षक को शोकॉज करने के निर्देश दिया। उन्होंने डिजिटल किओस्क को अपडेटेड रखने पर बल दिया, ताकि मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो।

उन्होंने एमएमसीएच अधीक्षक से कहा कि बिना वैध कारण मरीजों को रेफर किया जाता है तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने जीएनएम बिल्डिंग में संचालित मेडिसिन ओपीडी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, दवा वितरण केंद्र, नेत्र ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, ऑर्थो ओपीडी, कान नाक गला ओपीडी, चर्म रोग ओपीडी, दंत रोग ओपीडी, पैथोलॉजी सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर सभी वार्डों में प्रतिनियुक्ति चिकित्सकों की जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड से लेकर ओपीडी वार्डों के रजिस्टर की जांच की। उन्होंने किस डॉक्टर की ड्यूटी किस दिन होती है से संबंधित जानकारी ओपीडी के बाहर चस्पा करने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर, डॉ आर.के रंजन समेत अन्य उपस्थित थे।

## अधिवक्ता कन्यादान योजना के तहत ₹50000 का दिया चेक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** अनुमंडल बार एसोसिएशन के द्वारा बुधवार को अधिवक्ता मृत्युंजय महतो के पैतृक आवास दुबराजपुर जाकर उनके पुत्री के विवाह के अवसर पर अधिवक्ता कन्यादान योजना के तहत ₹50000 का चेक प्रदान किया गया। इस कार्य हेतु बार प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि सरकार द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह बार एसोसिएशन के तरफ से अभियान का आरंभ किया गया, जो इस अभियान का लाभान्वित अधिवक्ता मृत्युंजय महतो के पुत्री से शुरूआत किया गया। प्रतिनिधि मंडल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बी पी साहू, सचिव महेन्द्र कुमार महतो, अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह, गुरुचरण महतो, कमल महतो, सुभाष महतो, अशोक झा, संजय महतो, मनोरथ मांझी, संजीव सिंह पातर, बिंदु महतो, जयदेव महतो, प्रेस प्रवक्ता शिवेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## सरिया वन क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने किसानों की फसलों और घरों को पहुंचाया भारी नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया वन क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह निमाटांड गांव में इन दिनों 25 से 30 हाथियों के एक बड़े झुंड ने किसानों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बीती रात हाथियों के इस झुंड ने गांव में जमकर उत्पात मचाया और किसानों की फसलों, बागवानी तथा घरों को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों के झुंड ने रामा यादव, द्वारिका यादव, अर्जुन यादव और भुनेश्वर यादव समेत कई किसानों की लगभग 7-8 एकड़ जमीन पर लगी मकई, भिंडी, झिंगी, लौकी, टमाटर, गन्ना और अन्य फसलों को पूरी तरह रौंद डाला। केला के पौधे नष्ट कर दिए गए, जबकि आम के बगीचे को पैरों तले कुचल दिया। कई फल देने वाले आम के पेड़ भी तोड़ दिए



गए। झुंड एक घर तक पहुंच गया, जहां हाथियों ने खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर करीब दो क्विंटल चावल, आटा और सरसों खा लिया। घर में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिए। पीड़ित अर्जुन यादव ने बताया कि इस घटना में उनका करीब 70 से 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले 15 वर्षों से हाथियों का यह झुंड बार-बार उनके खेतों और घरों में घुसता रहा है, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है।

किसानों का आरोप है कि वन विभाग को कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक एक भी रुपये का मुआवजा नहीं मिला।ग्रामीणों ने वन विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा, जब विभाग की टीम हाथियों को भगाने आती है तो हमें ही डांट-फटकार लगाई जाती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता।

## पुलिस एसोसिएशन ने उपायुक्त से मिलकर की स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पुलिस एसोसिएशन और झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा चाईबासा के पदाधिकारियों ने उपायुक्त मनीष कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर पुलिसकर्मियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अति नक्सल प्रभावित पश्चिमी सिंहभूम जिले में कार्यरत पुलिस जवानों की स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी जरूरतों को लेकर कई मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि जिले में पुलिसकर्मियों को कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ड्यूटी करनी पड़ती है। नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान और सुरक्षा ड्यूटी के दौरान कई बार पुलिस जवान घायल या गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। ऐसे में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है। पुलिस एसोसिएशन की ओर से अस्पतालों में पुलिसकर्मियों के इलाज के लिए अलग केबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक के दौरान मर्चरी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान संसाधन पर्याप्त नहीं हैं और बेहतर व्यवस्था होने से पुलिसकर्मियों तथा उनके परिजनों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा पुलिस केंद्र में जिम सेंटर स्थापित करने की मांग को लेकर उपायुक्त को आवेदन पत्र भी सौंपा गया। पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार तनावपूर्ण माहौल में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए जिम सेंटर आवश्यक है। उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की सुविधाओं और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा। मुलाकात के दौरान झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा चाईबासा के अध्यक्ष प्रदीप ओलिवर मिंज, सचिव तारा चांद महतो, किशुन मुर्मू, जगन्नाथ तिरिया और पुलिस एसोसिएशन के सचिव संतोष राय, केशव मेहता और श्रीकांत कुमार उपस्थित थे।

## फास्ट फूड स्टाल और बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन

**खूंटी :** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 48 प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी और बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं और ग्रामीणों को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उन्हें व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाना था। फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षिका कलावती देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड व्यंजन तैयार करने की विधि विस्तार से सिखाई।

# बिजली दर में वृद्धि और पेयजल संकट के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के चाईबासा में गुरुवार को बढ़ती बिजली दरों और गहराते पेयजल संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के गौशाला चौक से जिला समाहरणालय तक हांडी, डब्बा और खाली बर्तन लेकर रैली निकाली और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता अपने सिर पर घड़ा लेकर शामिल हुईं। प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कोड़ा सिर पर घड़ा लेकर महिलाओं का नेतृत्व कर रही थीं।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भीषण गर्मी में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग पानी और बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार समाधान




निकालने में विफल साबित हो रही है। प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, भाजपा जिलाध्यक्ष गीता बालमुचू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

समाहरणालय पहुंचने के बाद कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को मांगपत्र सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में पेयजल, बिजली और जनसुविधाओं की स्थिति बदहाल हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि शहरों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में चापाकल खराब पड़े हैं और लोग दूर-दराज से पानी लाने को विवश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि चुनाव के समय किए गए वादे अब जनता को याद दिलाने पड़ रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि महंगी बिजली दरों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानी बढ़ा दी है। सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्य ठप हैं और जनता को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने 24 घंटे निर्बाध बिजली और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष गीता बालमुचू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो भाजपा आम लोगों को साथ लेकर उग्र आंदोलन करेगी।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, लेकिन प्रशासन स्थायी समाधान निकालने में असफल है।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में कमी, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत, ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर से पानी आपूर्ति और नियमित विद्युत सेवा बहाल करने की मांग उठाई। कार्यक्रम के पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरूलडीह थाना का सराहनीय पहल, गुम हुए 5 मोबाइल किया बरामद



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रोजेक्ट डिवाइस के सहयोग से गुरूवार को तिरुलडीह थाना अंतर्गत गुम हुए 05 मोबाईल को सीई आई आर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया गया। जिससे मोबाईल धारक का सत्यापन कर सही सलामत सौंप दिया गया। थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से गुम हुए 5 मोबाइल को पुलिस अधीक्षक के द्वारा लांच प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत बरामद कर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया।

### लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर आजसू ने सौंपा ज्ञापन



**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक आसपास क्षेत्रों में लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर गुरुवार को आजसू ने सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। आजसू जिला वरीय उपाध्यक्ष भूतनाथ महतो उर्फ भोलानाथ महतो के नेतृत्व में मिलन चौक आसपास क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर शिकायत की। भूतनाथ महतो ने बताया कि बीते 2 सप्ताह पूर्व से मिलन चौक,सितु, पिलीद, सोड़ो,सालुकडीह, चोगा, आदारडीह सहित पूरे ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। विद्युत सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा गया। आजसू नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ तो वे लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष शरत चंद्र महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, वरिष्ठ नेता कार्तिक कालिंदी उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक में बीडीओ ने दिया विकास का मूलमंत्र



**सरिया :** सरिया प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गर्मागरम बैठक आयोजित की गई, जहां जनता के मुद्दों को लेकर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी आमने-सामने हुए। प्रखंड की प्रमुख प्रीति कुमारी की अध्यक्षता और प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी के कुशल संचालन में हुई इस बैठक में विकास योजनाओं और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर गहन मंथन किया गया। बैठक की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें सभी प्रमुख विभागों के प्रतिनिधियों ने अपनी अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराई। पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को मजबूती से सदन के पटल पर रखा, जिसके बाद अधिकारियों और प्रतिनिधियों के बीच सवालों और जवाबों का तीखा लेकिन रचनात्मक दौर चला। पानी, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े सवालों पर प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को जमकर घेरा, जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने स्पष्ट और कड़े लहजे में कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग अनिवार्य है। सभी विभागों को जनता के प्रति पूर्ण रूप से जवाबदेह बनना होगा। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी पिंकू कुमार, संजय कुमार बरनवाल, डॉ ललन कुमार, डॉ अनूप कुमार सिंह, विनोद यादव, अलीमुद्दीन अंसारी, लाल मोहम्मद अंसारी, रेनू रवानी समेत कई पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।


**अभिहित अधिकारी -सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(खाद्य सुरक्षा शाखा)**

पत्रांक........................ दिनांक....................

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सड़क किनारे भोजन बेचने वालों (Street Food Vendors) और अन्य ईकाईयों (विनिमार्ण/प्रसंस्करण के अलावा) के लिए खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी दिश–निर्देश –**

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन एवं पंजीयन) विनियम 2011 के विनियम 2.1 के उप विनियम 2.1.1 के तहत पंजीयन प्राप्त करना वैधानिक आवश्यकता है। बासी, सड़ा – गला, एक्सपयरी अथवा खराब हो चुके खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं करेंगे। गर्मी के दिनों में खुले में रखे गए खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते है और ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है।
2. कचरा, अपशिष्ट जल, शौचालय, खुली नालियां और अवारा पशुओं जैसे प्रदूषण के संभावित स्रोतों से बचना चाहिए।
3. वेंडिंग कार्ट (रेहड़ी) की सतह जो भोजन या बर्तन के संपर्क में आती है, वह ठोस, जंग–रोधी सामग्री से बनी होनी चाहिए और उसे साफ व अच्छी स्थिति में रखा जाना चाहिए। खाद्य पदार्थ के निमार्ण में प्रयुक्त पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।
4. खाद्य स्थल या रेहड़ी मालिक द्वारा कचरे के लिए ढक्कन वाले डस्टबिन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
5. वेंडिंग सतह साफ, स्वच्छ, चिकनी और आसानी से साफ होने वाली होनी चहिए (जैसे स्टेनलेस स्टील) और जमीन से कम से कम 60–70 सेमी ऊंची होनी चाहिए।
6. विक्रेताओं के बर्तन, चम्मच, बक्से, अलमारियां आदि साफ–सुथरे होने चाहिए।
7. खाना पकाने के बर्तन जंगरहित और अच्छी स्थिति में होने चाहिए।
8. सभी कंटेनरों को साफ रखा जाना चाहिए और काम खत्म होने पर ढक कर सुरक्षित रखा जाना चाहिए।
9. सफाई, धुलाई और खाना पकाने के लिए उपयोग किया जाने वाला पानी पीने योग्य (Potable) होना चाहिए।
10. पीने के पानी का परिवहन ढके हुए और सुरक्षित कंटेनरों में किया जाना चाहिए।
11. खाना पकाने, भण्डारण और परोसने के लिए केमिकल कंटेनर, पेंट, तेल आदि के डिब्बों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।
12. हर उपयोग के बाद बर्तनों को अच्छी तरह साफ करना चाहिए।
13. प्लेट/बर्तनों को साफ कपड़े से पोंछना चाहिए।
14. स्वच्छता का ध्यान रखते हुए कार्य करना चाहिए।
15. सभी खाद्य हैंडलर्स साफ–सुथरे रहें, बाल ढकें रहें, नाखून कटे हों और काम शुरू करने से पहले हाथ धोएं।
16. भोजन बनाते समय ऐसे वस्त्र पहनने से बचें जिससे बाल या गंदगी भोजन में गिर सकती हो।
17. बिक्री के लिए रखी गई सभी वस्तुओं को ढककर रखना चाहिए। भोजन को केवल फूड–ग्रेड प्लास्टिक या स्टील कंटेनर में रखें।
18. परिसर में थूकना, धूम्रपान करना, छींकना या नाक साफ करना प्रतिबंधित है।
19. भोजन केवल जरूरत के अनुसार ही बनाया जाय।
20. बचे हुए खाद्य पदार्थों को तुरंत रेफ्रिजरेटर में रखा जाय।
21. शाकाहारी और मांसाहारी वस्तुओं के लिए अलग–अलग कंटेनर होने चाहिए।
22. कंटेनर का ढक्कन टाईट होना चाहिए और हर रोज सफाई की जानी चाहिए।
23. फीज का तापमान $4^{o}c$ - $6^{o}C$ के बीच होना चाहिए।
24. वेंडिंग युनिट का स्थान स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी
गुमला

PR 379236 District (26-27)_D

## संकट की घड़ी में दुनिया की संजीवनी है रेडक्रॉस

रेडक्रॉस की स्थापना महा- मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन "अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस" के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने "मेमोरी ऑफ सालफिरोनो" नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति "आईसीआरसी" का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत "अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट"की स्थापना हुई। डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतरराष्ट्रीय समिति "स्विस फेडरल काउंसिल" को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है। मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भूस्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले "अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी" की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में "रेडक्रॉस" संस्था सक्रिय है। भारत में "भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम" के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने "भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी" को मान्यता प्रदान की। भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया।

### सूडोकु नवताल- 7788

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7787 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन है वैचारिक बदलाव का संकेत

**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग-संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के "सांस्कृतिक पुनर्जागरण" के रूप में देख रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में "बंगाली अस्मिता" और "हिंदू पहचान" के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। "वंदे मातरम" का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुगार्पूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ।

पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन-इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था। अनेक लोगों को यह लगने लगा कि राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता का अभाव है। भाजपा ने इसी भावना को राजनीतिक रूप दिया। उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसकी राजनीति केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि "सांस्कृतिक सुरक्षा" स्थापित करने की राजनीति है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के दौरान "जय श्रीराम" जैसे नारे केवल धार्मिक उद्घोष नहीं रहे, बल्कि वे एक प्रकार के राजनीतिक प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बन गए।

इस चुनाव में हिंदी भाषी मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में हिंदी भाषी समाज का प्रभाव बढ़ा है। यह वर्ग लंबे समय से स्वयं को राजनीतिक रूप से उपेक्षित महसूस करता रहा था। भाजपा ने इस वर्ग को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि इस चुनाव को केवल "हिंदी बनाम बंगाली" के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। वस्तुतः भाजपा ने हिंदी भाषी और स्थानीय हिंदू समाज के बीच एक वैचारिक सेतु बनाने का प्रयास किया। उसने यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर है। यही कारण है कि बंगाल के अनेक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल कभी वामपंथ का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। वर्ग-संघर्ष, श्रमिक राजनीति और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा यहाँ की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रही। लेकिन समय के साथ यह विचारधारा जमीन से कटती चली गई। वामपंथी दल जनता की नई आकांक्षाओं, युवाओं की उम्मीदों और बदलते सामाजिक यथार्थ को समझने में असफल रहे। आज का युवा केवल वैचारिक भाषण नहीं चाहता- वह रोजगार, सुरक्षा, सांस्कृतिक सम्मान और विकास चाहता है। यही कारण है कि वामपंथ धीरे-धीरे राजनीतिक हाशिये पर पहुँच गया। भाजपा ने इस खाली स्थान को भरते हुए स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता को अनेक लोग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों से भी जोड़कर देख रहे हैं। डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया और राष्ट्रीय एकात्मता को सर्वोपरि माना। बंगाल की राजनीति में भाजपा का उभार कहीं न कहीं उसी विचारधारा की पुनर्स्थापना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बंगाल अब केवल क्षेत्रीय राजनीति का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह पुनः राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व करेगा। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या इन चुनाव परिणामों को "हिंदू पुनर्जागरण" कहा जा सकता है? इसका उत्तर पूरी तरह सरल नहीं है, किंतु इतना स्पष्ट है कि हिंदू समाज के भीतर अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर एक नई जागरूकता अवश्य उत्पन्न हुई है। यह जागरूकता केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीतिक अभिव्यक्ति का भी रूप ले रही है। हालांकि किसी भी लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक चेतना सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के साथ संतुलित रहे। यदि पहचान की राजनीति संवाद और समावेशिता के बजाय टकराव का रूप लेती है, तो वह लोकतंत्र के लिए चुनौती बन सकती है। इसलिए बंगाल के इस परिवर्तन को केवल विजय उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी और आत्ममंथन के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीति अब एक नए मोड़ पर खड़ी है। भाजपा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल अब राजनीतिक रूप से "अपवाद" नहीं रहा। यहाँ भी वही प्रश्न महत्वपूर्ण हो गए हैं जो देश के अन्य हिस्सों में प्रभावी हैं-सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रवाद, सुरक्षा, विकास और सामाजिक संतुलन। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ जिम्मेदारियाँ भी आती हैं। यदि भाजपा वास्तव में बंगाल में एक नए युग की शुरूआत करना चाहती है, तो उसे केवल वैचारिक नारों तक सीमित नहीं रहना होगा। उसे रोजगार, उद्योग, शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करना होगा। बंगाल की धरती ने हमेशा भारत को विचार, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रवाद की नई दिशा दी है। आज फिर इतिहास एक नए मोड़ पर खड़ा है। आने वाला समय तय करेगा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लहर साबित होगा या वास्तव में बंगाल के सांस्कृतिक और वैचारिक पुनर्जागरण का आधार बनेगा।

# हर सत्ता अपना अंत स्वयं लिखती है

**विजय मनोहर तिवारी**

पश्चिम बंगाल की राजनीति पाप का एक ऐसा घड़ा भर रही थी, जो कब का लबालब हो चुका था। उसे इतनी ही जोर से फूटना ही था। अब तक तीन ताकतें ही बंगाल में काबिज रहीं। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और फिर टीएमसी। तीनों ही अलग नहीं हैं। तीसरी ताकत पहली से टूट कर ही बनी। पहली और दूसरी की यारी ईमान पर टिकी थी। ईमान का यह तत्व टीएमसी में जन्मजात था। ईमान को मजबूत बताने की होड़ तय करती थी कि घुसपैठियों के प्रति कौन कितना दयावान है। इन नतीजों ने देश के दूसरे हिस्सों में पहले ही दिवालिया हो चुके 'मजहबी वोटबैंक' की एक और मजबूत ब्रांच को उजाड़ दिया है।

कम्युनिस्टों के लंबे कब्जे में आने के बाद कोलकाता धीरे-धीरे एक कबाड़खाना ही बन गया। नाजायज कब्जों और वसूली का ऐसा मॉडल शायद ही देश में कहीं हो। शानदार शोरूम वाले भीड़ भरे बाजारों के चौड़े फुटपाथ अतिक्रमण में ऐसी दुकानों को दे दिए गए, जिनके मुंह शोरूम की तरफ थे। पूरे कोलकाता में यह एक समांतर अर्थव्यवस्था है, जिसकी सत्ता कम्युनिस्टों के हाथ से खिसक कर टीएमसी के हाथ में आ गई क्योंकि हारने के बाद गलियों के सारे कम्युनिस्ट गिरोह टीएमसी की तगाड़ी उठाने लग गए। कुछ नहीं बदला। पोरिबर्तन केवल एक नारा साबित हुआ था।

अंग्रेज आर्किटेक्ट और टाउन प्लानर आज के कोलकाता में राइटर्स बिल्डिंग से होकर तीन-चार किलोमीटर चारों ओर के बाजारों और फुटपाथों पर घूमकर देखें तो एक स्वर कहेंगे- 'ये इसी लायक थे।' केवल कोलकाता ही नहीं दूसरे शहरों में भी बंगाल विचित्र है। रेलवे स्टेशनों पर आपने कब्जे बाहर देखे होंगे मगर स्टेशन मास्टर के ऑफिस से सटकर दोनों तरफ प्लेटफॉर्मों पर रेल के डिब्बों की तरफ खुलती दुकानों का बाजार देश में कहीं नहीं देखा होगा। रेलवे की जमीन पर प्लेटफार्मों पर कब्जों का यह अनूठा प्रयोग केवल बंगाल में ही संभव हुआ। रेलमंत्री या मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता बनर्जी के 'पोरिबर्तन' में यह कोई विषय ही नहीं था। नशे के फैलाव के कारण पंजाब को एक फिल्म में 'उड़ता हुआ पंजाब' कहा गया। बंगाल की कई यात्राओं के बाद मैंने बहुत दुख से इसे 'सड़ता हुआ बंगाल' कहा था। ये नतीजे बता रहे हैं कुछ उम्मीद बाकी है। वह पूरी तरह सड़ा नहीं है।

जनवरी में मेरा वेलूर मठ और दक्षिणेश्वर जाना हुआ। पहले भी गया हूँ और कोलकाता के वे स्थान, जहाँ स्वामी विवेकानंद की स्मृतियाँ ताजा हैं। महर्षि अरविंदो, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, बंकिमचंद्र, शरतचंद्र के अलावा बड़ा बाजार की पुरानी इमारतों के बीच ठाकुरबाड़ी, जहाँ गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर के परिवार की अनगिनत यादें हैं। हर बार मैं सोचता रहा कि ये विभूतियाँ अगर आज के बंगाल की हालत देखें तो क्या सोचेंगी? इतने गहरे सांस्कृतिक संस्कारों और सरोकारों वाले पुनर्जागरण की भूमि को यह कौन-सा अभिशाप जकड़े हुए है?

बंकिम अपनी मातृभूमि का वंदन करने के लिए उस सरहद के किस तरफ मुंह करेंगे, जिसकी दूसरी ओर से आने वाले अपराधी घुसपैठिए इस तरफ के बंगाल का राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र और समाज शास्त्र उलटने में लगे हैं और उन्हें पोसने वाले यहाँ वंदनवार सजाए हुए हैं। उन्हें कोलकाता से ढाका तक देखना होगा कि डायरेक्ट एक्शन से रक्तरंजित उनकी मातृभूमि किस बुरे हाल से गुजरी है और रक्तबीजों की अमरबेल कहाँ-कहाँ लिपटी पड़ी है। अतीत में झाँकना हर समय सुखद नहीं होता मगर वह ब्लैक एंड व्हाइट में कुछ निष्कर्ष हमें जरूर देता है।

कोई भी राजनीतिक दल सीटों की संख्या के हिसाब से सिमटना और सिकुड़ना बाद में शुरू करता है, पहले वह वैचारिक रूप से दिवालिया होता है। विचार ही राजनीति में महत्वपूर्ण है। आजादी के बाद का इतिहास हर दशक में हर राज्य में अपनी परतें उघाड़ता है।

स्वाधीनता संघर्ष की खुमारी सत्ता में जितना टिकाए रख सकती थी, टिकाया मगर भारत के लिए कोई नया और मौलिक विचार उस दौर की राजनीति पैदा नहीं कर सकी। सत्ता ही विचार में थी, जो केंद्र के बाद राज्यों में भी परिवार केंद्रित होती गई। इसलिए आपातकाल तक आते-आते सब बिखरने लगा। विचारहीन राजनीति कोई सबक सीखने लायक भी नहीं बचती। बूढ़े दरख्त की सूखी शाख ठूँठ हो जाती हैं। हरी कोंपले वहाँ नहीं आती। रात के वक्त वहाँ बैठे उल्लू सिर घुमाकर आँखें चमकाते हैं।

आजादी के बाद हुए हजारों छोटे-बड़े आंदोलनों को देखें। ऐसे आंदोलन जिन्होंने देश की राजनीति को स्थाई रूप से प्रभावित और परिवर्तित किया। अयोध्या के राममंदिर आंदोलन को आप किस कसौटी पर रखेंगे? एक विचार को लेकर कुछ नेता एक नई-नई पार्टी बनाकर देश में घूमते-भटकते रहे। उन्हें दकियानूसी कहा गया, जिनका आधुनिक विश्व की जरूरतों से कोई सरोकार नहीं था। वे बार-बार की हार से भी नहीं हारे। हार-हारकर भी अपने विचार पर टिके रहे-तुष्टिकरण का विरोध, कश्मीर में 370, समान नागरिक संहिता और अयोध्या में एक मंदिर। सब हँसते थे। गरियाते थे। मजाक उड़ाते थे। मगर उनके पास कोई दूसरा मौलिक विचार भी नहीं था। दिल्ली, लखनऊ, पटना, श्रीनगर, चेन्नई, चंडीगढ़ में सत्ता परिवारों के पास थी। विचारहीन पारिवारिक रियासतें, जिनके लिए सत्ता ही विचार थी।

बंगाल पर लौटते हैं। बंगाल एक कठिन और जटिल राजनीतिक भूमि है। दशकों की बिगड़ी आदतें हैं, जो रक्त में समा गई हैं और इनका शुद्धिकरण सरल नहीं है। दो सौ पार का यह परिणाम बेचैन बंगालियों की अनंत अपेक्षाओं का एक भारी-भरकम बोझ भी है, जो अब नए कंधों पर है। मगर असंभव को संभव बनाना भी केवल राजनीति से ही संभव है। बिहार, यूपी और असम में एक जैसी समस्याओं का विस्तार है, जिनमें डेमोग्राफी सबसे चिंतानक है। वोट बैंक बनाकर तुष्टिकरण की राजनीति ने इस घुन को लगभग पूरे देश में फैलने के लिए अनुकूल जमीन तैयार की है, जिसके बुरे परिणाम पूरे देश में उबलते देखे जाते हैं।

बंगाल के नए नेतृत्व को वास्तविक परिवर्तन के लिए असम, यूपी और उत्तराखंड के तजुर्बों से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। परिणाममूलक परिवर्तन के कुछ सूत्र हेमंता बिस्वा सरमा से लेने ही पड़ेंगे, कुछ पाठ योगी आदित्यनाथ से सीखने होंगे और थोड़ा सा पुष्कर सिंह धामी की पहली कक्षा में झांकते हुए आगे बढ़ना होगा। इन तीनों सीनियर्स में एक को तीसरी बार चुना गया है, दूसरे दूसरी पारी खेल रहे हैं और तीसरे पहली बार के सीएम हैं। इस गुरुकुल में केवल ये तीन ही बंगाल के नए नेतृत्व के लिए अनुकरणीय पाठशालाएँ हैं और सबसे ऊपर दिल्ली के कुलाधिपति। कठोर अनुशासन, सुविचारित योजना, निर्णय क्षमता और निडरता से क्रियान्वयन कुछ ऐसे मंत्र हैं, जो सबके लिए प्रभावी होते हैं। इन पर अमल के लिए किसी ने किसी को नहीं रोका है।

बंगाल लंबे समय के लिए अवसर देता है। वह दूसरे उन राज्यों जैसा नहीं है, जहाँ एक बार ये और दूसरी बार वो। बंगाल बार-बार के बदलाव में यकीन नहीं करता। वह एक बार ही झाड़ू फेर देता है। आजादी के बाद कांग्रेस सिरमौर रही, तीन दशक तक कम्युनिस्टों को सिर पर बैठाया और डेढ़ तक टीएमसी को लादे रहा। दोनों के चक्कर में कीमती 50 साल बरबाद हो गए। देश कहाँ से कहाँ पहुँच गया और बंगाल किस चक्रव्यूह में फँसा रहा।

अब अगले खिलाड़ी विजेता बनकर आ रहे हैं तो 80 साल के इन तजुर्बों से कुछ सीखकर वे उम्मीदें जगा सकते हैं। एक लंबी पारी उनके हिस्से में है। 15 साल पहले टीएमसी ने बड़े जोर से परिवर्तन का नारा कम्युनिस्टों के कुशासन से मुक्ति के रूप में दिया गया था। मगर टीएमसी ने कम्युनिस्टों की राजनीतिक टेम्पलेट से ही काम चलाकर बंगाल की बदहाली को और बढ़ा दिया। परिवर्तन के अब तक नारे सुनता रहा बंगाल क्या सचमुच में परिवर्तन का स्वाद चख पाएगा? सत्ता अपना आरंभ स्वयं लिखती है और अपना अंत भी। बंगाल में एक अंत लिखा गया है और एक आरंभ भी!

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मूडीज नहीं, कई तथ्य हैं मोदी सरकार में भारत की आर्थिक मजबूती के

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दुनिया इस समय आर्थिक अस्थिरता, युद्धों, ऊर्जा संकट, महंगाई और वैश्विक व्यापारिक तनावों के दौर से गुजर रही है। कोविड महामारी के बाद अनेक विकसित और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं अब भी पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी हैं। ऐसे समय में भारत का लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ना अपने आप में महत्वपूर्ण संकेत है। यही कारण है कि आज भारत को दुनिया की सबसे भरोसेमंद उभरती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स की हालिया रिपोर्ट ने भी इस तथ्य की पुष्टि की है कि भारत ने हर बड़े वैश्विक आर्थिक झटके के बीच उल्लेखनीय स्थिरता दिखाई है। कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुई महंगाई, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति, बैंकिंग संकट और हालिया वैश्विक शुल्क दबाव जैसे अनेक संकटों के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति संतुलित बनी रही।

वस्तुतः भारत की आर्थिक मजबूती को केवल मूडीज की रिपोर्ट तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। इसके पीछे अनेक ऐसे ठोस तथ्य हैं, जो यह बताते हैं कि बीते वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक नीतियों में जो स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टि दिखाई दी, उसी का परिणाम है कि आज भारत वैश्विक निवेशकों के लिए सबसे आकर्षक बाजारों में शामिल हो चुका है।

मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत की मौद्रिक नीति को उसकी सबसे बड़ी ताकत बताया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दुनिया के अनेक देशों में महंगाई दोहरे अंक तक पहुंच गई, मगर भारत ने उसे नियंत्रित दायरे में बनाए रखा। निवेशकों का भरोसा इसी कारण लगातार बढ़ा है।

भारत की दूसरी बड़ी ताकत उसका विशाल विदेशी मुद्रा भंडार है। यह भंडार आर्थिक सुरक्षा कवच है। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता आने पर यही भंडार रुपये को स्थिर रखने और आयात जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। अनेक देशों की मुद्राएं वैश्विक दबाव में तेजी से कमजोर हुईं, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत अधिक संतुलित बनी रही। वहीं, भारत की घरेलू मांग भी उसकी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरी है। देश की विशाल आबादी और बढ़ता मध्यम वर्ग आर्थिक गतिविधियों को गति देता है। यही कारण है कि वैश्विक मंदी के दौर में भी भारत में खपत बनी रही। हाउसिंग, वाहन, डिजिटल सेवाओं और उपभोक्ता वस्तुओं की मांग लगातार बढ़ती दिखाई दी।

वित्त वर्ष 2025-26 के बैंकिंग आंकड़े इस मजबूती को और स्पष्ट करते हैं। 15.9 प्रतिशत की क्रेडिट ग्रोथ यह संकेत देती है कि उद्योग, व्यापार और उपभोक्ता क्षेत्र में गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। कुल कर्ज 212.9 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचना आर्थिक विस्तार का बड़ा संकेत है। सेवा क्षेत्र में 19 प्रतिशत की क्रेडिट वृद्धि बताती है कि भारत का सर्विस सेक्टर लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल सेवाएं, पर्यटन, स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाओं ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। उद्योग क्षेत्र में भी कर्ज वितरण लगभग दोगुना होकर 15 प्रतिशत तक पहुंचा है, जो विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेत देता है। विशेष रूप से माइक्रो और स्मॉल इंडस्ट्रीज में 33.1 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि आर्थिक विकास अब केवल बड़े शहरों या कॉरपोरेट समूहों तक सीमित नहीं रहा। छोटे उद्योगों और स्थानीय उद्यमों को भी वित्तीय मजबूती मिल रही है। यही वास्तविक अर्थों में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता कदम है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संकेत भी उत्साहजनक हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 15.7 प्रतिशत की क्रेडिट ग्रोथ बताती है कि गांवों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। कृषि क्षेत्र में तकनीक, सिंचाई, खाद्य प्रसंस्करण और ग्रामीण आधारभूत संरचना पर ध्यान देने का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। टैक्स संग्रह के आंकड़े भी आर्थिक मजबूती का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। प्रत्यक्ष कर संग्रह में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि बताती है कि आर्थिक गतिविधियां स्थिर हैं और कर अनुपालन बेहतर हुआ है। कॉरपोरेट टैक्स में बढ़ोतरी कंपनियों की बेहतर आय और कारोबार विस्तार की ओर संकेत करती है।


इसके साथ आज जो दिख रहा है, वह यह भी है कि देश में डिजिटल भुगतान और तकनीक आधारित प्रशासन ने कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया गया है। व्यक्तिगत ऋणों में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि यह दिखाती है कि आम नागरिकों का आर्थिक विश्वास मजबूत हुआ है। लोग घर खरीद रहे हैं, वाहन ले रहे हैं और निवेश करने का साहस दिखा रहे हैं। यह किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है।

वास्तव में भारत की आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा आधार नीतिगत स्थिरता है। पिछले वर्षों में आधारभूत संरचना निर्माण, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, जीएसटी, बैंकिंग सुधार और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। वस्तुतः आज भारत को लेकर इसलिए ही दुनिया की अनेक शक्तिशाली संस्थाएं- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, एसएंडपी और फिच भी भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं को सकारात्मक मान रही हैं।

स्पष्ट है कि भारत की आर्थिक मजबूती किसी एक रिपोर्ट या एजेंसी के मूल्यांकन का परिणाम नहीं है। इसके पीछे मजबूत नीतियां, विशाल घरेलू बाजार, बढ़ता निवेश, बैंकिंग स्थिरता, डिजिटल क्रांति, विदेशी मुद्रा भंडार और जनविश्वास जैसे अनेक ठोस आधार मौजूद हैं। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और विश्व की सबसे भरोसेमंद अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह लगातार मजबूत कर रहा है।

## दैनिक पंचांग

**8 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.50 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 07.49 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.02 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.18 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.30 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.41 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.55 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 23.17 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ | 01.03 बजे से |
| | | मीन | 02.36 बजे से |
| | | मेष | 04.06 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 128 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 12.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 21.20 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 02.30 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** वणिज 12.22 बजे तदनन्तर विष्टि 01.17 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872703
**जूलियन दिन** 2461168.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# झामुमो का धरना, बढ़ती महंगाई व महंगे एलपीजी के खिलाफ किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन चौक पर गुरुवार को झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने केंद्र की "भाजपा सरकार" के गलत निर्णयों के कारण देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने अपनी गलत नीतियों से देश में महंगाई बढ़ा दी है। कमर्शियल एलपीजी गैस महंगा हो गया है।




इसका असर देश की गरीब जनता पर पड़ रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी इस महंगाई के विरोध में देश की गरीब जनता के साथ खड़ी है। झामुमो केन्द्र की भाजपा सरकार से मांग करती है कि बढ़ाये गए एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम कम करें। अन्यथा झामुमो सड़क लेकर सदन तक आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो सड़क व रेल को खाली गैस सिलेंडर से पाट देंगे।

मौके पर जिला सचिव सुरेश टुडू, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा, संजीव सामु हेंब्रम, जिला युवा मोर्चा सचिव मो मारुफ, प्रो नजरुल इस्लाम, नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव, अमरनाथ यादव, अखलाकुर रहमान, नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, प्रो मोजम्मिल हक सहित सभी प्रखंडों से अध्यक्ष, सचिव व सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार समेत तीन लोग घायल

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो बजाज शो-रूम के समीप बाईक सवार ने पैदल यात्री को टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार बरहरवा निवासी सुरज कुमार महतो (26) एवं राहुल चन्द्र साह (32) बरहरवा से बोरियो की ओर आ रहे थे। वहीं बोरियो संथाली निवासी लक्ष्मण साह (45) पैदल हाईवे मोड़ से बोरियो बाजार आ रहा था। बाईक सवार ने लक्ष्मण को पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर उपस्थित डॉ. सुदामा साह ने प्राथमिक उपचार किया।

### बरसात से पूर्व वार्ड नंबर 07 में बड़े नाला का युद्ध स्तर पर हो रही सफाई



**साहिबगंज:** बरसात से पूर्व वार्ड नंबर 07 में बड़े नाला का सफाई अभियान युद्ध स्तर पर तेज कर दी गई है, लंबे समय से नाला जाम रहने के कारण रोड पर जल जमाव जैसी समस्याएं आती रही है,इसलिए सफाई कर्मियों के साथ कर्मचारी पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षद के सहयोग से युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही वार्ड के सभी खराब पड़े बिजली पोल में लगी लाइट की मरम्मती कर वार्ड में प्रकाश की उत्तम व्यवस्था करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है,इस अभियान में नागरिकों से भी वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा घूम घूम कर अनुरोध कर नाला में कचरा फेंकने के लिए वर्जित किया जा रहा है,एनएच-80 पर गलत निर्माण के चलते पुराने नाला से नहीं जोड़ने की वजह से पानी का निकास बाधित हो रहा है,संवेदक ने पूरे नाला को डस्टबिन के रूप में बनाकर छोड़ दिया है,जिससे रोड के दोनों ओर जल का निकास बाधित है,और रोड पर बरसात में पानी आ जाता है,उच्च अधिकारियों ने बिना जांच के ही संवेदक को भुगतान भी कर दिया होगा, विकास नहीं होने के कारण नगर परिषद सफाई कर्मचारी को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है,जगह-जगह लोगों ने नाला के ऊपर प्लेटफार्म बना दिया है,जिसके चलते भी नाला बाधित है ऐसे में नगर परिषद को शहर भ्रमण कर नल के कठिनाइयों को दूर करने की दिशा में तकनीकी निर्णय लेते हुए विकास की व्यवस्था पर अभिलंब निर्णय लेना होगा, नाला निर्माण का स्वच्छ स्वरूप तय करना होगा,तभी शहर का विकास संभव है।

# आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाने के लिए शुरू की गई डायल 112 सेवा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में लोगों के लिए भरोसेमंद सहारा बनती जा रही है। पुलिस, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं को एक ही नंबर के जरिए उपलब्ध कराने वाली यह व्यवस्था तेजी से प्रभावी साबित हो रही है। डीएसपी हेड क्वार्टर विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि पहले जहां 100 नंबर के जरिए पुलिस सहायता दी जाती थी, वहीं अब डायल 112 के लागू होने से व्यवस्था और भी मजबूत व आधुनिक हो गई है। यह सेवा लोगों तक आसान और त्वरित सहायता पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले चार महीनों में करीब 1200 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं, जिनका तेजी से निष्पादन किया गया है। खास तौर पर अप्रैल महीने का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया



कि साढ़े 350 से अधिक कॉल्स प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई की गई।डीएसपी ने कहा कि डायल 112 की सफलता में तेज रिस्पांस और बेहतर समन्वय की बड़ी भूमिका है। जरूरतमंदों तक समय पर पुलिस सहायता पहुंच रही है, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। साथ ही उन्होंने इस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर देने और मीडिया से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को डायल 112 के बारे में जानकारी होगी, तभी इसका पूरा लाभ समाज को मिल पाएगा।

# अवैध हथियार फैक्ट्री का पदार्फाश, बिहार एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ आमगाछी में पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध मिनी हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। जहां से पुलिस ने एक दर्जन से अधिक अवैध आधे बने हथियार, लेथ मशीन और भारी सामान बरामद किया है।

**पटना गिरफ्तारी से खुला पूरा नेटवर्क**

मिली जानकारी के अनुसार बिहार के पटना में अवैध हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर एसटीएफ की टीम गठित कर बिहार एसटीएफ ने साहिबगंज पुलिस के साथ रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ आमगाछी में छापेमारी की।



बंद घर में चल रहा था हथियार निर्माण बंद घर का ताला तोड़कर जब पुलिस अंदर दाखिल हुई तो वहां हथियार बनाने की मशीन और 1 दर्जन से अधिक आधे बने हुए हथियार मिले। पुलिस ने मौके से तीन लेथ मशीन और एक लोहा पिघलाने की मशीन भी जब्त की है। छापेमारी के दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था, पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**मौके पर ये लोग रहे मौजूद**

स्थानीय लोगों के मुताबिक उक्त स्थान पर लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि यह घर बिहार के वकील नामक व्यक्ति का है। मौके पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन कुमार खंडेलवाल, बरहरवा इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा, रांगा थाना प्रभारी गौरव कुमार भगत, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह सहित बिहार के कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों राज्यों में नेटवर्क खंगालना शुरू कर दिया है।

# ‘वन वीक वन सीएचसी’ विशेष टीकाकरण अभियान का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला आरसीएच पदाधिकारी, साहिबगंज डॉ किरण माला द्वारा तालझारी प्रखंड अंतर्गत पोखरिया पहाड़ क्षेत्र में संचालित "वन वीक वन सीएचसी" विशेष टीकाकरण अभियान का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अभियान की प्रगति, सत्र संचालन, टीकाकरण व्यवस्था तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। सघन सर्वेक्षण के उपरांत सीएचसी में कुल 05 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया, ताकि छूटे हुए एवं ड्रॉपआउट बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर टीकाकरण से आच्छादित किया जा सके।

निरीक्षण के क्रम में लेबर रूम



एवं लेबर रजिस्टर की जांच की गई तथा संबंधित सीएचओ, एएनएम स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सभी नवजात शिशुओं को जन्म के 24 घंटे के भीतर जन्म डोज टीके- विटामिन के, पोलिय , हेपटाइटिस-बी एवं बीसीजी- अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि संस्थागत प्रसव के पश्चात किसी भी नवजात का टीकाकरण लंबित न रहे। इसके अतिरिक्त एएनसी (एंटी नेटल केयर) रजिस्टर का अवलोकन करते हुए रजिस्टर को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया गया। सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी जांच सुनिश्चित करने, पीएमएसएमए दिवस का नियमित एवं प्रभावी संचालन करने तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी महिलाओं की पहचान कर उनका नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराने हेतु संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, टीकाकरण कवरेज बढ़ाने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु क्षेत्रीय स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा होटल एवं किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुपालन को लेकर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा जिले के विभिन्न होटल एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठानों के संचालकों को परिसर की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना फूड लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं करने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप लाइसेंस प्राप्त कर ही व्यवसाय संचालित करने को कहा गया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का प्रयोग नहीं करने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसएसबी ढाबा, गुरुकुल, वाणी आइसक्रीम, रामचंद्र, जमारूल शेख एवं शोहेल शेख को खाद्य सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजनों से भी स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

# जनगणना 2027 को लेकर प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को हिरणपुर प्रखंड सभागार में जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर आयोजित प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों से संवाद करते हुए जनगणना की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जो देश की विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के वितरण एवं नीतिगत निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन का आधार होते हैं, इसलिए इसकी शुद्धता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। प्रगणक विशेष मोबाइल एप के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़ों



का संग्रहण करेंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनेगी। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक सेल्फ एन्यूमरेशन, 16 मई से 14 जून 2026 तक हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन तथा फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना प्रस्तावित है। उन्होंने सभी प्रगणकों को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का उपयोग क्षेत्रीय कार्यों में प्रभावी रूप से करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हिरणपुर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

▶ स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब को शीघ्र दुरुस्त करने तथा विद्यालय में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के दिए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, हिरणपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चल रहे हिंदी एवं भूगोल की कक्षाओं का अवलोकन किया तथा छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं के समय एवं विषयवार



पढ़ाई की जानकारी लेते हुए विद्यालय प्रबंधन से टाइम टेबल के संबंध में पूछताछ की। टाइम टेबल प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर उन्होंने सभी कक्षाओं के लिए व्यवस्थित टाइम टेबल तैयार कर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब खराब पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान छात्राओं ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन के लिए प्रेरित किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा छात्राओं से भोजन, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने छात्राओं से यह भी पूछा कि वे कौन-कौन से खेल खेलती हैं तथा खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही पीएम श्री योजना अंतर्गत प्राप्त राशि एवं उसके उपयोग की जानकारी ली।उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर से एक टीम गठित की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिनाम संकीर्तन समिति की ओर से भव्य बाउल गान कार्यक्रम का किया आयोजन



**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड के कमलैन बगीचा (कन्हैयास्थान) गांव में बुधवार की रात हरिनाम संकीर्तन समिति की ओर से भव्य बाउल गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के शिमला से पहुंचे भोलटू महलदार एंड ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। बाउल गान को देखने और सुनने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे थे। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और बाउल संगीत प्रस्तुत कर पूरी रात माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत के साथ आलोचना एवं सवाल-जवाब का दौर भी चला, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया और रातभर कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के अध्यक्ष कालीचरण मंडल, सचिव राजनंदन मंडल, कोषाध्यक्ष राजेश मंडल, रामदास मंडल, बलराम मंडल, राजकिशोर मंडल, हरिपद प्रमाणिक, वासुदेव मंडल, धर्मेंद्र मंडल सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के नील कोठी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के बंदना कक्ष में प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप चिरानियां,समिति सदस्या पापड़ी अरविन्द द्वारा भारत माता, सरस्वती माता के फोटो पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कक्षा तृतीय से लेकर कक्षा दशम तक के छात्रों के अभिभावक उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि में स्कूल में संस्कार, पढ़ाई और सर्वांगीण विकास कर जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। प्रदीप चिरानियां ने बेहतर शिक्षा कैसे प्रदान किया जाए से संबंधित विषयों को अभिभावकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। अभिभावकों ने भी अपनी-अपनी बातों को रखा। मौके पर शिक्षक, सुरेंदर कुमार, झुंपा साहा, राहुल दास आदि अन्य अभिभावक उपस्थित थे।

### जनगणना प्रशिक्षण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को में जनगणना प्रशिक्षण का बैच संख्या 6 एवं 7 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम दिन, जिसमें सभी प्रगणक और सुपरवाइजर को जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण प्रशिक्षक राजीव कुमार शर्मा, निलेश तिवारी, राजू झा, संतोष कुमार महतो के द्वारा दिया गया। मौके पर पीपीटी के माध्यम से जनगणना से संबंधित विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, प्रभारी सांख्यिकी पदाधिकारी मो शम्स आजम, जनगणना सहायक निरंजन गुप्ता, सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने दो न्यायालय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** राधानगर पुलिस ने व्यवहार न्यायालय राजमहल से जारी वारंटी को गिरफ्तार करने हेतु विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने अभियान में दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राजमहल न्यायालय में थाना क्षेत्र के बोतलू टोला फुदकीपुर निवासी सिदाम कर्मकार के खिलाफ जीआर नं. 608/16 तथा महाजन टोला फुदकीपुर निवासी अरविंद मंडल के खिलाफ जीआर नं. 266/23 के तहत मामला दर्ज था। न्यायालय के द्वारा दोनों को गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था। इधर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दोनों वारंटी को गिरफ्तार करने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाकर दोनों को गिरफ्तार किया गया। जिसे कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में उपस्थित कर दोनों को जेल भेज दिया।

### पीएमएफएमई योजना को लेकर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**पाकुड़:** महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पाकुड़ द्वारा जानकारी दी गई कि उद्योग विभाग अंतर्गत प्रबंध निदेशक, जिडको, रांची, झारखंड के निदेशानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने तथा स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएमएफएमई योजना विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जागरूकता शिविर दिनांक 14 मई 2026 को जिला उद्योग केन्द्र, पाकुड़ के कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के उद्यमियों, व्यवसायियों एवं इकाइयों को पीएमएफएमई योजना से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविर के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा तथा स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पाकुड़ रमाकांत चतुर्वेदी ने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं व्यवसायियों से निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक लाभुक अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं, ताकि आवश्यक प्रक्रिया में सुविधा हो सके।

## एक नजर

### युवती ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुम्बीसाई गांव में गुरुवार सुबह चाईबासा सिविल कोर्ट के सेवानिवृत्त सहायक क्लर्क चक्रधर बारी की पुत्री शबनम बारी (35) ने खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार, शबनम बारी बुधवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। गुरुवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई। जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो शबनम को रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ पाया। यह दृश्य देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। परिजनों के मुताबिक, शबनम पिछले काफी समय से मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रही थी। बताया गया कि नौकरी नहीं मिलने और शादी में लगातार हो रही देरी को लेकर वह काफी परेशान रहती थी। परिवार वालों का कहना है कि वह अक्सर अपने भविष्य को लेकर चिंता जाहिर करती थी और मानसिक रूप से टूटती जा रही थी। हालांकि परिवार ने उसे संभालने और समझाने का प्रयास भी किया था।

### खड़ी कार में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टूइलाडुंगरी स्थित साईं मोटर्स के सेल-पर्चेस परिसर में गुरुवार तड़के अचानक एक कार में आग लग जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना गोलमुरी थाना और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार का अधिकाश हिस्सा जल चुकी थी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**खूंटी :** मुरहू थाना क्षेत्र के गोड़ाटोली गांव में गुरुवार को 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से पांडा मुंडा (62) नामक वृद्ध की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब पांडा मुंडा गांव के पास खेत में मवेशी चरा रहे थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब पौने चार बजे तेज हवा के बाद बूंदाबांदी के दौरान अचानक 11 हजार वोल्ट का बिजली तार टूटकर पांडा मुंडा के ऊपर गिर गया। करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि बारिश से बचने के लिए उन्होंने छाता ओढ़ रखा था। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना से कुछ देर पहले इलाके में तेज हवाएं चली थीं, जिससे बिजली का तार टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# महंगाई और गैस मूल्य वृद्धि के खिलाफ झामुमो का धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। केंद्र सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में जिले के विभिन्न प्रखंडों और दूर-दराज ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। सुबह से ही उपायुक्त कार्यालय परिसर के आसपास झामुमो कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

धरना-प्रदर्शन को खास बनाने के लिए महिलाओं ने पारंपरिक आदिवासी परिधान पहनकर विरोध दर्ज कराया। कई महिलाएं सिर पर लकड़ी के बंडल और चूल्हे में उपयोग होने वाले लकड़ी लेकर पहुंचीं। उनका कहना था कि गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ने के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रसोई चलाना मुश्किल हो गया है, जिसके चलते लोगों को फिर से लकड़ी और पारंपरिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं पुरुष कार्यकर्ता हाथों में लकड़ी और गैस सिलेंडर के प्रतीकात्मक पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

धरना स्थल पर "महंगाई पर रोक लगाओ", "गैस सिलेंडर सस्ता करो", "जनविरोधी नीतियां बंद करो" जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार बोझ बढ़ता जा रहा है। खाने-पीने की वस्तुओं, पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

धरना को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष विक्टर सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं से पूरी तरह कट चुकी है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल बड़े उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं करती है तो झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन को और तेज करेगा। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सगन पूर्ति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। गैस सिलेंडर की कीमत इतनी बढ़ गई है कि कई परिवारों ने गैस का उपयोग कम कर दिया है। पूर्व सांसद सुमन महतो ने कहा कि महिलाओं पर महंगाई का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है और केंद्र सरकार को तुरंत रसोई गैस के दाम कम करने चाहिए।

केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन और योगेंद्र सिंह निराला ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। नेताओं ने कहा कि चुनाव के समय महंगाई कम करने का वादा करने वाली सरकार आज जनता को राहत देने में विफल साबित हो रही है।

धरना-प्रदर्शन के बाद झामुमो नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां उपायुक्त राजीव रंजन को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

### उपायुक्त ने की जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा

**खूंटी :** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए आमजनों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंक, समाहरणालय, प्रखंड और अंचल कार्यालयों सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों, शिक्षकों, चिकित्सकों और कर्मियों से स्व-गणना पोर्टल पर जाकर स्वयं जानकारी दर्ज करने एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा।

# चार दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ सफल समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में कर्मचारियों की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित चार दिवसीय सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 04 मई से 07 मई तक चले इस विशेष प्रशिक्षण में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जीवन रक्षक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को हृदय गति रुकने, सांस बंद होने जैसी आपात स्थितियों में तुरंत सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया सिखाई गई। फैक्ट्री मेडिकल ऑफिसर डॉ. लेखराज ने प्रतिभागियों को बेसिक सीपीआर तकनीक, प्राथमिक उपचार और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण पूरी तरह हैंड्स-ऑन आधारित रहा, जिससे कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कंपनी के विभिन्न विभागों और व्यावसायिक इकाइयों से जुड़े कर्मचारियों ने भाग लिया। अंतिम दिन सेंट्रल ट्रेनिंग हॉल में आयोजित सत्र में प्रतिभागियों ने सीखी गई तकनीकों का अभ्यास भी किया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों में सीखने की उत्सुकता और जागरूकता साफ देखने को मिली। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रबंधन ने यह भी कहा कि सीपीआर का प्रशिक्षण केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशिक्षित कर्मचारी किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधन ने भविष्य में भी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता से जुड़े प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफल संचालन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** बागीटांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्रांगण में ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के कुशल नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन उत्साह, अनुशासन एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।तीसरे दिन की शुरूआत प्रातःयोग सत्र से हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए लगभग 650 एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कोडरमा के प्रसिद्ध योग गुरु प्रदीप सुमन एवं योगाचार्य सुषमा सुमन ने कैडेट्स को कपालभाति,अनुलोम-विलोम, वृक्षासन सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया। योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा कि स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। योग सत्र के उपरांत बटालियन के सूबेदार मेजर जी.के. चौधरी एवं ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह द्वारा योगाचार्य सुषमा सुमन एवं योग गुरु प्रदीप सुमन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर के दौरान कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, फायरिंग तथा गार्ड ऑफ ऑनर का कठिन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही हथियारों के संचालन एवं रखरखाव की जानकारी भी प्रदान की जा रही है, ताकि कैडेट्स भविष्य में देश सेवा हेतु सदैव तत्पर रहें। बटालियन की गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर शिवानी शर्मा द्वारा कैडेट्स को "गवर्नमेंट इनिशिएटिव स्कीम फॉर वूमेन" विषय पर व्याख्यान दिया गया। वहीं सूबेदार मेजर जी.के. चौधरी द्वारा शिविर में कैडेट्स के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। दैनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह द्वारा तैयार की जा रही है।शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए एनसीसी अधिकारियों – फर्स्ट ऑफिसर अरुण कुमार पाल, लेफ्टिनेंट जेने एलिस मिंज, सेकंड ऑफिसर ललिता कुमारी, सेकंड ऑफिसर अमलेश कुमार एवं सेकंड ऑफिसर अभय नारायण द्वारा कैडेट्स को डिजास्टर मैनेजमेंट एवं पब्लिक स्पीकिंग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए गए। कैंप से संबंधित सभी दस्तावेजी कार्यों का निष्पादन प्रधान सहायक राजेश कुमार, सहायक रणधीर कुमार, सहायक सिद्धार्थ कुमार, सहायक दिग्विजय कुमार तथा एलडीसी सोहित कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षण कार्यों में सूबेदार चंपा मुरमुर, सूबेदार चंद्रहास, सूबेदार आएन हेंब्रम, सूबेदार जतरू तीर्की, नायक सूबेदार शशि कुमार, हवलदार आदित्य मिश्रा, हवलदार अजीत कुमार, हवलदार विकास कुमार सिंह एवं हवलदार रितेश सहित सभी सैन्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

### एसबीआई ने मृत महिला के परिजनों को दिया दो लाख का चेक

**खूंटी :** एसबीआई शाखा लोधमा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृत महिला के परिजनों को दो लाख रुपये की बीमा राशि दी। जानकारी के अनुसार, ग्राम जरिया, पंचायत हाकाजांग, प्रखंड कर्रा, जिला खूंटी निवासी और जीवन ज्योति महिला मंडल से जुड़ी संतोषी देवी का निधन 18 अगस्त 2024 को हो गया था। उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया गया था। बैंक की शाखा लोधमा में उनके पति मोहन गोप और तीन बच्चों को दो लाख की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रशांत झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी बीमा योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

# बिजली कटौती और गहराते जल संकट को लेकर भाजपा ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** भीषण गर्मी, लगातार हो रही बिजली कटौती और गहराते जल संकट को लेकर गुरुवार को जमशेदपुर की सड़कों पर भाजपा का आक्रोश खुलकर दिखाई दिया। सिर पर पानी से भरा मटका और उस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्टर लगाए भाजपा कार्यकताओं का जत्था जब नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतरा, तो शहर का राजनीतिक तापमान भी बढ़ गया।

साकची स्थित भाजपा कार्यालय से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें महिलाओं की भी भारी भीड़ दिखी।

भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां, बैनर और सिर पर मटके थे। "बिजली दो, पानी दो", "जनता त्रस्त, सरकार मस्त" और "हेमंत सरकार जवाब दो" जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को राहत देने के बजाय सरकार सिर्फ घोषणाओं और विज्ञापनों में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहती है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

पानी की किल्लत ने हालात को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं, लेकिन सरकार को जनता की तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है।

मौके पर रघुवर दास ने कहा कि जमशेदपुर जैसे औद्योगिक शहर में यदि लोगों को पीने का पानी और नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है, तो यह सरकार की विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द हालात नहीं सुधरे तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि भाजपा जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरी है। उन्होंने कहा कि शहर के कई मोहल्लों में लोग रातभर बिजली कटौती से परेशान हैं, जबकि पानी के लिए सुबह से कतार लगानी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह असफल साबित हुए हैं। पूर्णिमा साहू ने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी और जनता की समस्याओं को दबने नहीं देगी। प्रदर्शन के दौरान उपायुक्त कार्यालय परिसर के आसपास काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे इलाके में बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले।

भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन के माध्यम से मांग की कि शहर और ग्रामीण इलाकों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, पेयजल संकट दूर करने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और खराब ट्रांसफार्मरों को जल्द बदला जाए। प्रदर्शन के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ चाईबासा में झामुमो का महाधरना




**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित उपायुक्त कार्यालय (पुराना भवन) परिसर में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से एक दिवसीय महाधरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। महंगाई, बेरोजगारी और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि लोगों की आमदनी स्थिर बनी हुई है। ऐसे में परिवार चलाना आम लोगों के लिए कठिन होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर बड़े उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों के निजीकरण, बड़े कारोबारियों के कर्ज माफ करने और कर में राहत देने जैसे फैसलों से आर्थिक असमानता बढ़ी है। चुनाव के समय महंगाई कम करने और रोजगार देने के जो वादे किए गए थे, वे आज केवल घोषणा बनकर रह गए हैं। धरना को झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार प्रधान, मदन गागराई, मंगल सिंह तिउ, सागर महतो, तारकांत सिजुई, सनातन पिंगुवा, सोमबारी बाहांदा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो जिला सचिव राहुल आदित्य ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने दिया।

### डीपीएस स्कूल में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**पश्चिमी सिंहभूम :** उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर परिवहन विभाग ने गुरुवार को चक्रधरपुर स्थित डीपीएस स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व मोटर यान निरीक्षक नेल्सन तिर्की ने किया। उनके साथ कृष्णा सोरेन और जिला सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य भी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन को यातायात नियमों और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम, रोड मार्किंग, संकेत बोर्ड, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज रफ्तार, नशे की हालत में वाहन चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। कार्यक्रम के बाद मोटर यान निरीक्षक ने स्कूल बसों और अन्य वाहनों की जांच भी की। जांच में इंश्योरेंस, फिटनेस, टैक्स, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट और ओवरलोडिंग समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी स्कूल बस सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई।

### पीडीएस डीलर की मौत पर फूटा आक्रोश की मुआवजे की मांग



**पूर्वी सिंहभूम :** जिला स्थित घाटशिला के पीडीएस डीलर मृणाल कांति रजक की खुदकुशी के बाद जिले में जन वितरण प्रणाली से जुड़े डीलरों का आक्रोश खुलकर सामने आया। गुरुवार को जिले के विभिन्न पीडीएस संगठनों से जुड़े डीलरों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में डीलर शामिल हुए और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मृणाल कांति रजक लंबे समय से आर्थिक संकट और मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। डीलरों का दावा है कि सुसाइड नोट में उन्होंने बकाया कमीशन नहीं मिलने और बढ़ती आर्थिक परेशानी का जिक्र किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन प्रतिनिधियों में अजय कुमार, शंभू नाथ रजक, सुनील महतो और प्रदीप साहू शामिल थे। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार समय पर कमीशन भुगतान नहीं कर रही है, जिससे जिले के कई डीलर कर्ज और तनाव में जीने को विवश हैं। डीलरों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को पीडीएस दुकान का लाइसेंस और लंबित कमीशन का शीघ्र भुगतान करने की मांग की।

### तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

**खूंटी :** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लिमड़ा गांव में बुधवार रात हुए सड़क हादसे में युवक सुंदरू कच्छप (18) की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, सुंदरू बुधवार को बाइक से गोविंदपुर रेलवे स्टेशन घूमने गया था। लौटने के दौरान रात करीब साढ़े सात बजे लिमड़ा गांव के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से सुंदरू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद जरियागढ़ पुलिस ने स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सुंदरू के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां और दो भाई हैं। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार सदमे में डूब गया है। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल खूंटी में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं दुर्घटना में शामिल बोलेरो वाहन को जब्त कर जरियागढ़ थाना लाया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### बाराटांड़ में करंट लगने से महिला की मौत

**पटना (एजेंसी)** सोनो थाना क्षेत्र के बाराटांड़ गांव में गुरुवार सुबह करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय रेखा देवी की दर्दनाक मौत हो गई. बारिश के बाद घर के पास से पुआल निकालने के दौरान महिला बिजली की चपेट में आ गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है. सोनो (जमुई) से विनय कुमार मिश्र की रिपोर्टः सोनो थाना क्षेत्र के बाराटांड़ गांव में गुरुवार की सुबह एक दुखद घटना घटी. यहां विद्युत करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई. इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है. पुआल निकालने के दौरान हुआ हादसा मृतक महिला की पहचान बाराटांड़ निवासी रेखा देवी (30 वर्ष) के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह क्षेत्र में हल्की बारिश हुई थी. बारिश के बाद रेखा देवी अपने घर के पास रखे पुआल को निकालने गई थी. इसी दौरान वहां से गुजर रहे बिजली के तार या नमी के कारण फैले करंट की चपेट में वह आ गई परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल करंट लगने के बाद महिला अचेत होकर गिर पड़ी. आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी. घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. एक झटके में उजड़े परिवार और मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### सम्राट कैबिनेट के 32 मंत्रियों ने ली शपथ

**पटना (एजेंसी)** सम्राट कैबिनेट के 32 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण किया. बिहार कैबिनेट में निशांत कुमार और दीपक प्रकाश समेत अन्य नए चेहरों को जगह दी गई है. शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे. पटना के गांधी मैदान में सम्राट कैबिनेट के 32 मंत्रियों ने शपथ लिया. गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और जदयू अध्यक्ष पूर्व सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जेनरल रिटायर्ड सैयद अता हसनैन ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. इस दौरान खास बात यह रही कि हाल ही में सक्रिय राजनीति में कदम रखे जदयू नेता निशांत कुमार ने भी मंत्री पद की शपथ ली. निशांत कुमार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे हैं. कैबिनेट विस्तार में भाजपा के 16 मंत्री बनाए गए हैं. जबकि जदयू के 13 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई. इसी प्रकार एनडीए की तीसरी बड़ी सहयोगी पार्टी लोजपा (आर) से दो मंत्री बनाए गए. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मंत्री की पार्टी हम से एक और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशाहा की पार्टी रालोमो से एक मंत्री उनके बेटे दीपक प्रकाश बनाए गए हैं. इसके साथ सम्राट कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत भाजपा के 16 मंत्री बनाए गए. जबकि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद समेत कुल 14 मंत्री सरकार का कामकाज संभालेंगे.

### सीवान में अब अपराधियों की खैर नहीं एसपी ने बनाई चार स्पेशल टीम

**पटना (एजेंसी)** सीवान में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसपी ने चार स्पेशल टीम बनाई है. बताया जा रहा है कि इलाके में लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, यह टीम अपराध पर लगाम लगाने की कोशिश करेगी. (सीवान से पंकज कुमार) जिले में लगातार बढ़ रही लूटपाट की घटनाओं से ग्रामीण इलाकों के दुकानदारों में दहशत का माहौल है. अपराधी अब खास तौर पर प्रखंड की छोटी-बड़ी दुकानों को निशाना बना रहे हैं. देर शाम दुकान बंद करने या सुनसान समय का फायदा उठाकर बदमाश हथियार के बल पर नकदी और सामान लूटकर फरार हो जा रहे हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे मुख्य सड़क का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि पगडंडी और चंवर वाले रास्तों से भाग निकलते हैं. इन रास्तों पर अंधेरा और पुलिस गश्त की कमी होने के कारण अपराधियों को पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है। इलाके में घूमते है संदिग्ध ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संदिग्ध लोगों को इन इलाकों में घूमते देखा गया है, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है. हाल के दिनों में जिले के कई प्रखंडों में दुकानों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं सामने आई है. इससे व्यापारियों में भय का माहौल है. कई दुकानदार अब शाम होते ही दुकान बंद कर घर लौटने लगे हैं. व्यापारियों ने प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त चलाने और ग्रामीण मार्गों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है. वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है. सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल संदिग्ध अपराधियों की पहचान की जा रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ाई गई है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही गिरोह का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. लगातार हो रही घटनाओं को लेकर आम लोगों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं. बताया जाता है कि भगवानपुर, बसंतपुर व महराजगंज में हुई आभूषण दुकान में लूटपाट मामले में लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले सभी बदमाश स्थानीय निकले. जहां बदमाश आसानी से अपने क्षेत्र को दुकानों को टारगेट कर रहे हैं और घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं. हिरासत में 3 लोग सीएसपी लूट कांड की बात करें तो सराय थाना क्षेत्र के पपौर गांव के समीप हुई लूट और जीबी नगर थाना इलाके के चांडी के समीप हुई लूट कांड मामले में भी घटनास्थल के आसपास के ही लुटेरे शामिल थे. जो सलाखों के पीछे हैं

### दूसरी बार मंत्री बने केदार प्रसाद गुप्ता, भाजपा ने फिर जताया भरोसा

**पटना (एजेंसी)** कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने सम्राट चौधरी कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली है. पंचायत राजनीति से शुरूआत करने वाले केदार दूसरी बार मंत्री बने हैं. भाजपा उन्हें ओबीसी और वैश्य समाज के मजबूत चेहरे के रूप में देख रही है. केदार प्रसाद के बारे मेंड्ड बिहार की राजनीति में भाजपा ने एक बार फिर संगठन और सामाजिक समीकरण को साधने की कोशिश की है. इसी कड़ी में कुढ़नी से भाजपा विधायक केदार प्रसाद गुप्ता को सम्राट चौधरी कैबिनेट में मंत्री बनाया गया है. उनके मंत्री बनने के बाद मुजफ्फरपुर और वैश्य समाज में खुशी का माहौल है. दूसरी बार बने मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मंत्री पद की शपथ लेकर दूसरी बार बिहार सरकार में जगह बनाई है. इससे पहले भी वे नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रह चुके हैं. भाजपा में उन्हें जमीनी पकड़ वाले नेता के तौर पर देखा जाता है. 2020 के चुनाव में हार का सामना राजनीति की शुरूआत उन्होंने पंचायत स्तर से की थी. लंबे समय तक वे मुखिया रहे और करीब 15 वर्षों तक ग्रामीण राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे. इसके बाद उन्होंने विधानसभा राजनीति में कदम रखा. वर्ष 2015 में पहली बार कुढ़नी विधानसभा सीट से विधायक बने. हालांकि 2020 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन 2022 के उपचुनाव में शानदार वापसी कर उन्होंने अपनी राजनीतिक ताकत दिखा दी. मार्च 2024 में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी मिली थी. मंत्री रहते हुए उन्होंने संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभाई. पिछड़े वर्गों में अच्छी पकड़ केदार प्रसाद गुप्ता कानू (हलवाई) समाज से आते हैं. ग्रामीण इलाकों और पिछड़े वर्गों में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है. भाजपा उन्हें ओबीसी और वैश्य वोट बैंक के मजबूत चेहरे के रूप में आगे बढ़ा रही है. राजनीतिक जानकारों का मानना है

# बिहार में सम्राट कैबिनेट का विस्तार, भाजपा से 15 और जदयू कोटे से 12 मंत्रियों ने ली शपथ



एजेंसी

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में पटना के ऐतिहासिक गांधी मैंदना में गुरुवार दोपहर सम्राट मंत्रिमंडल का विस्तार के साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से 15 और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से 12 मंत्रियों ने शपथ ली। इसके अलावा दो लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) से एक-

### बिहार मंत्रिमंडल का स्वरुप

सम्राट चौधरी - कोइरी (मुख्यमंत्री)
विजय चौधरी - भूमिहार (उपमुख्यमंत्री)
बिजेंद्र प्रसाद यादव - यादव (उपमुख्यमंत्री भाजपा कोटे से)

**मंत्री भाजपा कोटे से**

1. राम कृपाल यादव - यादव
2. केदार गुप्ता - कानू
3. नीतीश मिश्रा - ब्राह्मण
4. मिथलेश तिवारी - ब्राह्मण
5. रमा निषाद - मल्लाह
6. विजय कुमार सिन्हा - भूमिहार
7. दिलीप जायसवाल - कलवार
8. प्रमोद चंद्रवंशी -चंद्रवंशी
9. लखेन्द्र पासवान - पासी (दलित)
10. संजय टाइगर- राजपूत
11. इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र- भूमिहार
12. नंद किशोर राम- दलित
13. रामचंद्र प्रसाद - वैश्य
14. अरुण शंकर प्रसाद - सूड़ी
15. श्रेयसी सिंह - राजपूत

**जदयू कोटे से मंत्री**

1. निशांत कुमार- कुर्मी
2. श्रवण कुमार - कुर्मी
3. अशोक चौधरी- पासी (दलित)
4. लेसी सिंह- राजपूत
5. मदन सहनी- मल्लाह
6. सुनील कुमार- दलित
7. जमा खान- अल्पसंख्यक
8. भगवान सिंह कुशवाहा- कोइरी
9. शीला मंडल- धानुक
10. दामोदर राउत - धानुक
11. बुलो मंडल - गंगोता
12. रत्नेश सदा - धोबी (दलित)

**लोजपा (आर) कोटे से मंत्री**

1. संजय पासवान - दलित
2. संजय सिंह - राजपूत

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम)
संतोष मांझी - दलित
राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम)
दीपक प्रकाश - कोइरी
सूड़ी - 2 (अरुण शंकर प्रसाद, श्वेता गुप्ता)
कलवार - 1 (दिलीप जायसवाल)
कानू - 1 (केदार गुप्ता)
तेली - 1 (रामचंद्र प्रसाद)
दलित वर्ग से कुल 7 मंत्री

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहे निशांत कुमार बने सम्राट कैबिनेट में मंत्री

**पटना (एजेंसी)** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने सम्राट चौधरी कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ले ली है. सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहे निशांत ने इसी साल राजनीति में कदम रखा था. शुरूआत में हिचकिचाहट के बाद अब वे जेडीयू के बड़े चेहरे के तौर पर सरकार में शामिल हुए हैं. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कैबिनेट में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को मंत्री बनाया गया है. गांधी मैदान में हुए भव्य समारोह में उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली. निशांत कुमार पहले बिना किसी राजनीतिक अनुभव या मेहनत के सीधे कोई पद नहीं लेना चाहते थे. लेकिन जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं के काफी समझाने के बाद निशांत इसके लिए तैयार हुए. सादगी पसंद हैं निशांत 20 जुलाई 1975 को जन्मे निशांत कुमार की पहचान अब तक एक बेहद शांत स्वभाव के इंसान की रही है. उनकी माता स्वर्गीय मंजू सिन्हा एक शिक्षिका थीं. साल 2007 में अपनी मां के निधन के बाद निशांत काफी समय तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहे. शिक्षा की बात करें तो उन्होंने पटना और मसूरी से शुरूआती पढ़ाई करने के बाद रांची के मशहूर बीआईटी (इक्ळ) मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की डिग्री ली है. वे पेशे से एक इंजीनियर रहे हैं और राजनीति की चकाचौंध से हमेशा दूर ही दिखे. कैसे हुई राजनीति में एंट्री? निशांत कुमार ने इसी साल 8 मार्च 2026 को जेडीयू की सदस्यता ली. उन्हें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सदस्यता दिलाई थी. हालांकि उस समय नीतीश कुमार खुद वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन तभी से यह कयास लगाए जा रहे थे कि निशांत ही नीतीश कुमार के असली सियासी वारिस होंगे. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें पार्टी नेताओं का था भारी दबाव निशांत को एक्टिव पॉलिटिक्स में लाने के पीछे जेडीयू के बड़े नेताओं की बड़ी भूमिका रही है. पार्टी के नेताओं का मानना था कि नीतीश कुमार की विरासत को संभालने के लिए परिवार से किसी का होना जरूरी है. लंबे समय तक निजी जीवन तक सीमित रहने वाले निशांत अब सरकार का हिस्सा बनकर जनता की सेवा करेंगे. एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से माननीय मंत्री बनने तक का उनका यह सफर बिहार की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के सबसे बड़े बदलावों में से एक है.

## कोसी सड़क पुल पर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, भाई-बहन गंभीर रूप से घायल

**पटना (एजेंसी)** एनएच 31 स्थित कोसी सड़क पुल पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए. गश्ती पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए कुरसेला सीएचसी में भर्ती कराया है. कटिहार के कुरसेला से अजीत ठाकुर की रिपोर्टः नेशनल हाईवे 31 स्थित कोसी सड़क पुल पर एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. गनीमत रही कि घटना के समय कुरसेला थाना की गश्ती पुलिस वहां से गुजर रही थी, जिसने तुरंत घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुरसेला पहुंचाया. ससुराल जा रही थी बहन, रास्ते में हुआ हादसा जानकारी के अनुसार, घायल युवक अनुज कुमार पोठिया थाना क्षेत्र का निवासी है. वह अपनी बहन अनीता कुमारी को उसके ससुराल भागलपुर जिले के सुंगठिया (गोपालपुर थाना) छोड़ने जा रहा था. जैसे ही उनकी बाइक कुरसेला कोसी पुल पर पहुंची, एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया. घायलों की स्थिति और उपचार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर तड़पने लगे. हादसे में अनीता कुमारी के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि अनुज कुमार का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है. सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और वे खतरे से बाहर हैं. फरार ट्रक की तलाश में जुटी पुलिस कुरसेला पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है. पुलिस अब पुल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और चश्मदीदों की मदद से दुर्घटना के बाद फरार हुए अज्ञात ट्रक का पता लगाने में जुट गई है.

## गांधी मैदान में हलचल बढ़ी, सीसीटीवी कैमरों के जरिए लाइव मॉनिटरिंग, यहां लाइव देखें शपथ ग्रहण समारोह



**पटना (एजेंसी)** मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पटना में सियासी हलचल बढ़ गई है. पटना के गांधी मैदान में लाइव मॉनिटरिंग इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (ICCC) से लगातार की जा रही है. सीएम सम्राट चौधरी थोड़ी देर में गांधी मैदान पहुंच जाएंगे. बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज है. पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी की गई है. दोपहर 12.30 से शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम शुरू होगा. शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. जिसको लेकर गांधी मैदान में सुरक्षा एवं प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. शपथ ग्रहण समारोह को लेकर हलचल तेज कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों की लाइव मॉनिटरिंग इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (ICCC) से लगातार की जा रही है. पटना स्मार्ट सिटी की टीम, तकनीकी विशेषज्ञ एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आईसीसीसी से पूरे आयोजन की क्लोज मॉनिटरिंग कर रहे हैं. सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि सुरक्षा एवं व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जा सके. सीसीटीवी कैमरों के जरिए लाइव मॉनिटरिंग गांधी मैदान और आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि की लाइव मॉनिटरिंग हो रही है. सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और किसी भी स्थिति से तुरंत निपटने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है. कड़ी धूप में महिलाएं गांधी मैदान पहुंच रही हैं. केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद पटना पहुंच गए हैं. पूरे पटना को दुल्हन की तरह सजाया गया है. प्रधानमंत्री रोड शो करने वाले हैं इसको लेकर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. पुलिस की टीम हर इलाके में तैनात है. 26 प्रमुख स्थानों पर शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शहर में लगाए गए वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले (वीएमडी) बोर्ड और एलईडी स्क्रीन पर किया जा रहा है

## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 'झील' में तब्दील हुआ शहर का गांधी मैदान



**पटना (एजेंसी)** पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण सुपौल का गांधी मैदान झील में तब्दील हो गया है और जिला मुख्यालय के कई इलाकों में भारी जलजमाव की स्थिति बनी हुई है. जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कों पर कीचड़ का अंबार है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. सुपौल से रोशन सिंह की रिपोर्टः जिले में पिछले चार-पांच दिनों से जारी रुक-रुक कर बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जलजमाव की समस्या विकराल हो गई है. शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला गांधी मैदान वर्तमान में टापू बन चुका है, जिससे स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गांधी मैदान में जलभराव, टहलने वालों की बढ़ी परेशानी लगातार हो रही बारिश और जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण ऐतिहासिक गांधी मैदान पूरी तरह पानी में डूब गया है. मैदान में जमा पानी के कारण सुबह-शाम टहलने वालों का प्रवेश बंद हो गया है.सड़क और नाले हुए एक समान, दुर्घटनाओं का खतरा शहर के मुख्य मार्गों और निचले इलाकों की स्थिति अत्यंत नारकीय हो गई है. कई जगहों पर जलजमाव के कारण सड़क और नाले का अंतर समाप्त हो गया है, जिससे राहगीरों के बीच दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है. कीचड़ और गड्ढों में भरे पानी ने वाहनों की आवाजाही को भी बुरी तरह प्रभावित किया है. ग्रामीण क्षेत्रों में भी संपर्क सड़कों पर पानी फिर जाने से दैनिक कामकाज के लिए निकलने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. प्रशासन के दावों की खुली पोल, जनता में आक्रोश स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद और जिला प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी जताई है. लोगों का आरोप है कि हर साल मानसून में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के नाम पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई.

## शादी से पहले उजड़ी खुशियां, फारबिसगंज में घर में सो रही किशोरी की गोली मारकर हत्या



**पटना (एजेंसी)** रमई पंचायत के घोड़ाघाट में गुरुवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात में पड़ोसी युवक ने 20 वर्षीय चांदनी खातून की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी. मृतका की इसी महीने शादी होने वाली थी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. फारबिसगंज (अररिया) से मो कलीम उद्दीन की रिपोर्टः अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत रमई पंचायत के घोड़ाघाट वार्ड संख्या-01 में गुरुवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां घर में सो रही 20 वर्षीय किशोरी चांदनी खातून की उसके पड़ोसी युवक ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी. इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है. सोते समय मारी छाती में गोली प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका चांदनी खातून (पिता मो. ग्यास उद्दीन) गुरुवार सुबह करीब 8:00 बजे अपनी बहन के साथ घर में सोई हुई थी. इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक मो. कासिफ (पिता मो. मोईम) हाथ में बंदूक लेकर घर में दाखिल हुआ और चांदनी की छाती के दाहिने हिस्से में गोली मार दी. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. अस्पताल में चीख-पुकार, शादी की चल रही थी तैयारी गोली चलने की आवाज और चांदनी की बहन के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे. आनन-फानन में किशोरी को अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि मृतका के पिता ट्रक चालक हैं और वर्तमान में मुंबई में हैं. चांदनी तीन बहनों और दो भाइयों में दूसरे नंबर पर थी और इसी महीने उसकी शादी होने वाली थी. जिस घर में शादी की शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब मातम पसरा है. जांच में जुटी पुलिस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के सहायक अवर निरीक्षक आशुतोष कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया है.

## बिहार में आज भी जारी रहेगा आंधी-बारिश और ठनका का दौर, पटना में देर रात हुई झमाझम बारिश



**पटना (एजेंसी)** बिहार में आज भी मौसम बिगड़ा रह सकता है. मौसम विभाग की माने तो, आज कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है. इस दौरान ठनका गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है. 8 मई के बाद राज्य में मौसम सामान्य हो सकता है.: बिहार में इन दिनों मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ रह रहा है. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि कुछ जिलों में अगले 24 से 48 घंटे के दौरान रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रह सकता है. आज राज्य के उत्तर और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में ठनका के साथ ओले गिरने की प्रबल संभावना जताई गई है. आज इन जिलों में येलो अलर्ट जारी मौसम विभाग की ओर से आज 24 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर, जमुई और बांका शामिल है. बिहार में कब तक साफ हो सकता है मौसम? मौसम पूवानुर्मान के मुताबिक, आंधी और बारिश का सिलसिला फिलहाल जारी रहने की संभावना है. आठ मई के बाद ही राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने की उम्मीद है. राज्य भर में अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक बढोतरी होने की संभावना है. इसके साथ ही दो से तीन दिनों के दौरान रात में भी तीन से चार डिग्री तापमान में वृद्धि होने का पूवानुर्मान है. सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री कैमूर में दर्ज किया गया. अधिकतम तापमान 29.8 से 33.7 डिग्री के बीच रहा. सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री गयाजी, फारबिसगंज (अररिया) और डेहरी (रोहतास) में रहा. पटना में कैसा रहा मौसम? पटना में बुधवार दोपहर को अचानक बादल घिरने से तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई और ओले भी गिरने लगे. लगभग आधा से एक घंटा तक पटना शहर के अलग-अलग हिस्सों में हुई इस बारिश से तापमान में कमी आई और मौसम खुशनुमा बन गया. इसके बाद देर रात 10 बजे से दोबारा बादल घिरने लगे और रात 11 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई. एक घंटे से भी अधिक चली इस बारिश से राजधानी के निचले इलाकों में कई जगह जलजमाव देखने को मिला. गांधी मैदान में आज होगा शपथ ग्रहण गुरुवार को गांधी मैदान में कैबिनेट का शपथ ग्रहण होना है. बारिश के बाद जमा पानी सुखाने को लेकर देर रात व्यवस्था होती रही. बारिश समाप्त होने के बाद ही गांधी मैदान से पानी की निकासी के लिए आधा दर्जन से अधिक सुपर सकर मशीन लगायी गई थीं. गांधी मैदान के बाहर जमा पानी को भी निकालने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई. ज्यादा जमा पानी वाले इलाके में बालू डाल कर उसे दुरुस्त किया गया. जगह-जगह नाले बना कर पानी की निकासी की गई. साथ ही बैठने के लिए सोफे की व्यवस्था की गई थी.

# डायबिटीज के मरीज पर दवा जैसा असर करता है ये काला फल

**गुठली से लेकर पत्ते तक हैं फायदेमंद**



गर्मियों में शुगर के रोगियों के लिए एक बड़ा ही फायदेमंद फल आता है। जिसका नाम जामुन है। काला जामुन मधुमेह के रोगियों के लिए किसी दवा से कम नहीं है। आयुर्वेद में जामुन को बहुत ही फायदेमंद माना गया है। खासतौर से डायबिटीज को कंट्रोल करने में जामुन को असरदार माना जाता है। जामुन टॉयलेट और खून से शुगर की मात्रा को कम करता है। इसके अलावा जामुन पेट और डाइजेशन को बेहतर बनाने में भी असरदार साबित होता है। जामुन खाने से दांत, आंखें, चेहरे, किडनी स्टोन और लिवर के लिए भी फायदेमंद है। विटामिन और फाइबर से भरपूर जामुन शुगर में कैसे इस्तेमाल किया जाता है आइये जानते हैं।

आचार्य बालकृष्ण की मानें तो मधुमेह के रोगियों के लिए जामुन का सेवन बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद में जामुन के फल, गुठली और पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है।

डायबिटीज में जामुन का उपयोग

पहला तरीका– जामुन की गुठली को पीसकर चूर्ण बना लें। अब एक हिस्सा जामुन की गुठली का चूर्ण, एक हिस्सा शुण्ठी चूर्ण और इसमें दो हिस्सा गुड़मार बूटी मिक्स कर लें। सारी चीजों को पीसकर एक चूर्ण बना लें और छान लें। इस चूर्ण को एलोवेरा जूस में मिलाकर पी लें। आप चाहें तो इसकी गोलियां जैसी बनाकर दिन में 3 बार खा लें। इससे शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

दूसरा तरीका– करीब 100 ग्राम जामुन की जड़ लें और उसे अच्छी तरह से साफ कर लें। अब इसमें थोड़ा पानी मिलाकर पीस लें। तैयाप मिश्रण को 20 ग्राम मिश्री में मिला खा लें। सुबह शाम इस चूर्ण को खाने से मधुमेह में फायदा होगा।

तीसरा तरीका– 250 ग्राम पकी हुई जामुन लें और उन्हें आधा लीटर उबलते हुए पानी में डाल दें। थोड़ी देर उबलने के बाद जब पानी थोड़ा ठंडा हो जाए तो जामुन को मैश कर लें और इसे छान लें। अब इस पानी को दिन में 3 बार पिएं। इससे शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

चौथा तरीका– जामुन की छाल का उपयोग भी शुगर को कम करने के लिए किया जाता है। इसके लिए जामुन की छाल को को पीसकर राख बना लें। 625 मिलीग्राम से 2 ग्राम तक की मात्रा में राख का सेवन रोजाना करें। इससे मधुमेह को कम करने में मदद मिलेगी।



# हेल्दी लिवर के लिए इन फूड्स को डाइट में करें शामिल

**लिवर हमारे शरीर का एक बहुत ही जरूरी अंग है, जो डिटॉक्सिफिकेशन, पाचन और ऊर्जा संग्रहण जैसे काम करता है। लीवर समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विषहरण, चयापचय और पोषक तत्वों के भंडारण जैसे आवश्यक कार्य करता है। यदि आप लिवर को स्वस्थ बनाए रखना चाहते हैं, तो कुछ फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।**

**हेल्दी लिवर के लिए फायदेमंद फूड्स :**

### लहसुन

लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसमें एलिसिन और सेलेनियम होता है, जो लिवर को साफ करता है। लीवर के स्वास्थ्य के लिए लहसुन से लाभ उठाने के लिए, इसे कच्चा, खाली पेट खाना सबसे अच्छा है, या इसे भोजन में शामिल करें। कच्चे लहसुन में एलिसिन होता है, जो एक यौगिक है जिसे खाना पकाने के दौरान पतला किया जाता है। प्रतिदिन 1–2 कच्चे लहसुन की कलियाँ या भोजन में 2–4 कलियाँ खाने की सलाह दी जाती है।

### चुकंदर

चुकंदर खून को साफ करता है और लिवर फंक्शन को बेहतर करता है। इसमें बीटालाइन्स होते हैं, जो डिटॉक्स प्रक्रिया को सपोर्ट करते हैं। लीवर को स्वस्थ रखने के लिए चुकंदर को कच्चा, पकाकर या जूस के रूप में खाया जा सकता है। चुकंदर का जूस, खास तौर पर कच्चा, एंटीऑक्सीडेंट और बीटाइन का अच्छा स्रोत माना जाता है, जो लीवर को डिटॉक्सीफाई करने और इसके कामकाज को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

### हरी पत्तेदार सब्जियाँ

हरी पत्तेदार सब्जियाँ जैसे पालक, मेथी, सरसों—ये शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालती हैं। ये लिवर में बाइल (पित्त) प्रोडक्शन को बढ़ाती हैं। पत्तेदार सब्जियों को कच्चा या पकाकर खाया जा सकता है और इन्हें संतुलित आहार का हिस्सा होना चाहिए। आप इन्हें सलाद, स्मूदी या साइड डिश के रूप में शामिल कर सकते हैं। इन्हें भाप में पकाने, भूनने या तलने से इनका स्वाद और भी कोमल हो जाएगा।

### एवोकाडो

एवोकाडो ग्लूटाथियोन नामक एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है, जो लिवर की सफाई करता है। एवोकाडो को कई तरह से खाया जा सकता है, जैसे कि टोस्ट पर फैलाकर डिप, सलाद या स्मूदी में इस्तेमाल करना। पौष्टिक और सेहतमंद नाश्ते या स्नैक के लिए मैश किए हुए एवोकाडो की एक पतली परत पूरे गेहूं के टोस्ट या क्रैकर्स पर फैलाएँ। अतिरिक्त स्वाद के लिए नींबू का रस निचोड़ें और काली मिर्च छिड़कें।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी में कैटेचिन्स होते हैं, जो लिवर के फैट को कम करने में मदद करते हैं। ग्रीन टी के नियमित सेवन से सीरम एलानिन एमिनोट्रांस्फरेज और एस्पार्टेट एमिनोट्रांस्फरेज का मान कम हो जाएगा। लिवर के स्वास्थ्य के लिए, 1–2 कप ग्रीन टी पियें और फैटी लिवर को बढ़ने से रोकने के लिए दूध और चीनी मिलाने से बचें।

## क्या यूरिक एसिड में चना खा सकते हैं?

हाई यूरिक की समस्या समय के साथ बेहद गंभीर रूप लेनी लगती है। आपको ये जानकर हैरानी हो सकती कि जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है तो इसकी पथरियां आपकी किडनी में जमा होने लगती है। इसके अलावा ये शरीर के तमाम अंगों को भी प्रभावित करने लगता है जैसे कि ये हड्डियों के बीच पथरियों के रूप में जमा हो जाता है और सूजन का कारण बनने लगता है। ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि आप हाई प्रोटीन वाले फूड्स के सेवन से बचें। तो, ऐसे में सवाल ये है कि हाई यूरिक में चना खाएं या नहीं।



क्या हाई यूरिक में चना खा सकते हैं?

नहीं, अगर किसी को हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो उसे चना, चने की दाल और चने की बनी तमाम चीजों को खाने से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए कि चने में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है जिससे यूरिक एसिड की समस्या तेजी से बढ़ती है। इतना ही नहीं अगर किसी को पहले से ही हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो चना खाना सूजन को ट्रिगर कर सकता है और दर्द का कारण बन सकता है। तो, इन तमाम कारणों से आपको हाई यूरिक एसिड में चना खाने से बचना चाहिए।

अगर खाएं तो कैसे खाएं?

अगर आपका यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है तो आपको चने को बिलकुल कम मात्रा में खान चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि इसे अंकुरित करके या फिर इस उबालकर खाएं। इस तरह से चने में फाइबर की मात्रा बढ़ती है जो कि पाचन क्रिया को इतना तेज कर देता है कि चने में मिलने वाला प्रोटीन पच जाता है। साथ ही ये मल में थोक जोड़ने का काम करता है जिससे पेट साफ होता है, प्यूरिन मल के साथ बाहर निकल जाता है और यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

तो, पहले तो चना खाने से परहेज करें और अगर आप खा भी रहे हैं तो इन बातों का ख्याल रखें। ऐसे करना आपको यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इसकी जगह आप मूंग जैसी दाल का सेवन कर सकते हैं।


# पेट के लिए सबसे अच्छी मानी जाती हैं ये 5 चीजें

खाना का सीधा और सबसे पहले असर हमारी सेहत पर पड़ता है। हम जो भी खाते हैं वो पेट में जाकर पूरे शरीर में पहुंचता है। इसलिए खानपान पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में सबसे ज्यादा हमारा खाना बिगड़ा है। डाइट में जंग फूड, मैदा, चीनी, नमक की मात्रा बढ़ी है। खाने में केमिकल और प्रिजर्वेटिव्स की मिलावट होने लगी है। पैक्ड फूड का सेवन बढ़ा है, जो सेहत के लिए सबसे ज्यादा घातक है। अगर आप ज्यादा तीखा और चटपटा खाते हैं या ज्यादा तला भुना भोजन खाते हैं इससे पेट खराब हो सकता है। इसलिए आज हम आपको ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं जो पेट के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इन चीजों को पेट के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। जानिए खाने में ऐसी क्या चीजें शामिल करनी चाहिए, जिससे पेट की सेहत और पाचन दुरुस्त हो।

पेट के लिए वरदान हैं ये 5 चीजें

दही– गट हेल्थ को बेहतर बनाने वाला सबसे अच्छा फूड है दही। रोजाना दही का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। दही खाने से पेट में गुड बैक्टीरिया बढ़ते हैं। सुबह और दोपहर के खाने में दही को शामिल करना सबसे अच्छा माना जाता है।

साबुत अनाज– मोटा अनाज यानि साबुत अनाज को पेट




के लिए फायदेमंद माना जाता है। आप गेंहू, ओट्स, चावल और होल ग्रेन से बनी चीजें खा सकते हैं। ये चीजें पेट के लिए अच्छी होती हैं। इन चीजों में फाइबर ज्यादा होता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

केला– फलों में पका केला पेट के लिए बेहतरीन फल माना जाता है। केला में पौटेशियम पाया जाता है। केला खाने से पाचन बेहतर होता है और कई पेट से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। केला खाने से गैस्ट्रोइंटेस्टिनल समस्याएं भी कम होती हैं। इसलिए केला जरूर खाएं।

पपीता– पाचन को मजबूत बनाने के लिए पपीता जरूर खाएं। पपीता में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो पेट साफ कर कब्ज को दूर करते हैं। पपीते के एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पाचन को बेहतर बनाते हैं। खाना पचाने से लेकर हार्टबर्न और अपच की समस्याएं इससे दूर होती हैं।

अदरक– पेट के लिए अदरक को भी अच्छा माना जाता है। जिन लोगों को जी मिचलाने या पेट में दर्द की समस्या होती है उन्हें अदरक का सेवन करना चाहिए। मॉर्निंग सिकनेस को खत्म करने में भी अदरक असरदार साबित होती है। डाइट में किसी तरह अदरक जरूर शामिल करें।

# अस्थमा के मरीज भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन



**अस्थमा सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी है।यह बीमारी हमारे श्वसन तंत्र को बुरी तरह प्रभावित करती है। एक आंकड़े के अनुसार साल 2050 तक अस्थमा रोगियों की संख्या तीन गुना बढ़ जाएगी। अस्थमा कभी भी किसी को भी अचानक अपनी गिरफ्त में ले सकता है। इस लिए जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 6 मई को वर्ल्ड अस्थमा डे; मनाया जाता है।**

अस्थमा के मरीजों को अपनी डाइट का बेहद ख्याल रखना चाहिए। डाइट में लापरवाही करने पर यह बीमारी तेजी से ट्रिगर होती है। अस्थमा के मरीजों को कुछ चीजों को खाने से परहेज़ करना चाहिए, क्योंकि ये चीजें एलर्जी ट्रिगर, सूजन बढ़ाने, या श्वसन मार्ग को संकुचित करने का कारण बन सकती हैं। नीचे कुछ ऐसी चीजें दी गई हैं जिनसे अस्थमा के मरीजों को दूरी बनानी चाहिए :

इन चीजों से बनाएं दूरी :

प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड : जो लोग प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड का सेवन ज्यादा करते हैं उनमें अस्थमा का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में संतृप्त वसा पाया जाता है। जो इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है। इनमें सल्फाइट्स, प्रिजरवेटिव्स और आर्टिफिशियल फ्लेवर भी होते हैं जो अस्थमा को ट्रिगर कर सकते हैं।

ठंडी चीजें : आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स जैसी ठंडी चीजों से भी अस्थमा के मरीजों को दूरी बनानी चाहिए। ठंडा खाने या पीने से गले और फेफड़ों की नलियों में सिकुड़न हो सकती है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

शराब का सेवन : शराब और बियर में सल्फाइट्स मिलाए जाते हैं। जिससे कि यह काफी समय तक खराब न हो। वहीं यह सल्फाइट्स अस्थमा के रोगियों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं।

डेयरी उत्पाद : दूध, चीज, मक्खन जैसे डेरी प्रोडक्ट्स अस्थमा के मरीजों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।कुछ लोगों को डेयरी से म्यूकस (कफ) ज्यादा बनने लगता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

कॉफी– अगर इम्यून सिस्टम कमजोर है तो कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। कॉफी में मौजूद कैफीन एसिड रिफलेक्स को बढ़ा देती है। वहीं दमा के कुछ मरीजों में कॉफी का सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग हो सकता है।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली और केकेआर का मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम शुक्रवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मुकाबला करेगी। कैपिटल्स का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर ये मैच जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनएं बनाये रखना है। अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स अब तक 9 मैचों में 8 अंकों के साथ ही 7वें स्थान पर हैं, ऐसे में प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उसे इस मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। वहीं अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने अब तक तीन मैच जीते हैं जबकि उसके एक मैच का परिणाम नहीं निकला। इस प्रकार वह कुल 7 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर हैं। ऐसे में उसे भी प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनएं बनाये रखने ये मैच किसी भी हाल में जीतना होगा। इस प्रकार देखा जाये तो दोनो ही टीमों एक ही स्तर पर है। दोनो के ही बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। वहीं गेंदबाज लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली को अपने घरेलू मैदान पर सीएसके के हाथों हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसका मनोबल गिरा हुआ है। वहीं केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल की है जिससे उसके हौसले बुलंद है जिसका लाभ उसे मिलेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो टीमों के बीच 35 मुकाबले खेले गये हैं। इसमें से 15 दिल्ली जबकि 19 केकेआर ने जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी केएल राहुल और पथुम निसांका पर आधारित है। वहीं गेंदबाजी की कमान मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी के पास रहेगी।




दूसरी ओर केकेआर की बात करें तो उसकी बल्लेबाज रहाणे के अलावा, रिंकू सिंह, कैमरुन ग्रीन पर निर्भर करेगी। उसकी गेंदबाजी सुनील नरेन, कार्तिक त्यागी, वरुण चक्रवर्ती पर अर्धारित रहेगी।

अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पर आम तौर पर बड़े स्कोर बनने हैं। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक होना तय है।

**टीम इस प्रकार है**

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), पथुम निसांका, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, समीर रिजवी, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, टी नटराजन।

इम्पैक्ट प्लेयर- करुण नायर

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, कैमरन ग्रीन, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, कार्तिक त्यागी, वरुण चक्रवर्ती

इम्पैक्ट प्लेयर- वैभव अरोड़ा

# आईपीएल 2026 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची सनराइजर्स, पंजाब किंग्स दूसरे नंबर पर खिसकी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स (पीबीसकेएस) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) मैच के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की अंक तालिका में बदलाव आया है और शुरुआत से ही शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स अब दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। वहीं सनराइजर्स पहले नंबर पर आ गयी है। पंजाब किंग्स को सनराइजर्स के खिलाफ मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण उसके हाथ से नंबर एक स्थान निकल गया। वहीं इस मैच के परिणाम से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर भी प्रभाव पड़ा है और वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गयी है।

सनराइजर्स अब अंक तालिका में शीर्ष पर है, जिसने 11 मैचों में 7 जीत के साथ कुल 14 अंक हो गये हैं। इतने अंक फिलहाल अन्य किसी टीम के नहीं हैं। वहीं, लगातार तीन मैचों में हार का सामना करने के बाद, पंजाब किंग्स 10 मैचों में 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई है। आरसीबी, जो इस मैच से पहले दूसरे पायदान पर थी, अब 9 मैचों में 6 जीत और 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। बेहतर नेट रन रेट के कारण वह चौथे स्थान पर मौजूद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से आगे है, जिसने 10 मैचों में 6 जीत के साथ 12 अंक हासिल किये हैं।

वहीं शीर्ष चार से बाहर, पांचवें स्थान पर गुजरात टाइटन्स (जीटी) है। जीटी ने भी 10 मैचों में 6 मुकाबले जीते हैं और उसके भी 12 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में पिछड़ने के कारण वह शीर्ष 4 से बाहर है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक लेकर छठे स्थान पर बरकारार है। दिल्ली कैपिटल्स 10 मैचों में 4 जीत और 8 अंकों के साथ सातवें नंबर पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 9 में से 3 मैच जीते हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा, जिससे उसके खाते में 7 अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। अंक तालिका में नौवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है, जिसने 10 मैचों में केवल 3 जीत हासिल की हैं और उसके 6 अंक हैं। सबसे निचले पायदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने इस सीजन के आधे से अधिक मुकाबले खेलने के बाद भी 9 मैचों में केवल दो जीत दर्ज की हैं और उसके पास सिर्फ 4 अंक हैं।

## रियान पराग को बिना कुछ किये ही मिल गई रॉयल्स की कप्तानी : मांजरेकर



**मुम्बई (एजेंसी)।** अपने बयानों के कारण विवादों में रहने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी रियान पराग को दिये जाने पर सवाल उठाये हैं। मांजरेकर ने कहा है कि रियान को बिना कुछ किये ही कप्तानी मिल गयी। मांजरेकर ने कहा कि रियान को कप्तानी एक प्राकर से इनाम के तौर पर मिली है। रॉयल्स ने नियमित कप्तान संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स जाने के बाद रियान को कप्तानी दे दी थी। आईपीएल 2025 में भी रियान ने कुछ मैचों में कप्तानी की थी पर वह सफल नहीं रहे थे। पर आईपीएल इसे वर्तमान सत्र में उन्होंने टीम को 10 में से 6 मैच जिताकर अपने को साबित किया है। इसके बाद भी मांजरेकर के उनपर सवाल उठाने से सभी हैरान हैं।

मांजरेकर ने पराग को लेकर कहा, वह आम भारतीय खिलाड़ियों में से एक नहीं है। वह फिट है, लेकिन मैं कहूंगा, इतने सालों में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन देखा है, उसके बाद, यह कुछ ऐसा है जो मुझे थोड़ा अजीब लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने उसे इतना अधिक समर्थन दिया है। मांजरेकर ने आगे यह भी कहा कि राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को बेकार ही ये जिम्मेदारी दी।

साथ ही कहा, मेरा मतलब है, संजू सैमसन ने कुछ सालों तक उनके लिए कप्तानी की और फिर उन्हें हटा दिया गया और रियान ने उनकी जगह ले ली। मुझे नहीं पता कि वहां क्या हुआ? लेकिन मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट के नज़रिए से, इसका कोई मतलब बनता है। मांजरेकर ने साफ शब्दों में अपनी असहमति जताते हुए कहा, यह कहना थोड़ा कठोर है, लेकिन उसे इनाम के तौर पर बहुत ज़्यादा मिल गया है। उन इनामों के लिए सच में कड़ी मेहनत नहीं की। इसलिए यह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ा एक बहुत ही दिलचस्प मामला है। रियान 2019 से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। आईपीएल 2026 के मौजूदा सीज़न में, उन्होंने 10 पारियों में 207 रन बनाए हैं।

# दिल्ली कैपिल्स के लिए प्लेऑफ के दरवाजे अभी बंद नहीं, बड़े अंतर से जीतने होंगे सभी बचे हुए मैच

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईपीएल के इस 19 वें सत्र में अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और उसे 10 में से 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनएं भी कमजोर हुई हैं हालांकि ये समाप्त नहीं हुई हैं। कैपिटल्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। टीम 6 हारने के बाद वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गयी है। टीम के अभी आठ अंक हैं और उसे अब बचे हुए सभी चार मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।



उसे प्लेऑफ में पहुंचने इन सभी चारों मैचों में हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। ऐसा करने पर उनके अंकों की संख्या बढ़कर 16 पहुंच जाएगी। आईपीएल इतिहास पर ध्यान दें तो 16 अंकों वाली टीम को प्लेऑफ में अवसर मिल ही जाता है। उसे पर , अपने नेट रन रेट में भी सुधार करना होगा, जो वर्तमान में माइनस में है और करीबी मुकाबलों में निर्णायक साबित हो सकता है। दिल्ली कैपिटल्स को अब हर मैच जीतना होगा। एक भी हार उसे बाहर कर देगी। यदि वे बचे हुए चार मैचों में से एक भी मुकाबला हारते हैं, तो उनके अधिकतम अंक 14 तक ही पहुंच पाएंगे। इस बार 14 अंकों के साथ प्लेऑ में पहुंचना लगभग असंभव है। अंक तालिका की स्थिति देखें तो पाएंगे कि पहले से ही छह टीमों के खाते में 10 या उससे अधिक अंक हैं। इनमें से एक टीम के पास 13 अंक हैं और चार टीमें 12-12 अंकों के साथ शीर्ष-4 में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में 14 अंक पर टीम बाहर हो जाएगी। अधिकतर टीमें 16 या उससे अधिक अंक तक पहुंच सकती हैं। दिल्ली के लिए राह और भी कठिन इस कारण से है क्योंकि उनके बाकी बचे चार मुकाबले आसान नहीं हैं। उन्हें दो बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलना है। इसके अलावा उसे पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स से भी खेलना है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछली टक्कर में दिल्ली को 264 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे पंजाब से सतर्क रहना होगा। वहीं, राजस्थान रॉयल्स इस सीजन की सबसे खतरनाक टीमों में से एक रही है, हालांकि लीग चरण में दिल्ली ने उन्हें एक बार हराया है।

## ईशान ने पंजाब किंग्स का खराब फील्डिंग के लिए मजाक उड़ाया

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली 33 रनों जीत पर खुशी जताते हुए विरोधी टीम की खराब फील्डिंग पर तंज कसा है। इस मैच में पंजाब ने कई कैच छोड़े जिससे उसके हाथ से ये मैच निकल गया। इसी के साथ ही पंजाब टीम को छह जीत के बाद लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। मैच के बाद ईशान ने पंजाब किंग्स की खराब फील्डिंग की हंसी उड़ाते हुए सोशल मडिया में एक पोस्ट किया, जो तेजी से छा गयी। ईशान ने अपनी पोस्ट में केवल तीन शब्द लिखे अगर मुझे पकड़ सकते हो तो पकड़ों। इस पोस्ट से ईशान ने पंजाब के फील्डरों का एक प्रकार से मजाक उड़ाया है क्योंकि उनके तीन कैच पंजाब ने गिरा दिये थे। ईशान पहली बार जब 9 रन पर थे तभी कूपर कॉनॉली ने उनका कैच छोड़ दिया था। इसके बाद जब वह 18 रन पर थे, तब लॉकी फर्ग्यूसन ने भी कैच गिरा दिया। वहीं इसके बाद 20 रन पर प्रभसिमरन सिंह ने उनकी स्टंपिंग का अवसर छोड़ दिया था। इसी कारण ईशान 32 गेंदों में 55 रन बनाने में सफल रहे। ईशान ही नहीं, सनराइजर्स के दूसरे बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन का भी कैच गिरा था। इसके बाद क्लासने ने 43 गेंदों में 69 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। इसका नुकसान पंजाब को हुआ था।

## मुम्बई इंडियंस के साथ रायपुर नहीं पहुंचे हार्दिक , टीम में मतभेद की अटकलें लगीं

रायपुर। मुंबई इंडियंस टीम 10 मई को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफा होने वाले मैच के लिए पहुंच गयी है पर टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या नहीं पहुंचे हैं। जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। ये भी अटकले हैं कि टीम में सब कुछ ठीक नहीं हैं। महत्वपूर्ण मैच से पहले कप्तान की अनुपस्थिति से प्रशंसकों का आशंकित होना जायज भी है। वहीं आधिकारिक रूप से यह बताया नहीं गया है कि हार्दिक बाद में टीम के साथ जुड़ेंगे या नहीं। हार्दिक को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ पिछले मैच से पहले पीठ में जकड़न आ गयी थी। इसी कारण वह तब मुकाबले से बाहर हो गये थे। ऐसे में उनकी जगह पर अनुभवी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टीम की कप्तानी की थी। उस मैच में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को हराया था, जिससे टीम ने प्लेऑफ की अपनी संभावनएं बरकरार रखीं थीं।

## सैमसन ने सीएसके में आते ही अपने को साबित किया : गायकवाड़



नई दिल्ली। बल्लेबाज संजू सैमसन ने आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। अब तक सीएसके को जीत मिली हैं। उसमें भी सैमसन की सबसे बड़ी भूमिका रही है। सैमसन को इसी साल सीएसके ने ट्रेड डील के जरिये राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था और उसका ये दांव सफल रहा। सैमसन ने उसकी ओर से अब तक इस सत्र में दो शतक लगा दिया है। वहीं कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में सैमसन ने नाबाद 87 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने के साथ ही पलेऑफ की दौड़ में भी बनाये रखा है। इसी को देखते हुए टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी कहा है कि सैमसन ने आते ही कमाल कर दिया। अपने प्रदर्शन से वह टीम के सबसे भरोसमंद खिलाड़ी बन गये हैं। सैमसन ने तीसरी बार 80 से अधिक रन का स्कोर था, और एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने जीत हासिल की है। संजू की ये फार्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरणों से ही लगातार जारी है। गायकवाड़ ने सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा, विश्व कप से लेकर अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है, उसके बाद टीम में उनका होना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। अब वह हमारी बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। संजू के प्रदर्शन के कारण ही सीएसके 10 अंकों के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। अब उसकी नजरें प्लेऑफ की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए अगले दो बेहद महत्वपूर्ण मुकाबलों पर होगी।

# विनेश फोगाट डब्ल्यूएफआई द्वारा घोषित मानदंडों पर खरी नहीं उतरी, एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल में रही अयोग्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) द्वारा घोषित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार,सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है।



सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसंबर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था। विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिंग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसंबर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोषणा की थी।

मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की, क्योंकि वह पिछले साल जुलाई में माँ बनी थीं। 31 वर्षीय भारतीय पहलवान ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट को अपनी वापसी के लिए चुना था। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के परिणाम चयन ट्रायल में पात्रता के लिए मान्य नहीं होंगे। फेडरेशन ने एशियन गेम्स के सेलेक्शन ट्रायल इसी महीने के अंत में दो दिनों में आयोजित करने का फैसला किया है। महिला कुश्ती के चयन ट्रायल 30 मई को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे, जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन प्रतियोगिताएं 31 मई को लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्र में होंगी।

ये ट्रायल सभी 18 ओलंपिक भार वर्गों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक में तीन डिसिप्लिन में छह कैटेगरी होंगी। फेडरेशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया में पिछले प्रदर्शनों पर विचार नहीं किया जाएगा, केवल सेलेक्शन ट्रायल के रिजल्ट पर ही ध्यान दिया जाएगा। एशियन गेम्स 2026 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे।

## खराब फील्डिंग के कारण सनराइजर्स से हारे : श्रेयस अय्यर

हैदराबाद । पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुई हार पर निराशा जताते हुए इसके लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया है। पंजाब की टीम को इस मुकाबले में 33 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय ओवरों में 4 विकेट पर 235 रन बनाये। इस दौरान पंजाब के खिलाड़ियों ने तीन आसान कैच गिरा दिये। वहीं एक स्टंपिंग का अवसर भी टीम ने खो दिया। श्रेयस के अनुसार अगर इन अवसरों का लाभी उठाया जाता तो 30 से 40 रन कम बनते और मैच का परिणाम कुछ और होता। मैच के बाद अय्यर ने कहा, हमने खेल की शुरुआत में ही कई कैच गिरा दिये। अगर ऐसा नहीं होता से सनराइजर्स 30 से 40 रन कम बना पाती। कप्तान ने कहा कि टीम की गेंदबाजी और बल्लेबाजी भी इस मैच में उम्मीद के अनुसार नहीं रही। वहीं सनराइजर्स ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि मैच किस प्रकार अपने नाम किया जा सकता है। इस मैच में स्पिनर यजुवेन्द्र ने अच्छी गेंदबाजी की पर उन्हें एक ही विकेट मिल पाया क्योंकि उनके एक ही ओवर में एक कैच और स्टंपिंग का अवसर निकल गया। इस सत्र में चहल की गेंदों पर कुल 16 कैच उछले पर 8 कैच ही पकड़े जा सके। अय्यर ने चहल की प्रशंसा करते हुए कहा, उसने बिना किसी डर के आक्रामक गेंदबाजी की। उससे अपनी गेंदबाजी से दबाव भी बनाया पर हम उसका लाभ नहीं उठा पाये। इस मैच में पंजाब के बल्लेबाज भी उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाये। युवा बल्लेबाज कूपर कोनोली ही टिक पाये। कोनोली ने 59 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए। इस मैच के साथ ही सत्र में पंजाब किंग्स की लगातार तीसरी हार है। टीम अब पांच दिन के आराम के बाद 11 मई को दिल्ली कैपिल्स से खेलेगी। श्रेयस ने कहा है कि अब हमें बचे हुए मैच में अपनी गलतियां सुधारनी होंगी।

## नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर से माफी मांगी, थप्पड़ मारने का था आरोप

रियो डी जेनेरो । स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने 'हद पार कर दी' और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिंग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को 'चेहरे पर जोरदार थप्पड़' मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिंग सेंटर में हुई यह घटना 'पूरी तरह सुलझ गई है'। नेमार ने कहा, 'अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही।' नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं। नेमार ने कहा, 'हां, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियां करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी; मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है - आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है।' रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को 'तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं' और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए 'कई बार' माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी स्थिति थी जिसने मुझे परेशान कर दिया, क्योंकि बचपन से ही वह मेरे आदर्श रहे हैं। हमारे आस-पास के लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं जो सच नहीं होतीं, और यह देखकर दुख होता है कि बात इस हद तक बढ़ गई। लेकिन मैं ठीक हूँ, मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूँ। हमने आपस में बात कर ली है और सब कुछ सुलझ गया है।'



## ईरान की फुटबॉल टीम फीफा विश्वकप शुरु होने दो सप्ताह पहले पहुंच सकती है अमेरिका



तेहरान । ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच आमिर घालेनोई ने कहा कि उनकी फीफा विश्वकप शुरू होने से दो सप्ताह पहले अमेरिका पहुंचने की योजना है। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी। घालेनोई ने कहा कि योजना टीम को विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान को अभी भी दो या तीन अच्छे अभ्यास मैच कराने की जरूरत है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, टीम 16 मई को तुर्किये के लिए रवाना होगी और वहां दो सप्ताह रहेगी। ईरान फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि वे विश्वकप में हिस्सा लेने के बारे में सबसे अच्छा फैसला लेने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबान में 11 जून से 19 जुलाई होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है। टीम 15 जून को लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद 21 जून को उसी जगह पर बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। ईरान का आखिरी ग्रुप मैच 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ होगा।

# सबालेंका बोली, खिलाड़ियों की मांगे नहीं मानी तो टूर्नामेंटों का बहिष्कार तक करेंगे

**रोम (एजेंसी)।** विश्व भर के स्टार टेनिस खिलाड़ी अब टूर्नामेंटों में राशि बढ़ाये जाने की मांग पर अड़ गये हैं। इन खिलाड़ियों ने आगाह किया है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों का बहिष्कार करने के लिए भी मजबूर हो जाएंगे। बेलारुस की महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कहा है कि ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में बड़ी पुरस्कार राशि पाना खिलाड़ियों का अधिकार है और अगर ये नहीं मिलती है तो इसके लिए आंदोलन तक किया जाएगा। इटैलियन ओपन के दौरान उन्होंने साफ कर दिया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो खिलाड़ी टूर्नामेंट का बहिष्कार तक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बिना कोई टूर्नामेंट या मनोरंजन संभव नहीं है, और इसलिए वे निश्चित रूप से अधिक राशि के अधिकारी हैं।

सबालेंका ने यह भी कहा कि किसी समय हम बहिष्कार भी करेंगे। अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने लड़कियों की एकजुटता पर भरोसा जताया, यह कहते हुए कि हम लड़कियां आसानी से एक साथ आ सकती हैं और इसके लिए जा सकती हैं। उनका मानना है कि खिलाड़ियों के साथ कुछ चीजें बहुत गलत हैं और यह स्थिति अपने शीर्ष स्तर पर पहुंचने वाली है।

गौरततब है कि पिछले साल लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों ने चार ग्रैंड स्लैम आयोजकों को दो पत्र भेजे थे, जिसमें पुरस्कार राशि बढ़ाने, संन्यास के बाद और मातृत्व के अवसर पर बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों के कल्याण के लिए भुगतान की मांग की थी। इन पत्रों में टूर्नामेंट के राजस्व में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था, जो मेजर टूर्नामेंट को एटीपी मेन्स टूर और डब्ल्यूटीए टूर द्वारा चलाए जाने वाले नौ संयुक्त 1000-स्तरीय आयोजनों के बराबर लाता है।

हालांकि, महिला एकल में चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने बहिष्कार के फैसले का सही नहीं बताया। स्वियाटेक ने कहा, सबसे जरूरी बात गवर्निंग बॉडीज के साथ सही संवाद और चर्चा है। हमारे पास अपनी बात रखने की जगह होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि फ्रेंच ओपन से पहले इस तरह की बैठक का मौका मिलेगा और उसमें समाधान निकलेगा। खिलाड़ियों ने हाल ही में फ्रेंच ओपन द्वारा पुरस्कार राशि में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा को पर्याप्त नहीं करार दिया है।



## जनगणना-2027 का शुभारंभ: सीएम योगी बोले, यह समग्र और समावेशी विकास का आधार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। हमारी जनगणना, हमारा विकास की भावना के साथ मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का श्रीगणेश किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट किया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है।




सीएम योगी ने कहा कि आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है, और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि यह विकास की धारा में समाज के अंतिम व्यक्ति की समान सहभागिता सुनिश्चित करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना हो रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य होने है। आमजन को 07 से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते है। इसके उपरांत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करने वाले है। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है, साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या करीब 25 करोड़ 70 लाख है। यह व्यापक कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों सहित 1 लाख 4 हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। इस सफल संचालन हेतु लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## दिल्ली मंडल में चेन पुलिंग पर सख्त कार्रवाई: 1483 लोग गिरफ्तार, यात्रियों को चेतावनी

नई दिल्ली(एजेंसी)। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने ट्रेन में अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) के दुरुपयोग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है। इस साल 2026 के शुरुआती चार महीनों में ही 1483 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 2025 में आंकड़ा 5180 था। रेलवे ने चेतावनी दी है कि अनावश्यक रूप से चेन खींचने पर रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत एक साल तक की जेल, 1000 रुपये का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। रेलवे के अनुसार, अलार्म चेन की सुविधा केवल आग लगने, मेडिकल इमरजेंसी, आपराधिक घटना या चढ़ते-उतरते समय हुए गंभीर हादसों जैसी वास्तविक आपात स्थितियों के लिए है। हालांकि, कई यात्री अक्सर अपनी ट्रेन छूटने या बीच रास्ते में उतरने जैसी सामान्य वजहों से इसका दुरुपयोग करते हैं। इससे न केवल संबंधित ट्रेन लेट होती है, बल्कि उसके पीछे चलने वाली अन्य एक्सप्रेस और उपनगरीय ट्रेनों का पूरा शेड्यूल भी बिगड़ता है, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा होती है। दिल्ली रेल मंडल ने उन मार्गों और स्टेशनों की पहचान की है जहाँ यह समस्या सबसे अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद, गुरुग्राम, नई दिल्ली, पानीपत और रोहतक जैसे स्टेशन, और दिल्ली-मुजफ्फरनगर तथा नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र रेल सेक्शन मामले में सर्वाधिक प्रभावित हैं। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि किसी भी समस्या के लिए चेन खींचने के बजाय रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल करें या ऑन-ड्यूटी टीटीई से संपर्क करें ट्रेन की चेन खींचने पर ब्रेक पाइप में हवा का दबाव कम हो जाता है, जिससे लोको पायलट को तीन बार हॉर्न बजाकर ट्रेन रोकनी पड़ती है। ट्रेनों में लगे इमरजेंसी फ्लैशर या गार्ड की जांच से तुरंत पता चल जाता है कि चेन कहाँ से खींची गई है, और रेल पुलिस बिना वजह चेन पुलिंग करने वालों को मौके पर ही पकड़ लेती है। रेलवे ने सभी यात्रियों से जिम्मेदार नागरिक बनने और इस महत्वपूर्ण सुविधा का केवल वास्तविक आपातकाल में ही उपयोग करने का आग्रह किया है।

## जयपुर में रवीना टंडन ने किया पर्यावरण संरक्षण का आह्वान

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्री कल्पतरु संस्था के 31वें वार्षिक समारोह के तहत वृक्ष मित्र सम्मान 2026 का आयोजन हुआ, जिसमें उन लोगों को सम्मानित किया गया जो धरती को हरा-भरा रखने और प्रकृति के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पारंपरिक अंदाज में नजर आईं रवीना टंडन ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों का उत्साह बढ़ाया और प्रकृति बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ और प्रकृति मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं, और इनके बिना भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। अभिनेत्री रवीना ने लोगों से अपील कर कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश हर घर तक पहुंचना चाहिए। उनके मुताबिक, विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की अनदेखी करना आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। रवीना ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ धरती देना हम सभी की जिम्मेदारी है, और विकास तथा पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलना ही समय की सबसे बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उन जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिनके अथक प्रयासों से वृक्षारोपण और पेड़ों के संरक्षण का कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है।

## आंधी-तूफान में दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, कई घायल

करनाल( एजेंसी)। करनाल में रात को आई आंधी तूफान में दो जगह अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। रात को आई आंधी तूफान में दो अलग अलग जगहों पर सड़क हादसे हुए। पहला हादसा घरौंडा के गुढ़ा गांव के समीप हुआ जहां एक बाइक पर चार युवक सवार थे और उनकी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई और बिहार के रहने वाले मोहित (24) की जान चली गई तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं दूसरा हादसा जीटी रोड पर तरावड़ी के समीप हुआ। जहां एक कैंटर सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया, कैंटर चालक कैंटर के केबिन में फंस गया और उसकी मौत हो गई, फिलहाल कैंटर चालक कहां का है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस जांच कर रही है।

## कच्छ के क्रीक इलाके में मिली लावारिस पाकिस्तानी नाव, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के कच्छ जिले के संवेदनशील तटीय क्षेत्र में बुधवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी नाव लावारिस हालत में मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सूत्रों के अनुसार यह नाव भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा के पास स्थित क्रीक इलाके में पाई गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और जांच एजेंसियां मामले की गहन पड़ताल में जुट गई हैं। जानकारी के मुताबिक बीएसएफ के जवान नियमित गश्त पर थे, तभी उन्हें क्रीक क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में एक नाव दिखाई दी। जवानों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाव की तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में नाव से मछली पकड़ने से जुड़ा सामान बरामद हुआ है। हालांकि अब तक किसी प्रकार की संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि नाव किस परिस्थिति में भारतीय सीमा तक पहुंची और इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। नाव को कब्जे में लेकर तकनीकी और फॉरेंसिक जांच भी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि समुद्री सीमा के पास स्थित क्रीक क्षेत्र अक्सर घुसपैठ और अवैध गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार भारतीय मछुआरों को अरब सागर के क्रीक इलाके में जाने की अनुमति नहीं है, लेकिन कई बार पाकिस्तानी मछुआरे मछली पकड़ने के लिए भारतीय सीमा में घुस आते हैं। ऐसे मामलों में सुरक्षा बलों की गश्ती टीम को देखकर पाकिस्तानी मछुआरे अपनी नाव छोड़कर वापस पाकिस्तान की ओर भाग जाते हैं। घटना के बाद समुद्री और तटीय क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां आसपास के इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।

## 1200 करोड़ की कोडीन तस्करी मामले में 6 के खिलाफ चार्जशीट

लखनऊ (एजेंसी)। एसटीएफ ने बहुचर्चित कोडीन कफ सिरप तस्करी सिंडिकेट मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए, जीआर ट्रेडिंग के मालिक विभोर राणा सहित छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह गिरोह 2019 से सक्रिय था और इसने 1200 करोड़ रुपए से अधिक के सिरप की तस्करी को अंजाम दिया। चार्जशीट में विभोर राणा के अतिरिक्त सचिन कुमार (मारुति मेडिकोज), अभिषेक शर्मा (एबी फार्मास्यूटिकल), विशाल सिंह, बिट्टू कुमार और शुभम शर्मा के नाम शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह ने 400 करोड़ रुपए के सिरप खरीदकर उन्हें 1200 करोड़ रुपए से अधिक में बेचा। तस्करी का यह जाल नेपाल और बांग्लादेश तक फैला था, जिसके बैंक खातों और मार्गों की विस्तृत जानकारी मिली है। मामले में बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह सहित तीन अन्य पहले से जेल में हैं। एसटीएफ जल्द ही पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। विदेश में छिपे शुभम जायसवाल समेत तीन के पासपोर्ट निरस्त कर लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उन्हें वापस लाने की कवायद जारी है।

## फतेहपुर गैंगरेप मामले में मुख्य आरोपी भूत पुलिस मुठभेड़ में घायल

फतेहपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मंगेतर के साथ घूमने गई युवती से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी बबलू सिंह उर्फ भूत को पुलिस ने एक मुठभेड़ में घायल कर दिया है। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह पिछले 12 दिनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खागा गैंगरेप का मुख्य आरोपी बबलू सिंह उर्फ भूत खागा क्षेत्र में छिपा हुआ है। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई जवाबी कार्रवाई में बबलू सिंह के दोनों पैरों में गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और 1600 रुपये नकद बरामद किए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है। दरअसल, 24 अप्रैल को खागा क्षेत्र में ससुर खदेरी नदी के पास एक युवती से उसके मंगेतर के सामने गैंगरेप किया गया था।

## आय छिपाने का मामला: हाईकोर्ट में थलापति विजय के खिलाफ याचिका दायर

**-एफआईआर दर्ज करने की मांग**



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की राजनीति में आए बड़े बदलाव के बीच सुपरस्टार थलापति विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के लिए नई कानूनी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। एक ओर जहां विजय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और हाल ही में उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है, वहीं दूसरी ओर मद्रास हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर एक रिट याचिका दायर की गई है।

यह याचिका चेन्नई निवासी एम. राजकुमार द्वारा दाखिल की गई है, जिसमें अभिनेता विजय पर साल 2015 के दौरान अपनी वास्तविक आय और वित्तीय लेन-देन छिपाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह विवाद मुख्य रूप से उनकी फिल्म पुली की रिलीज के समय का है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि आयकर विभाग विजय के खिलाफ आधिकारिक अभियोजन शुरू करे और कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करें। साथ ही, यह भी अनुरोध किया गया है कि आयकर विभाग जब्त की गई सामग्रियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपे ताकि मनी लॉन्ड्रिंग के संभावित पहलुओं की जांच की जा सके। मद्रास हाईकोर्ट की रजिस्ट्री ने बुधवार को इस रिट याचिका को नंबर दे दिया है और जल्द ही इस पर सुनवाई होने की संभावना है। इससे पहले, मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने 8 अप्रैल को रजिस्ट्री को इस याचिका को स्वीकार करने के निर्देश दिए थे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सत्ता संभालने की तैयारियों के बीच विजय के खिलाफ इन पुराने मामलों का फिर से उभरना उनके भविष्य के समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। फिलहाल, सभी की निगाहें हाईकोर्ट के अगले रुख पर टिकी हैं। मामले की जड़ें 30 सितंबर 2015 को आयकर विभाग द्वारा विजय के आवास और कार्यालयों पर की गई छापेमारी से जुड़ी हैं। विभाग को तलाशी के दौरान ऐसे दस्तावेज मिले थे जिनसे संकेत मिला कि पुली के निर्माताओं ने विजय को चेक के माध्यम से दी गई फीस के अलावा 4.93 करोड़ रुपये नकद दिए थे। उस समय मेकर्स ने केवल चेक की राशि पर टीडीएस जमा किया था। पूछताछ के दौरान विजय ने कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये नकद लेने की बात स्वीकार की थी और उस पर टैक्स देने की सहमति जताई थी। विवादों को सुलझाने के लिए विजय ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए 15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय घोषित की थी। हालांकि, बाद में जब उन्होंने अपनी आय का रिटर्न दाखिल किया, तो उन्होंने फैंस क्लब के खर्चों और संपत्तियों के अवमूल्यन पर छूट की मांग की। आयकर विभाग ने इन दावों को खारिज करते हुए उन पर जुर्माना लगा दिया था।

## अस्थमा में ओरल स्टेरॉयड का सेवन हो सकता है घातक उचित खान पान बचा सकता है अस्थमा अटैक : एस के पाठक

एजेंसी

**वाराणसी :** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अस्सी वाराणसी द्वारा विश्व अस्थमा दिवस के उपलक्ष में गुरुद्वारा प्रांगण, सुभाष नगर, मुगलसराय में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 165 लोगों की स्वास्थ्य जांच ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वास टी.बी, एलर्जी एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के पाठक के नेतृत्व में किया गया क इस शिविर में अस्थमा सम्बंधित बचाव/ सुझाव/ व निःशुल्क परामर्श का आयोजन किया गया क

डॉ. पाठक ने बताया - "इस बार ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा ने इस खास दिन की थीम को नाम दिया है -"Asthma Education Empowers" अर्थात "अस्थमा सम्बंधित शिक्षा सशक्त बनाती है"। GINA अस्थमा से पीड़ित लोगों को उनकी बीमारी का प्रबंधन करने के लिए उचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाने और चिकित्सा सहायता कब लेनी है, इसकी पहचान करने की आवश्यकता पर जोर देती है। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अस्थमा से निरंतर टालने योग्य रुग्णता और मृत्यु दर और अस्थमा के प्रभावी प्रबंधन पर प्रकाशित साक्ष्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कहा जाता है, ताकि वे अपने रोगियों के लिए विश्वसनीय जानकारी और इष्टतम उपचार प्रदान करने में सक्षम हों।







डॉ. पाठक ने बताया - "विश्व अस्थमा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य, विश्व भर के लोगों को अस्थमा बीमारी के बारे में जागरूक कराना है । अस्थमा के लक्षण व्यक्ति विशेष के अनुसार बदल सकते हैं। वैसे सामान्य रूप से अस्थमा के निम्न लक्षण दिखाई देते हैं: छाती में जकड, रात में और सुबह कफ की शिकायत होना, श्वास नली में हवा का प्रवाह निर्बाध रूप से न होना, सांस लेने में कठिनाई या सांस उखडा, सांस लेते हुए घरघर की आवाज करना, खांसी, प्रारंभ में ये लक्षण मौसम में बदलाव या अत्यूधिक गर्मी या अत्यधिक सर्दी में दिखाई देते हैं लेकिन अगर इनका ठीक प्रकार से उपचार न कराया जाये तो यह अधिक गंभीर हो जाते हैं और पूरे वर्ष दिखाई देते हैं। ब्रेथ ईजी के श्वास, टी.बी, एलर्जी एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ स्वप्निल पाठक ने बताया कि - "अस्थमा में मुख्यतः श्वांस नलियों में सूजन हो जाता हैं, जिसके कारण बाद में उन नालियों में सिकुडन भी हो जाता हैं, जो साधारण दवाइयों से नही ठीक हो पता हैं कइसके लिए एक विशेष प्रकार की थेरेपी का इस्तमाल किया जाता हैं, जिसे इन्हेलेशन थेरेपी कहतें हैं क अस्थमा की बीमारी फेफड़ो से सम्बंधित हैं, इसलिए इसमें इन्हेलेशन थेरेपी का ही उपयोग होना चाहिए जोकि सीधे फेफड़ो में जाकर अपना काम करती हैं, जिससे अस्थमा के मरीज को 2-3 मिनट में ही आराम मिल जाता हैं।

डॉ पाठक ने आगे बताया-"दमा के मरीज को डाइट और लाइफस्टाइल का बहुत ख्याल रखना पड़ता है, जरा सी लापरवाही से मरीज की जान मुश्किल में आ जाती है। आजकल बहुत कम उम्र में बच्चे भी अस्थमा से प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ता प्रदूषण और कमजोर इम्यूनिटी इसकी वजह बन रहे हैं, हालांकि अपने स्वास्थ्य के हिसाब से भोजन लिया जाए तो इसे काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।" डॉ पाठक आगे बताते हैं कि - जिन लोगों को अस्थमा की समस्या है, उन्हें अपनी डाइट में ब्रोकली, जामुन, केला, पत्तेदार साग, खरबूजे, और एवोकाडो को जरूर शामिल करना चाहिए। ये फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार कर सकते हैं। अस्थमा के मरीजों के लिए मैग्नीशियम काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह फेफड़ों को स्वस्थ रखने में काफी मददगार है। डॉ पाठक ने ये भी बताया कि अस्थमा मरीजों को चावल, फ्राई चीजें, ठंडी चीजों और दही नहीं खाना चाहिए। डॉ पाठक ने अंत में बताया ये पूरा सप्ताह अस्थमा वीक डे रहेगा जिसमे 6 मई को घाटों पर ब्रेथ ईजी टीम फेफड़ो की जांच निशुल्क करेगी, तथा 7,8 एवं 9 मई को ब्रेथ ईजी द्वारा मोबाइल कैंप का आयोजन भी किया जायेगा जिसमे ब्रेथ ईजी वैन वाराणसी के प्रमुख चौराहों पर जा कर लोगो की फेफड़ों की जांच करेगी। ब्रेथ ईजी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ स्वप्निल पाठक, डॉ साक्षी पाठक, डॉ शिवांगी पाण्डेय एवं डॉ दिवाकर ने मरीजों का जांचा और सलाह प्रदान की ।

## बंगाल में बीजेपी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में 4,000 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**-ग्राउंड के प्रवेश द्वारों पर डोर-फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंडहेल्ड स्कैनर लगाए जाएंगे**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में बीजेपी की पहली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए इस मैदान को प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए करीब 30 सेक्टरों में बांटा गया है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में करीब 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। प्रत्येक सेक्टर की निगरानी पुलिस उपायुक्त या सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने बताया कि जरुरत पड़ने पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भी तैनाती की जा सकती है। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार में वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक कर इस कार्यक्रम की सुरक्षा रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। समारोह में भारी भीड़ जुटने की संभावना है। प्रवेश द्वारों पर डोर-फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंडहेल्ड स्कैनर लगाए जाएंगे, जबकि पूरे स्थल की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।

अधिकारी ने बताया कि व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं कि मैदान के अंदर कोई प्रतिबंधित या खतरनाक वस्तु न लाई जा सके। आसपास की इमारतों की छतों से भी निगरानी की जाएगी। पुलिस ने बताया कि यातायात जाम से बचने के लिए शनिवार को इलाके में यातायात प्रतिबंध लागू किए जा सकते हैं और मार्ग परिवर्तन भी किया जा सकता है।

## 'दीदी आप हारी नहीं', ममता बनर्जी को हौसला देकर बोले अखिलेश यादव, बीजेपी के खिलाफ लड़ाई रहेगी जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया। अखिलेश ने ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से कोलकाता स्थित टीएमसी अध्यक्ष के आवास पर मुलाकात की। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, टीएमसी के आधिकारिक सूत्रों ने अखिलेश यादव से कहा कि दीदी, आप हारी नहीं हैं।

उन्होंने आगे बताया कि ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी से मुलाकात के दौरान, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अभिषेक से कहा, ''आप सभी ने कितनी सराहनीय लड़ाई लड़ी है।'' अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में जो हुआ है, उससे लोकतंत्र को नष्ट करने का रास्ता मिल गया है। शायद ही किसी ने लोकतंत्र को इतना नुकसान पहुंचाया हो जितना भाजपा ने। वे कभी किसी महिला के उत्थान को नहीं देख सकते। यहां मतदान तो हुआ है, लेकिन लोगों ने अपनी इच्छा से ज़्यादा दबाव में आकर मतदान किया है। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी एकता के प्रति अपना समर्थन दोहराया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद ममता बनर्जी ने इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने का संकल्प लिया है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 207 सीटें जीतकर दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया और टीएमसी के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की सीटें घटकर 80 रह गईं। पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह नौ मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जो दशकों तक राजनीतिक हाशिये पर रहने के बाद राज्य में भगवा खेमे के सत्ता में आने का प्रतीक होगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, हालांकि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह अब भी रहस्य बना हुआ है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को इस पद के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वप्न दासगुप्ता के नाम भी इस दौड़ में शामिल हैं।

## पंजाब चुनाव में 10 महीने बचे हैं, अब नई जंग में पूरी तैयारी के साथ कूद पड़ो

**-राघव चड्ढा एपिसोड और बंगाल चुनाव नतीजे केजरीवाल को करने लगे परेशान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के विधायकों को याद दिलाया है कि पंजाब विधानसभा चुनाव में महज 10 महीने बचे हैं। मतलब, नई जंग में पूरी तैयारी के साथ कूद पड़ना है। बचे हुए वक्त में सारे ही चुनावी वादे पूरे करने की कोशिश है। चुनावी वादों के हिसाब से देखें तो दिल्ली में कुछ अधूर वादे रह गए थे। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले ही अरविंद केजरीवाल ने कई चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया था। 2025 के दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल ने यह भी माना था कि दिल्ली में तीन काम उनसे अधूरे रहे गए. एक- यमुना की सफाई, दो-साफ हवा और तीसरा-दिल्ली की सभी कॉलोनियों में साफ पानी पहुंचाना।

बता दें असल में राघव चड्ढा एपिसोड और पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे, केजरीवाल को परेशान करने लगे हैं। दिल्ली की हार के दर्द से अभी पूरी तरह राहत भी नहीं मिली थी कि राघव चड्ढा ने नया दर्द दे दिया और पश्चिम बंगाल के नतीजे तो लगता है कुछ ज्यादा ही असर डाल रहे हैं। पंजाब के आप विधायकों से मुलाकात में केजरीवाल ने टीएमसी नेता ममता बनर्जी और दिल्ली चुनाव में अपनी हार को मिलता जुलता करार दिया और अब पंजाब को लेकर भी केजरीवाल को बंगाल जैसी ही आशंका सता रही है। लिहाजा आम आदमी पार्टी के विधायकों को अभी से अलर्ट मोड में डाल दिया है।

बता दें राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों ने हाल ही में आम आदमी पार्टी से बगावत किया, और बीजेपी में शामिल हो गए। बाद में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले और बीजेपी में शामिल होने वाले सभी सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की। बात सिर्फ राघव चड्ढा और साथियों के अरविंद केजरीवाल की बनाई लक्ष्मण रेखा लांघने की नहीं है, उसके आगे खतरे और भी हैं जो आप को भारी पड़ सकते हैं और जरूरी नहीं कि नुकसान आने वाले पंजाब चुनाव में ही नुकसान हो, पहले भी संभव है।

रिपोर्ट के मुताबिक आम आदमी पार्टी के विधायकों से बातचीत के आधार पर एक रिपोर्ट फाइल की है। बातचीत में विधायकों ने आप के अंदर पड़ी दरार और कलह के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, विधायकों के सामने चुनौतियों और उनकी समस्याओं का भी पता चला है। ध्यान देने वाली बात यह है कि विधायकों के मुताबिक ज्यादातर समस्याएं राघव चड्ढा और संदीप पाठक के आम आदमी पार्टी छोड़ देने के बाद पैदा हुई हैं।

आम आदमी पार्टी के एक विधायक ने संवादहीनता की तरफ इशारा किया। विधायक का कहना था, हमारे पास अपनी बात रखने के लिए कोई मंच नहीं है। हमें चुप रहने को कहा जाता है। लीडरशिप को जमीन पर क्या हो रहा है, उसकी पूरी जानकारी नहीं है। कई विधायकों का कहना है कि लीडरशिप तक अपनी बात पहुंचाना मुश्किल है। लीडरशिप तक सीमित पहुंच के कारण, पार्टी वालंटियर्स में असंतोष बढ़ा है। विधायकों की शिकायत है कि पार्टी के सत्ता में आने के फौरन बाद ही निराशा का दौर शुरू हो गया था, क्योंकि वालंटियर्स को तभी से किनारे कर दिया गया।

विधायकों का मानना है कि 7 में से सिर्फ दो सांसद ही संगठन की पृष्ठभूमि के थे, राघव चड्ढा और संदीप पाठक। विधायकों का सवाल है, बाकियों को क्यों चुना गया? और शिकायत है, सरकार बनने के बाद हुए उपचुनावों में भी जमीनी कार्यकर्ताओं के बजाय दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को टिकट दिया गया।



विधायकों की बातचीत से मालूम होता है कि ऊपर से जो कुछ लग रहा है, आम आदमी पार्टी पर खतरा कहीं ज्यादा है. क्योंकि, राघव चड्ढा और संदीप पाठक का पंजाब में पूरे संगठन पर अच्छा खासा प्रभाव था और यह बात पंजाब में नेताओं को शुरू से ही महसूस होती रही है। मालूम होता है कि पंजाब में असंतोष मनीष सिसोदिया के प्रभारी बन जाने के बाद बढ़ा है। संदीप पाठक के एक सहयोगी का कहना है कि पंजाब प्रभारी के पद से उनको हटाया जाना मुसीबत की जड़ था। दिल्ली की हार के बाद अरविंद केजरीवाल को पंजाब की चिंता सताने लगी थी और मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाए जाने की एक वजह यह भी थी. हां, उनको एडजस्ट भी तो करना था। यही बात संदीप पाठक को बुरी लगी, और राघव चड्ढा ने उनके मनमाफिक सपना दिखा दिया। अरविंद केजरीवाल हाथ मलते रह गए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902